लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 03 अगस्त, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 289 www.janexpresslive.com/epaper



अमेरिका के साथ एफ-35 लड़ाकू विमानो... 12

# सिंदूर के बदले का वचन पूरा : मोदी

## टैरिफ वॉर के बीच कहा, वही खरीदेंगे-बेचेंगे जिसे बनाने में भारतीय का पसीना बहा

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

पीएम नरेंद्र मोदी ने काशी में कहा- मैंने बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो पूरा हो गया। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो हमारी मिसाइलें आतंकियों को तबाह कर देंगीं। उन्होंने कहा- भारत पर वार करने वाला दुश्मन पाताल में भी नहीं बचेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के स्वेदशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखीं। ड्रोन, मिसाइलें, एयर डिफेंस ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया है। पाकिस्तान में तो इतना खौफ है कि ब्रह्मोस की आवाज भी आ जाए तो पाकिस्तान को नींद नहीं आती है। पीएम ने अमेरिका का बिना नाम लिए टैरिफ पर भी बयान दिया। कहा- हम उन चीजों को खरीदेंगे, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि मेक इन इंडिया प्रोडक्ट को बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो भी नया सामान आया, वो स्वदेशी ही होगा। ये जिम्मेदारी हर नागरिक को ही लेनी होगी। मैं दुकानदार भाइयों से आग्रह करता हूं, जब दुनिया इस तरह की अस्थिरता से गुजर रही है तो हम सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। पीएम ने 54 मिनट तक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने काशी में 2,200 करोड़ रुपए के 52 प्रोजेक्ट लॉन्च किए। साथ ही देशभर के किसानों के लिए सम्मान निधि की 20वीं किस्त के 20,500 करोड़ रुपए जारी किए। यह मोदी का प्रधानमंत्री रहते 51वां और तीसरे कार्यकाल में तीसरा दौरा है।




### योगी बोले, पहलगाम के आतंकियों को मिट्टी में मिलाकर पीएम का काशी आगमन हुआ

योगी ने कहा- प्रधानमंत्री की आज काशी में उपस्थिति सावन में ऐसे समय में हुई है, जब पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की ताकत का एहसास किया। पहलगाम के आतंकियों को मिट्टी में मिलाकर दुश्मन के घर में घुसकर उनका खात्मा करने का काम ये नया भारत करता है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री का आगमन काशी की धरती पर हुआ है। मोदी से पहले योगी ने जनसभा को संबोधित किया। ऊं नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव... का जयकारा लगाया। कहा- पवित्र सावन माह में काशी एक वैश्विक पहचान दे रही है। ऐसे काशी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का काशीवासियों की ओर से मैं स्वागत करता हूं।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता महादेव को समर्पित

मोदी ने कहा- काशी के मेरे मालिक जनता-जनार्दन...सावन का महीना हो, काशी हो... देशभर के किसानों से जुड़ना हो। इससे बड़ा मौका क्या हो सकता है। आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं। जब 22 अप्रैल को पहलगाम में हमला हुआ था। 26 निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उनके परिवार की पीड़ा, उन बेटियों की वेदना...मेरा हृदय बहुत तकलीफ से भर गया। तब मैं बाबा विश्वनाथ से यही मना रहा था कि सभी पीड़ित परिवार को यह दुख सहने की हिम्मत दें। काशी के मेरे मालिकों मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो भी पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ है। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं।

### 'बहुत इच्छा थी कि सावन में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करूं'

मोदी ने कहा- इन दिनों काशी में गंगाजल लेकर जाते हुए शिव भक्तों की तस्वीरें देखने को मिलती हैं। खासकर सावन के पहले सोमवार को जब हमारे यादव बंधु बाबा का जलाभिषेक करने निकले तो उनका समूह कितना मनोरम होता है। डमरू की आवाज गलियों में कोलाहल की अद्भुत भाव प्रकट करता है। मेरी भी बहुत इच्छा थी कि सावन में बाबा विश्वनाथ और मार्कण्डेय महादेव के दर्शन करूं, लेकिन मेरे वहां जाने से महादेव के भक्तों को असुविधा न हो, इसलिए मैं आज यहीं से भोलेनाथ और मां गंगा को प्रणाम कर रहा हूं। हम सेवापुरी के ई-मंच से बाबा विश्वनाथ के प्रणाम करत हईं। नमः पार्वती पतये, हर-हर महादेव।

### कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है। क्या सिंदूर को कोई तमाशा कह सकता है। हमारी सेना का पराक्रम और बहनों के सिंदूर का बदला... तमाशा कहने की ये हिम्मत...ये निर्लज्जता...वोटबैंक और तुष्टीकरण की इस राजनीति में सपा भी पीछे नहीं है। सपा के नेता संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकियों को अभी क्यों मारा? अब बताइए, मैं फोन करके इनसे पूछूं। ये वही लोग हैं जब यूपी में सत्ता में थे तो आतंकियों को क्लीनचिट देते थे। बम धमाके करने वालों से मुकदमे वापस लेते थे।

### ये नया भारत, दुश्मनों के लिए काल भैरव बन जाता है

मैं काशी की धरती से कहना चाहता हूं। ये नया भारत है। भोलेनाथ को भी पूजता है। दुश्मनों के सामने काल भैरव भी बन जाता है। विरोधी संसद में कह रहे थे कि पहलगाम के आतंकियों को क्यों मारा? क्या सपा वालों को फोन करूं क्या? क्या आतंकियों को भागने का मौका देना चाहिए था?

### कांग्रेस-सपा वाले आतंकियों की हालत देखकर रोते हैं...

पाकिस्तान के कई सारे एयरबेस आज भी आईसीयू में पड़े हैं। पाकिस्तान दुखी है। ये तो सब कोई समझ सकता है, लेकिन पाकिस्तान का ये दुख सपा और कांग्रेस से सहन नहीं हो रहा। उधर, आतंक का आका रोता है। इधर कांग्रेस-सपा वाले आतंकियों की हालत देखकर रोते हैं। कांग्रेस हमारी सेनाओं के पराक्रम का लगातार अपमान कर रही है।

### लखपति दीदी का आंकड़ा सुनकर सपा वाले भाग जाएंगे

मोदी ने कहा-हमारा देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। अब तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा लखपति दीदी बन चुकी हैं। लक्ष्य का आधा काम पूरा कर लिया। ये आंकड़ा सुनकर सपा वाले साइकिल लेकर भाग जाएंगे। सरकार के ड्रोन दीदी अभियान ने लाखों लोगों की आय बढ़ाई है।

### पाक ने फिर पाप किया तो मिसाइलें तबाह करेंगी

अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो यूपी में बनी मिसाइलें आतंकियों को तबाह कर देंगीं। आज यूपी इतनी तेजी से विकास कर रहा है। सपा के समय में यूपी में अपराधी बेखौफ थे। निवेशक यूपी आने से डरते थे। भाजपा की सरकार में अपराधियों में खौफ है। आज निवेशक यूपी में भरोसा देख रहे हैं।

### काले कपड़े पहनकर आए लोगों की नो-एंट्री

पीएम की जनसभा में काली शर्ट पहनकर आए लोगों को एंट्री नहीं मिली। सपा नेता अजय फौजी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया- पुलिस ने मुझे घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस चौकी पर बैठाया है। इसके अलावा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र यादव मलिक को रामनगर पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया है।

### दिव्यांग बबली को मोदी ने चश्मा पहनाया

काशी के 2000 से अधिक दिव्यांगों को मोदी ने सहायक उपकरण बांटे। कुछ दिव्यांगों को मोदी ने मंच पर बुलाकर सहायक उपकरण दिया। आंख से दिव्यांग बबली को मोदी ने नो विजन चश्मा दिया। बबली को मोदी ने खुद चश्मा पहनाया। उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। बात की और हाथ जोड़कर बबली का अभिवादन किया।

# इलाज की आड़ में कत्ल

## सांस की जगह मौत... और डॉक्टर की जगह धोखा

### बॉम्बे हॉस्पिटल में चल रहा है 'एमडी' के नाम पर मौत का कारोबार, कौन रोकेगा ये नाटक?

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यह अस्पताल नहीं, एक ज़िंदा लाशों का कारखाना है। यह डॉक्टर नहीं, मौत के सौदागर हैं और यह इलाज नहीं, एक सुनियोजित साजिश है इंसानियत के खिलाफ जहां मरीज इलाज की आस लेकर पहुंचते हैं, वहां उनके भरोसे का पोस्टमार्टम हो रहा है। नाम है बॉम्बे हॉस्पिटल लेकिन असलियत सुनकर आपका दिल दहल जाएगा।




### 'फेफड़ों का इलाज' नहीं, फेफड़ों पर हमला!

बाहरी दीवारों पर चमचमाते पोस्टर, अस्थमा, टीबी, एलर्जी, ब्रोंकाइटिस का बेहतरीन इलाज पर अंदर कोई चेस्ट फिजिशियन नहीं। न कोई फेफड़े का स्पेशलिस्ट, न एमडी मेडिसिन, न पल्मोनोलॉजिस्ट सिर्फ एक नाम- डॉ. जावेद, जिनकी डिग्री है बीएएमएस यानी आयुर्वेद, लेकिन बोर्ड पर लिखा है- बीएएमएस (एमडी), जो न मेडिकल काउंसिल मानता है, न भारत का कानून। क्या अब मौत को डिग्री पहनाकर बेचा जा रहा है?

### जवाब देना पड़ेगा डॉक्टर, जब डॉक्टर ने पत्रकार से कहा, 'तुमसे मतलब?'

- जब जन एक्सप्रेस ने हॉस्पिटल के मैनेजमेंट से बात करनी चाही, तो फोन उठाया डॉ. जीशान, जो खुद को एमडी बताते हैं। पूछा गया, डॉ. जावेद की डिग्री क्या है?
- तो वो तिलमिला गए, सवाल सुनते ही भड़क उठे। पत्रकार से बोले, आपसे मतलब और फिर फोन काट दिया। ये लहजा उस इंसान का है, जो जवाबदेही से डरता है। जो जानता है कि उसके अस्पताल में सबकुछ है सिवाय कानून और नैतिकता के।

### ऑपरेशन टेबल पर भरोसे की लाशें

जन एक्सप्रेस की तहकीकात में सामने आया, इस तथाकथित हॉस्पिटल में ऑपरेशन हो रहे हैं, सर्जरी हो रही है, प्रसव कराए जा रहे हैं, आईसीयू में एलोपैथिक दवाएं दी जा रही हैं। लेकिन सवाल ये है किस हक से

- क्या एक बीएएमएस डॉक्टर को एलोपैथिक दवा लिखने की अनुमति है?
- क्या वह स्किन सर्जरी, चेस्ट ट्रीटमेंट, आईसीयू वेंटिलेशन कर सकता है?
- उत्तर है-नहीं!
- लेकिन बॉम्बे हॉस्पिटल में 'ना' का कोई मतलब नहीं है। यहां कानून का मुंह काला है और मरीजों की सांसें बेआवाज़ लुट रही हैं।

### सीएमओ ऑफिस की चुप्पी : लापरवाही या हिस्सेदारी?

इतना बड़ा मेडिकल फ्रॉड, खुलेआम पोस्टरों पर, सोशल मीडिया पर, हॉस्पिटल की दीवारों पर फिर भी सीएमओ लखनऊ डॉ. एन बी सिंह की आंखें मूंदी हैं। जन एक्सप्रेस ने जब उन्हें कॉल कर बात करनी चाही, तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। क्या उनकी चुप्पी सिर्फ लापरवाही है या कुछ और गहरा?

### ये इंसाफ की मांग नहीं, इंसानियत की पुकार है

यह अस्पताल नहीं, उम्मीदों की कब्रगाह है। जहां किसी मां ने लोन लेकर अपने बच्चे का इलाज शुरू कराया, जहां किसी बुजुर्ग ने आखिरी सहारा समझ कर इस दरवाज़े को खटखटाया... वहीं, एक झूठी डिग्री ने उनकी सांसें छीन लीं।

### हकीकत की हिम्मत

हम खबर का पर्दा नहीं करते, हम सच की चादर खींचते हैं चाहे कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो। इस मेडिकल माफिया को अब जवाब देना होगा। बॉम्बे हॉस्पिटल — अब तुम सवालों के आईसीयू में हो!

### जन एक्सप्रेस की खुली मांग, अब यह हॉस्पिटल बंद हो

- बॉम्बे हॉस्पिटल को तत्काल सील किया जाए।
- डॉ. जावेद की डिग्री और मेडिकल रजिस्ट्रेशन सार्वजनिक किया जाए।
- फर्जीवाड़ा साबित होने पर सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी हो।
- सीएमओ ऑफिस की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो क्या किसी अधिकारी की मिलीभगत है?

### अब चुप रहना पाप है!

अगर आज एक फर्जी डॉक्टर को माफ किया गया, तो कल किसी और के बेटे की धड़कन बंद होगी। अब वक्त है मौत के इस खेल को बेनकाब करने का फर्जी डॉक्टरों को सलाखों के पीछे भेजने का और भरोसे को फिर से जिंदा करने का!

## उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ में बड़ा हादसा: डैम साइट पर चट्टान गिरने से 12 मजदूर घायल

जन एक्सप्रेस। जोशीमठ/चमोली

उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ क्षेत्र में स्थित टीएचडीसी की निर्माणाधीन विष्णुगाड़ पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के हेलंग डैम साइट पर शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। सुबह करीब 11 बजे अचानक पहाड़ी का एक हिस्सा टूटकर गिर पड़ा, जिससे वहां काम कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई।

**12 मजदूर घायल, 4 की हालत गंभीर:** हादसे में कुल 12 मजदूर घायल हुए हैं, जिनमें से 8 को प्राथमिक उपचार के बाद राहत कैंप भेजा गया है। वहीं, गंभीर रूप से घायल 4 मजदूरों को पीपलकोटी स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 3 मजदूरों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है, जिन्हें तत्काल स्वामी विवेकानंद अस्पताल पीपलकोटी रेफर किया गया। एक अन्य गंभीर रूप से घायल मजदूर को बेहतर इलाज के लिए श्रीनगर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

**हादसे के वक्त 40 से 50 मजदूर कर रहे थे काम:** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त डैम साइट पर करीब 40 से 50 मजदूर काम में जुटे हुए थे। स्थानीय पुलिस और बचाव दल को सूचना मिलते ही मौके पर रवाना किया गया। पुलिस बल द्वारा तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से टीएचडीसी प्रबंधन ने डैम साइट से सभी मजदूरों को हटाकर कार्य को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया है।

# किराए के विवाद की आड़ में रंगदारी

## धमकी और चरित्र हनन का खेल

- पीड़ित पत्रकार को साजिशन फंसाने की कोशिश, लेकिन पारा पुलिस अब भी खामोश क्यों?

जन एक्सप्रेस। लखनऊ





पारा थाना क्षेत्र में किराये के विवाद की एक मामूली सी बात ने अब संगठित रंगदारी और पुलिस संरक्षण में फल-फूल रहे एक गहरे षड्यंत्र का भंडाफोड़ कर दिया है। पीड़ित दिव्यांशु बाजपेई और पत्रकार वीरेन्द्र कुमार की ओर से लगाए गए आरोपों ने न सिर्फ स्थानीय कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है, बल्कि यह भी उजागर कर दिया है कि कैसे कुछ लोग खुद को पत्रकार बताकर और पुलिस से मिलीभगत करके आम लोगों की जिंदगी बर्बाद करने पर तुले हैं। कट्टर बांगरमऊ निवासी दिव्यांशु बाजपेई ने बताया कि वह पिंक सिटी में किराए के मकान में रह रहा था और मकान मालिक अरविंद राजदेश से उसके बीच पैसों को लेकर विवाद था। 15 मई 2023 को दोनों के बीच समझौता हुआ, जिसके तहत 9 जून तक दिव्यांशु को 4.92 लाख रुपये चुकाने थे। लेकिन तय समय पर पैसे न चुकाने की स्थिति में विवाद भड़क गया। इसी बीच एक नामचीन चेहरा सामने आता है – विमल शर्मा, जो खुद को पारा पुलिस का आदमी बताकर 10,000 रुपये की जबरन वसूली करने लगता है। जब दिव्यांशु ने इस घटनाक्रम को मीडिया में उठाने की कोशिश की तो विमल शर्मा ने खुली धमकी दी कि अगर उसने मुंह खोला तो उस पर झूठा छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करवा देगा। यह कोई मामूली धमकी नहीं थी, बल्कि एक सोची-समझी साजिश की झलक थी।

### सवालों के घेरे में पारा पुलिस

- आखिर क्या वजह है कि विमल शर्मा जैसे व्यक्ति पर कार्रवाई करने से पारा पुलिस बचती रही है?
- क्या पुलिस संरक्षण में चल रही यह वसूली और ब्लैकमेलिंग की फैक्ट्री इतनी मजबूत हो चुकी है कि आम आदमी की आवाज भी दबा दी जाती है?
- जन एक्सप्रेस इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाने की मांग करता है। साथ ही यह भी स्पष्ट करता है कि अगर प्रशासन ऐसे साजिशकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई नहीं करता, तो जनता का भरोसा कानून-व्यवस्था से पूरी तरह उठ जाएगा।
- अब चुप रहना विकल्प नहीं है, वरना कल किसी और का नंबर होगा।

### पत्रकार की जिंदगी तबाह करने की साजिश

इस मामले की कड़ियां जुड़ती हैं पत्रकार वीरेन्द्र कुमार से, जो इस समय गहरे सदमे में हैं। सूत्रों की मानें तो विमल शर्मा, जो खुद को पत्रकार बताकर लोगों पर रौब जमाता है, असल में वर्षों से पारा पुलिस का कथित दलाल बना हुआ है। बुद्धेश्वर चौराहे पर चलने वाले ऑटो-टेम्पो से प्रति वाहन 1300 रुपये महीने की अवैध वसूली करता है, और इस वसूली के पीछे पुलिस की मिलीभगत का नाम लेकर ठगी करता है। वर्ष 2023 में पारा थाने में विमल शर्मा के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 0252 दर्ज हुआ था, जिसे कई प्रमुख समाचार पत्रों ने प्रमुखता से उठाया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि उस मुकदमे में आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। अब एक बार फिर विमल शर्मा ने अपने कथित दोस्त और पत्रकार वीरेन्द्र कुमार को निशाना बनाया है। आरोप है कि दो लाख रुपये की रंगदारी नहीं मिलने पर उसने वीरेन्द्र का अश्लील वीडियो बनवाकर सोशल मीडिया पर वायरल करवा दिया, जिससे पत्रकार की छवि को जानबूझकर धूमिल किया गया। वीरेन्द्र कुमार आज न्याय की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, मानसिक आघात और सामाजिक बदनामी से टूट चुके हैं। लेकिन पारा पुलिस अभी भी मौनव्रत धारण किए बैठी है।

## केदारनाथ यात्रा फिर शुरू, श्रद्धालुओं को अब तय करने होंगे 22 किलोमीटर अतिरिक्त पैदल रास्ते

- भूस्खलन से मुख्य मार्ग बाधित, वैकल्पिक ट्रैक से भेजे जा रहे हैं यात्री, प्रशासन ने मौसम देखकर यात्रा की अपील की

जन एक्सप्रेस। रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा एक बार फिर से शुरू कर दी गई है। लेकिन अब श्रद्धालुओं को धाम पहुंचने के लिए पहले से अधिक पैदल दूरी तय करनी पड़ रही है। भारी बारिश और भूस्खलन के चलते मुख्य सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे यात्रियों को अब करीब 22 किलोमीटर का अतिरिक्त पैदल सफर तय करना होगा।

### गौरीकुंड मार्ग अभी भी बंद, पैदल ही भेजे जा रहे यात्री

रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच का मार्ग अभी भी भूस्खलन से बाधित है। इस कारण श्रद्धालुओं को वैकल्पिक पैदल मार्ग से आगे बढ़ाया जा रहा है। यह मार्ग सुगम नहीं है और बारिश की स्थिति में अस्थायी रूप से इसे बंद भी किया जा सकता है। मुनकटिया में हाईवे को भारी नुकसान, 50 मीटर सड़क बह गई गत बुधवार की रात हुई मूसलाधार बारिश से मुनकटिया के पास केदारनाथ हाईवे का करीब 50 मीटर हिस्सा बह गया, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई। इसके साथ ही वैकल्पिक ट्रैक को भी नुकसान हुआ, जिससे कई श्रद्धालु गौरीकुंड में फंस गए थे।



### 2000 से अधिक यात्रियों को बीच रास्ते में रोका गया था

प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए बीते दिनों यात्रा को पूरी तरह स्थगित कर दिया था और लगभग 2000 यात्रियों को सोनप्रयाग व अन्य स्थानों पर रोक दिया गया। केवल वापसी करने वाले यात्रियों को सुरक्षाबलों की मदद से वैकल्पिक पैदल मार्ग से लाया गया।

### प्रशासन की अपील मौसम देखकर करें यात्रा

प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे केदारनाथ यात्रा पर निकलने से पहले मौसम की जानकारी अवश्य लें। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है।

## प्रयागराज में गंगा और यमुना ने खतरे के निशान को किया पार, हजारों घर जलमग्न

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

गंगा और यमुना ने खतरे के निशान पार कर दिया है। जलस्तर खतरे के बिंदु 84.734 मीटर के ऊपर पहुंच गया है। नदियों का उफान अभी जारी है। स्थिति काफी भयावह हो गई है। गंगा और यमुना के किनारों पर स्थित दो दर्जन से अधिक मुहल्लों के हजारों घर जलमग्न हो गए हैं। लोग सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। बाढ़ राहत शिविरों में प्रभावित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। दो हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं जो प्रशासन के राहत शिविर में शरण लिए हैं। खतरे का निशान पार करते ही दो दर्जन से अधिक मोहल्लों के सैकड़ों घर बाढ़ में घिर गए हैं। सड़कों और गलियों में भी पानी भर गया है। बड़ी संख्या में लोगों को नावों से बाहर निकालना पड़ा है।



### चंबल ने दी राहत तो टोंस ने बढ़ाई चिंता

गंगा के जलस्तर में शनिवार तक तेज गति से वृद्धि के आसार हैं। कानपुर से 80 हजार क्यूसेक से अधिक पानी लगातार आ रहा है। नरौरा से भी पानी लगातार आ रहा है। ऐसे में गंगा के जलस्तर में तेज वृद्धि जारी है। वहीं चंबल ने कुछ राहत दी है। शुक्रवार सुबह तक केन, बेतवा और चंबल नदी उफान थीं। केन और बेतवा अब भी उफान पर हैं लेकिन चंबल में पानी कम हो गया है। इससे यमुना के जलस्तर में बढ़ोतरी की रफ्तार में कुछ कमी दर्ज की गई लेकिन टोंस ने चिंता बढ़ा दी है। टोंस नदी में तेज गति से पानी आ रहा है। इससे तटीय इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इसके अलावा दबाव बढ़ने के कारण छतनाग से पानी निकलने की रफ्तार पर अंकुश लगने की आशंका बन गई है। इससे कछारी इलाके में गंगा का पानी और फैलने की संभावना है।

### 2 अगस्त शनिवार को सायं चार बजे तक की स्थिति

- **फाफामऊ:** गंगा का जलस्तर 84.96 पहुंच गया है। चार घंटे के भीतर 12 सेंटीमीटर जलस्तर बढ़ा है।
- **छतनाग गंगा घाट:** जलस्तर 84.32 दर्ज किया गया। यहां भी चार घंटे में गंगा 12 सेंटीमीटर बढ़ गई हैं।
- फाफामऊ और छतनाग में गंगा के खतरे का बिंदु 84.738 मीटर है। गंगा इसके ऊपर बह रही हैं।
- **यमुना नदी:** नैनी में जलस्तर 85.06 मीटर दर्ज किया गया। यमुना नदी का जलस्तर चार घंटे में 16 सेमी. अधिक दर्ज किया गया है। खतरे का निशान 84.738 है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### वृद्ध किसान ने पेड़ पर फांसी से लटककर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के धूता में वृद्ध किसान ने पेड़ पर रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्याकर ली। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम धूता निवासी कृपाल सिंह 65 वर्ष पुत्र दुजु पाल का शव शनिवार की सुबह प्लास्टिक की रस्सी के सहारे नीम के पेड़ पर फांसी से लटका देख गांव में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और सूचना पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। गांव के कुछ लोग दबी जबान से चर्चाकर रहे थे कि कृपाल सिंह का शुक्रवार की देर शाम एक सजातीय व्यक्ति से वाद विवाद हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि बाद विवाद के दौरान दूसरे पक्ष ने कोई ऐसी बात कह दी होगी जो दिल को चोट पहुंचा गई और उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि वह अविवाहित हैं और अपने बड़े भाई व भतीजे के साथ घर के मुखिया के रूप में रहते थे। मृतक के बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की आत्महत्या का कारण गांव के एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति को माना है।फिलहाल सच्चाई जो भी हो यह जांच का विषय है। फिलहाल ऊमरी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक भरत सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की हकीकत जानने के लिए घटना की हर पहलू पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद्र की रचनाओं पर हुआ व्याख्यान

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद्र की रचनाओं और योगदान पर व्याख्यान के साथ महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में गोस्वामी तुलसी दास और मुंशी प्रेमचंद्र की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर दिया। जिसमें डॉ ललित कुमार सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए गोस्वामी तुलसी दास और मुंशी प्रेमचंद्र की रचनाओं के वैशिष्ट्य को बताया। साथ ही अन्य विद्वानों ने दोनों महापुरुषों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनकी रचनाओं और रचनाओं की सामाजिक मान्यता पर प्रकाश डाला। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो नन्दलाल मिश्रा, प्राध्यापक डॉ कपिल देव मिश्रा, प्रो शशिकांत त्रिपाठी, डॉ नीलम चैरे आदि ने व्याख्यान दिए। इस दौरान अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर चुके विज्ञान और पर्यावरण विषय के विद्वान् प्राध्यापक डॉ शशि कांत त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। सत्र संचालन डॉ सुधाकर मिश्रा ने किया। इस मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ ललित कुमार सिंह, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

### झूला महोत्सव के 10वें वर्ष श्रीरघुवर किशोर जानकी मंदिर में हुआ भावगत कथा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** श्रावण मास में धर्मनगरी के मंदिरों में झूला महोत्सव के तहत राधा-कृष्ण के सुंदर झूले सजे हैं, भजन-कीर्तन और कथा प्रवचनों से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। इसी क्रम में श्री रघुवर किशोर राम जानकी मंदिर में 10वें वर्ष झूला महोत्सव के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

# बाढ़ क्षेत्र में जनता के साथ स्टीमर से पहुँचे अधिकारी

■ स्टीमर से निरीक्षणकर उच्चाधिकारियों ने बांटी राहत सामग्री

**जन एक्सप्रेस । उरई/कालपी**



जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं पुनर्वास कार्यों को पूरी तत्परता के साथ संचालित किया जा रहा है। कालपी तहसील के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में उच्चाधिकारियों का संयुक्त दल स्टीमर से पहुंचा और वहां चल रहे राहत प्रयासों का स्थलीय निरीक्षण किया। विधायक विनोद चतुर्वेदी, मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे, डीआईजी केशव कुमार चौधरी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार तथा एडीएम संजय कुमार ने जायजा लिया। अधिकारियों ने मंगरौल स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए बाढ़ राहत केंद्र और कम्युनिटी किचन का अवलोकन किया तथा वहां मौजूद बाढ़ प्रभावित लोगों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा लगाए गए शिविरों की व्यवस्था देखी। मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राहत शिविरों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं, प्राथमिक उपचार सामग्री तथा पशुओं के लिए टीकाकरण एवं चारे की व्यवस्था समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए।बाढ़ राहत केंद्र पर उपस्थित पीड़ितों को प्रशासन द्वारा संपूर्ण राहत किट वितरित की गई, जिसमें दैनिक उपयोग की आवश्यक खाद्य सामग्री, स्वच्छता से जुड़ी वस्तुएं और घरेलू सामान शामिल था। प्रत्येक किट में आटा, चावल, दाल, भुना चना, चीनी, नमक, बिस्कुट, लाई, आलू, तेल, हल्दी, मसाले, नहाने व कपड़े धोने का साबुन, डेटॉल/सेवलॉन, सैनिटरी पैड, सूती कपड़ा, तौलिया, माचिस, मोमबत्ती, बाल्टी, मग तथा तिरपाल जैसी वस्तुएं शामिल रहीं। मंडलायुक्त ने कहा कि ÷मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावित नागरिकों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। राहत कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक जरूरतमंद तक सहायता पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम ने कहा कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। हर बाढ़ पीड़ित व्यक्ति तक राहत पहुँचाई जा रही है और सभी विभाग समन्वय से सतत कार्य कर रहे हैं। सरकार की त्वरित प्रतिक्रिया और प्रशासनिक सक्रियता ने जनमानस में विश्वास की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन हर स्थिति में जनता के साथ खड़ा है।

## अधेड़ ने गटका जहर, उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

अधेड़ ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

राठ निवासी छत्रपाल 52 वर्ष एक गरीब मजदूर था और हर रोज मजदूरी करके पत्नी सखी व पुत्र सुनील का भरण पोषण करता था। बताया गया कि शुक्रवार की देर शाम को अज्ञात कारणों के चलते उसने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ी और उसने पुत्र को बुलाकर जहरीले पदार्थ का सेवन करने की बात कही। जानकारी होने पर परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना के बाद मेडिकल चौकी प्रभारी ब्रजेश कुमार मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मंगरौल में बच्चों को पढ़ाई गई 'बाढ़ की पाठशाला'



**जन एक्सप्रेस । उरई**

बाढ़ राहत कार्यों के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार जब कालपी तहसील अंतर्गत मंगरौल स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुँचे, तो वहां पढ़ रहे बच्चों को एक अलग अनुभव मिला। उन्होंने बच्चों के बीच बैठकर उन्हें ÷बाढ़ की पाठशाला÷ के माध्यम से बाढ़ से जुड़ी जानकारी दी और इसके कारण, प्रभाव तथा बचाव के उपायों को सरल भाषा में समझाया। डीएम ने बच्चों को बताया कि बाढ़ में हमें सतर्क रहकर निपटना चाहिए, और संचारी रोग की रोकथाम हेतु क्या उपाय करने चाहिए, यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी समझाया कि बाढ़ से जहां एक ओर फसलों, घरों और जीवों का नुकसान होता है, वहीं दूसरी ओर यह मिट्टी को उपजाऊ भी बनाती है और जलस्तर को संतुलित रखने में सहायक होती है। एसपी ने बच्चों को आपात स्थिति में क्या करें, कैसे स्वयं को सुरक्षित रखें, तथा आसपास के लोगों को भी सचेत करें इस पर उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने बच्चों की जिज्ञासाओं का उत्तर भी दिया, जिससे माहौल शिक्षाप्रद और संवादात्मक बन गया।

# साहित्यकार व कवि रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने कराया पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष साहित्यकार व कवि रामलाल द्विवेदी प्राणेश सहित अन्य समाजसेवियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

नांदी हनुमान मंदिर व अटल पार्क कर्वी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीपल, बरगद, पाकर, नीम, बेल, अशोक, कंजी, जामुन, सहिजन, आंवला आदि रोपित किए गए है। पौधों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ट्री-गार्ड भी लगवाए गए है। बताया कि विगत आठ वर्षों में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत देवांगना रोड, कलेक्टरेट रोड, तरौहा रोड, कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में, भरतकूप मंदिर के पास, गया प्रसाद महाविद्याल, चित्रकूट इण्टर कॉलिज, जेपी इण्टर कॉलिज आदि जगहों में और सड़कों के किनारे पौधे रोपित किए है। जिनमें से अब तक लगभग डेढ़ सौ पाधे वृक्ष के रूप में तैयार हो गए हैं। बताया कि उनके इस कार्य में समाजसेवी मातादीन द्विवेदी, राम मिश्र, रंगनाथ शुक्ला ,करुणा शंकर द्विवेदी, जेपी मिश्रा, मनोज द्विवेदी, उदयभान त्रिपाठी, हरिमोहन राय, राजू गुप्ता, के के द्विवेदी,



आशीष, राजू रलिहा, नरेंद्र मिश्रा, गिरधर तिवारी, मनोज यादव आदि ने सहयोग किया।

## माह के प्रत्येक गुरुवार को आयोजित होगा मानचित्र समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सचिव राकेश कुमार पाठक ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत के लिए प्राप्त होने वाले भवन मानचित्रों के त्वरित निस्तारण के लिए माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन अपरान्हः एक से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में किया जायेगा। जिसके तहत अगस्त माह में सात, 14, 21 एवं 28 तारीख को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। बताया कि इस समाधान दिवस में सभी सम्बंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता, सम्बंधित विभाग एवं सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार मौजूद रहेगे, जिससे सम्बंधित भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण करते हुए भवन मानचित्र स्वीकृति दी जा सकें।

## बाढ प्रभावित क्षेत्रों में उतरे मंडल व जिले के बड़े अफसर ।दिऐ राहत सामग्री व बचाव कार्य के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस द्वारा पैलानी थाना क्षेत्र के मरझा पुल केन नदी के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं एवं संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसी क्रम में

जिलाधिकारी बांदा जे0 रीभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा औगासी पुल (मरका) के पास बाढ़ के तेज बहाव की स्थिति का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधान के साथ सुरक्षा उपायों एवं



राहत कार्यों को लेकर आवश्यक वार्ता की तथा संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।बांदा जिले से सटे मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में भारी बारिश होने से केन,बेतवा,चन्द्रावल में बाढ आ गयी है सभी नदियां खतरे के निशान के आस-पास बह रही है।बाढ को देखते हुए सभी बड़े जिम्मेदार अफसर व जनप्रतिनिधि बाढ प्रभावित क्षेत्रों में राहत बचाव व राहत सामग्री में लगे हुऐ हैं।

## 31 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव, कई को मिली नई जिम्मेदारी तो कई पहुंचे लाइन

**जन एक्सप्रेस । उरई**

एसपी ने पुलिसिंग को मजबूत बनाने और क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ी तबादला एक्सप्रेस चला दी। जिसमें देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए 31 उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। इस सूची में कई चौकी प्रभारियों को बदला गया है, तो कई को पुलिस लाइन अटैच किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने जनपद की चरमराई कानून व्यवस्था और चौकी इंचार्जों के खराब प्रदर्शन से नाराज होकर बीते दिन शुक्रवार की रात 31 चौकी इंचार्जों के कार्यक्षेत्रों में बड़ा बदलाव कर दिया। जिसमें जेल चौकी प्रभारी शीलबंत को सिंह को डिप्टीगंज चौकी प्रभारी बनाया, जबकि वल्लभनगर चौकी की कमान संभाले उप निरीक्षक अनिल कुमार को जेल रोड़ चौकी की जिम्मेदारी सौंपी। तो वहीं उप निरीक्षक विपिन यादव को डिप्टीगंज चौकी से कालपी क्षेत्र की ज्ञान भारती चौकी का कार्यभार सौंपा।तो वहीं उप निरीक्षक विपिन यादव को डिप्टीगंज चौकी से कालपी क्षेत्र की ज्ञान भारती चौकी का कार्यभार सौंपा। इसी क्रम में उप निरीक्षक शिवनारायण को लाइन से कोंच की खेड़ा चौकी भेजा और उप निरीक्षक विवेक कुमार को लाइन से जगनपुरा चौकी प्रभारी बनाया। इतना ही नहीं अपने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कुछ चौकी प्रभारी को लाइन का रास्ता दिखाया गया। इसीक्रम में एसपी ने 31 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। यह तबादला प्रशासनिक फेरबदल फैसला कप्तान का सीधा संदेश है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डीएम ने किसानों के साथ वार्ता बैठक कर समाप्त कराया धरना

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भाकियू पदाधिकारियों व किसानों द्वारा जनपद में अन्ना गोवंशों, डीएपी की उपलब्धता, विद्युत, चकबंदी, बंदरों की समस्या, फसल बीमा योजना आदि को लेकर विकास भवन में दिए जा रहे धरने को संज्ञान में लेते हुए शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने किसानों के वार्ता बैठक की।

वार्ता बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि सभी उपजिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को बाहर घूमने वाले अन्ना गोवंशों को शत-प्रतिशत गोशाला में संरक्षित कराने के लिए निर्देशित करें। पशुओं द्वारा किसानों की फसलों का नुकसान नहीं होनी चाहिए। किसानों से कहा कि मंगलवार तक शत-प्रतिशत गोवंशों को गोशाला में संरक्षित कर दिया जाएगा। बिजली की समस्या को लेकर डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जो शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार विद्युत आपूर्ति की जाए, जिससे किसानों को समय से फसलों की सिंचाई के लिए पानी प्राप्त हो सके। उर्वरक की उपलब्धता के संबंध में डीएम ने कहा कि जितना स्टाक आता है, उसका समय-समय पर वितरण कर दिया जाता है। डीएपी का स्टॉक आते ही सहकारी समितियों पर उपलब्ध करा दिया जाएगा, जिससे समस्या नहीं होगी। कहा कि खाद लेने वाले किसानों को नैनो यूरिया लेने के लिए बाध्य न करें। बंदरों की समस्या पर प्रभागीय वनाधिकारी ने कहा कि बंदरों के लिए अधिक से अधिक पिंजरें बनाकर उन्हें पकड़ कर जंगलों में छोड़ा जाएगा। फसल बीमा योजना के संबंध में डीएम ने कहा कि जिन किसानों को फसल का नुकसान हुआ है, उसका समय से बीमित कंपनियों द्वारा भुगतान कराया जाएगा। डीएम ने सभी किसानों को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। वार्ता बैठक के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया गया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, उप कृषि निदेशक राजकुमार, किसान यूनियन अध्यक्ष राम सिंह राही, सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी, किसान आदि मौजूद रहे।

## ट्रक में पीछे से घुसी डीसीएम, चालक की मौत खलासी घायल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र में झांसी-कानपुर हाईवे पर डीसीएम श्यामा सरोवर होटल के पास आगे चल रहे वाहन में पीछे से घुस गई। इस हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकि खलासी का उपचार चल रहा है।

कानपुर देहात के रनियां थाना क्षेत्र के ग्राम करवक निवासी सगीर खां 33 वर्ष चालक था और वह डीसीएम पर कानपुर से गत्ता लादकर झांसी जा रहा था। बताया गया कि शनिवार की सुबह करीब तीन से चार बजे के बीच जैसे ही डीसीएम झांसी-कानपुर हाईवे स्थित श्यामा सरोवर होटल के पास पहुंचा। तभी आगे चल रहे वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे डीसीएम उसमें पीछे से घुस गई और चालक सगीर खां, क्लीनर इलियास घायल हो गए। इस दौरान हादसा देख मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को किसी तरह बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों की मदद से दोनों लोगों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा। जिससे डीसीएम उसमें पीछे से घुस गई और चालक सगीर खां, क्लीनर इलियास घायल हो गए। इस दौरान हादसा देख मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को किसी तरह बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों की मदद से दोनों लोगों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजा। जहां पर शनिवार की सुबह चालक सगीर खां की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि खलासी इलियास की हालत में सुधार बताया जा रहा है। उधर हादसे की सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक के पत्नी जैबुन निशान, एक पुत्री व एक पुत्र है, और वह ट्रक चलाकर उनका भरण पोषण करता था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## तहसील समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनसमस्याओं के निस्तारण के दृष्टिगत शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम-एसपी सहित पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों को समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह जिला मुख्यालय कृषि भवन में आयोजित तहसील समाधान दिवस में फरियादियों ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी समस्याओं को बताया। जिनके निस्तारण के सम्बन्ध में डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों निर्देशित किया। डीएम ने समाधान



दिवस में जमीन, चकरोड, तालाब, विद्युत, जल जीवन मिशन से आदि समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्रों का शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर स्थलीय निरिक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। जमीन से संबंधित मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निरीक्षण कर निष्पक्षता के साथ निस्तारण कराएं। एसपी ने कहा कि महिलाओं की समस्याओं से सम्बन्धित कोई भी प्रार्थना पत्र लम्बित नहीं रहना चाहिए, प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण कराएं।

# मुख्यमंत्री का दौरा सिर्फ दिखावा: कांग्रेस नेता पंकज मिश्र का तीखा हमला

■ तुलसी जयंती पर भी हिंदू-मुसलमान खोजने निकले सीएम卐 – पंकज मिश्र का तंज

■ बोल-बचन के बाद उड़ गए मुख्यमंत्री, ज़मीनी हालात जस के तस卐

■ जहां पुल बह रहे, सड़कें धंस रहीं, वहीं पार्टी कार्यकर्ता किनारे लगाए ए卐

■ 卐जल जीवन मिशन बना जल-जाल घोटाले का गढ़, जिम्मेदार बेफिक्र卐

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्यमंत्री के चित्रकूट दौरे को कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्र ने सख्त लहजे में आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि ÷मुख्यमंत्री का यह दौरा जनता के साथ एक राजनीतिक मज़ाक था। न विकास की बात, न समाधान की चिंता – सिर्फ भाषण, प्रचार और धर्म की राजनीति।÷

तुलसी जयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर भी उन्होंने कहा, जहां तुलसीदास जैसे संत का नाम लिया जाना चाहिए था, वहां मुख्यमंत्री हिंदू-मुस्लिम की राजनीति घुसेड़ते नजर आए। तुलसी बाबा को भी राम और अकबर की राजनीतिक लड़ाई में खींच लिया गया।

### दौरा नहीं, ड्रामा था: मिश्र का व्यंग्य प्रहार

पंकज मिश्र ने कहा, ÷मुख्यमंत्री ने यहां कोई नया ऐलान नहीं किया। वही घिसा-पिटा भाषण, और वही हवाई बातें। उल्टा हाल ये रहा कि उनकी पार्टी के अपने ही निष्ठावान कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल से दूर फटक भी नहीं



पाए। नारा लगाने और फोटो खिंचवाने वाले चमचे जरूर इधर-उधर उछलते रहे।

### जमीनी हकीकत: बहते पुल, धंसती सड़कें, रोता किसान

उन्होंने तंज कसा कि पुल उद्घाटन से पहले बह जाते हैं, सड़कें धंस जाती हैं और स्वास्थ्य सेवाएं खंडहर में बदल चुकी हैं। कोई देखने वाला नहीं। स्वास्थ्य मंत्री तो मानो पिकनिक मनाकर लौट गए। आगे उन्होंने किसानों की हालत पर बात करते हुए कहा, अन्ना गोवंशों ने किसानों का जीना दूभर कर दिया है। सड़कों पर ये छुट्टा जानवर अब ट्रैफिक पुलिस का काम भी संभालने लगे हैं। सरकार को इस पर शर्म आनी चाहिए।

जल जीवन मिशन में घोटाले का बम मिश्र ने आरोप लगाया कि जिले में अब तक का सबसे बड़ा घोटाला जल जीवन मिशन में हुआ है। ÷पाइप नहीं पहुंचे, पानी नहीं आया, लेकिन भुगतान फुल हुआ। जिम्मेदार चुप्पी का चादर ओढ़े बैठे हैं।

### टॉफी दो, वोट लो की राजनीति पर निशाना

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री बच्चों को टॉफी बांट कर शिक्षा के भविष्य की बात कर गए, लेकिन तिरहार जैसे पिछड़े क्षेत्रों को कोई ठोस सौगात नहीं मिली। यह दौरा सिर्फ आरएसएस और साधु-संतों को प्रसन्न करने की योजना थी, आम जनता को ठेंगा दिखाने जैसा। बेरोजगारी और पलायन पर चुप्पी क्यों? उन्होंने तीखा सवाल उठाया कि ÷जब मुख्यमंत्री चित्रकूट आए, तो पलायन पर चुप क्यों रहे? बुंदेलखंड में नौजवान बेरोजगारी से त्रस्त हैं, लेकिन भाषण में इस पर एक शब्द तक नहीं कहा गया। सिर्फ प्रचार और झूठे विकास का गुणगान होता रहा।

### तुलसी बाबा को भी राजनीति में घसीटा गया

आखिर में मिश्र ने दुख जताते हुए कहा, तुलसी बाबा सिर्फ तुलसी थे। उन्हें राम और अकबर के राजनीतिक टकराव में घसीटना एक महान संत का अपमान है। मुख्यमंत्री को ऐसे धार्मिक अवसर पर राजनीति से बचना चाहिए था। पंकज मिश्र का ये हमला सत्ता पक्ष के लिए चेतावनी है या सिर्फ चुनावी शोर – ये आने वाले वक्त में तय होगा। मगर इतना तय है कि चित्रकूट की जनता अब वादों नहीं, बदलाव की मांग कर रही है।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 03 अगस्त, 2025






**पूर्व सांसद ने फर्जी कंपनियां बना की धोखाधड़ी...**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक (एएनएससीबी) धोखाधड़ी के मामले में अंडमान निकोबार द्वीप समूह में अपना पहला तलाशी अभियान चलाया है। 31.07.2025 को पोर्ट ब्लेयर और उसके आसपास 9 स्थानों और कोलकाता... ➤ पढ़ें पेज 12 पर...

# मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ 'हर घर तिरंगा अभियान-2025' की तैयारियों की समीक्षा की

- प्रदेशभर में 'हर घर तिरंगा अभियान' को बनाये एक जन आंदोलन, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह, उमंग के साथ करायी जाये व्यापक जनभागीदारी
- लोगों को अपने घरों पर पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये किया जाये प्रेरित
- अभियान के तहत इस वर्ष 4.6 करोड़ से अधिक तिरंगा फहराने का लक्ष्य

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ 'हर घर तिरंगा अभियान-2025' की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने 'हर घर तिरंगा अभियान' को प्रदेशभर में एक जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और जिलाधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में 'हर घर तिरंगा अभियान' उत्साह, उमंग और जनभागीदारी के साथ आयोजित किया गया था। इस बार भी वृहद प्रचार-प्रसार व जनजागरूकता के माध्यम से लोगों को पुनः तिरंगा झण्डा फहराने हेतु प्रेरित करने के लिये पूरे प्रदेश में वातावरण निर्मित किया जाये। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत इस वर्ष 4.6 करोड़ से अधिक तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूह, एनजीओ, एमएसएमई, खादी ग्रामोद्योग व अन्य निजी विक्रेता केन्द्रों के माध्यम से झण्डों का निर्माण कराया जाये और पंचायत भवनों, जन सेवा केन्द्रों, राशन केन्द्रों, तहसील, विकास खण्ड, पेट्रोल पंप, गैस एजेन्सी, डाकघर आदि में विपणन की व्यवस्था करायी जाये। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से बाइक और साइकिल रैलियाँ, युवा परेड और सामुदायिक तिरंगा यात्राएँ आयोजित की जाएं। राष्ट्रीय गौरव, एकता और देशभक्ति की चेतना के संदेश को मजबूत करने के लिए स्कूली बच्चों, युवाओं और सभी क्षेत्रों के नागरिकों को शामिल किया जाए। शैक्षणिक संस्थानों, स्मारकों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा-थीम वाली लाइटिंग, भित्ति चित्रों और रंगोली कला से सजाया जाए। नागरिकों को 'सेल्फी विद तिरंगा' अभियान में भाग लेने तथा राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपनी तस्वीरें निर्दिष्ट ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

### स्कूली बच्चों को भी आमंत्रित किया जाए

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समारोह का भव्य आयोजन पूर्ण जन भागीदारी एवं उत्साह के साथ कराया जाये। उन्होंने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में काकोरी शताब्दी महोत्सव समापन समारोह का आयोजन शहीद स्मारक-काकोरी में किया जायेगा। सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सूचना विभाग द्वारा सुनिश्चित करायी जाये। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सेना व अर्द्धसैनिक बल के शहीदों के परिजनों व स्कूली बच्चों को भी आमंत्रित किया जाये। यह भी निर्देश दिये कि दिनांक 08 व 09 अगस्त 2025 को सैनिकों, अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों को तिरंगा राखी बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया जाये। डाक विभाग से समन्वय स्थापित सीमाओं पर सैनिकों व अर्द्धसैनिकों बलों को तिरंगा राखी भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। शहीद स्मारकों, अमृत सरोवर, पार्क आदि पर पुलिस व सेना के बैण्ड के माध्यम से राष्ट्रधुन का वादन कराया जा सकता है।

### आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा

उन्होंने कहा कि जनजागरूकता के माध्यम से लोगों को यह भी अवगत कराया जाए कि प्रत्येक नागरिक आवास, स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों आदि में तिरंगा झंडा को पूरे सम्मान और झंडा संहिता का अनुपालन करते हुए फहराना है। आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा। झण्डा उतारने के बाद किसी भी नागरिक द्वारा इसका दुरुपयोग न किया जाये। इस बैठक के दौरान संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव श्री मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि 'हर घर तिरंगा 2025' अभियान 2 से 15 अगस्त के बीच तीन अलग-अलग चरणों में चलाया जाएगा।

### सार्वजनिक स्थलों को रंगोली कला से सजाया जाएगा

दिनांक 2 से 8 अगस्त तक चलने वाले इस प्रारंभिक चरण का उद्देश्य रचनात्मक पहलों के माध्यम से जागरूकता पैदा करना है। इस चरण के तहत शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा-थीम वाली दीवारों, भित्ति चित्रों और रंगोली कला से सजाया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनियाँ स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में प्रदर्शित की जाएँगी।

### तिरंगे थीम पर बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा

दिनांक 9 से 12 अगस्त के बीच आयोजित होने वाला दूसरा चरण जन-आंदोलन और उत्सव पर केंद्रित होगा। भव्य सांस्कृतिक उत्सव (तिरंगा महोत्सव) और मेले आयोजित किए जाएँगे, जिनमें स्थानीय कलाओं, शिल्पों और उत्पादों, विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) द्वारा तिरंगे थीम पर बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस चरण में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से बाइक और साइकिल रैलियाँ, युवा परेड और सामुदायिक तिरंगा यात्राएँ भी आयोजित की जाएँगी। बाज़ारों और सार्वजनिक स्थलों को सजाया जाएगा और राष्ट्रीय ध्वजों का वितरण मुख्य रूप से स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जाएगा।

### विभागों के वरिष्ठ अधिकारी रहें उपस्थित

बैठक में प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव पंचायतीराज अनिल कुमार, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव राजस्व श्री पी. गुरुप्रसाद, प्रमुख सचिव होमगाड्र्स श्री राजेश कुमार सिंह, प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग श्री अनिल कुमार सागर, ग्राम्य विकास आयुक्त श्री गौरी शंकर प्रियदर्शी, राहत आयुक्त श्री भानु चन्द्र गोस्वामी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मनी लॉन्ड्रिंग का दोषी बताकर युवक को फंसाया दो घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर 11.57 लाख ठगे



- सैयद हैदर इरफान के मुताबिक चार जून 2024 की शाम उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

नारकोटिक्स का अधिकारी बनकर साइबर जालसाज ने ठाकुरगंज के मुफ्तीगंज निवासी सैयद हैदर नकवी को दो घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 11.57 लाख रुपये वसूल लिए। शातिर ने पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दोषी बताकर डराया। बृहस्पतिवार को कोर्ट के आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने ठग व उसके साथियों के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा में एफआईआर दर्ज की। सैयद हैदर इरफान के मुताबिक चार जून 2024 की शाम उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि वह डीएचएल कूरियर सर्विस से शिवम पाठक बात कर रहा है। तुम्हारे आधार और पैन कार्ड का इस्तेमाल कर मुंबई से ईरान के लिए पार्सल बुक किया गया है, जिसे कस्टम ने पकड़ा है। तुम्हारी आईडी का गलत इस्तेमाल हुआ है। ऐसे में मामले की शिकायत मुंबई नारकोटिक्स की जा रही है। इसके बाद कॉल कट गई। कुछ ही देर बाद इरफान के पास फिर वीडियो कॉल आई। वीडियों में देख रहे युवक ने खुद को नारकोटिक्स अधिकारी बताया। उसने कहा कि तुम्हारे पार्सल में कपड़े, पासपोर्ट, क्रेडिट कार्ड और ड्रग्स है। पूछताछ के लिए मुंबई आना होगा। यह सुनकर इरफान घबरा गए।

### लोन पास करवाकर 5.80 लाख रुपये हड़पे

ठग ने कहा कि तुम्हारी आईडी से बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से कई खाते खोले गए हैं, जिनका इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में हो रहा है। तुम भी इस मामले में दोषी हो। आरबीआई तुम्हारे खातों पर नजर रखे है। अगर गिरफ्तार से बचना है तो पूछताछ में सहयोग करना होगा। इरफान को डरा देखकर आरोपी ने पूछताछ के बहाने उन्हें दो घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा। इस बीच ठग ने जांच के बहाने उनसे पैन कार्ड, आधार कार्ड व बैंक खाते संबंधी जानकारी ले ली। इरफान का आरोप है कि आरोपियों ने दस्तावेज के जरिये उनके नाम पर 5.80 लाख रुपये का प्री अप्रूव्ड पर्सनल लोन पास कराकर रकम हड़प ली। इसके अलावा उनके खाते से 5.67 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। फिर वीडियो कॉल काट दी। ठगी का अहसास होने पर इरफान ठाकुरगंज थाने पहुंचे, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में उन्होंने कोर्ट की शरण ली। अदालत के आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इंस्पेक्टर ओम वीर सिंह चौहान के मुताबिक पीड़ित से संपर्क किया गया है।

## लंबित शिकायतों का प्राथमिकता पर किया जाय निस्तारण: शर्मा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रदेश में विद्युत सेवाओं की गुणवत्ता और उपभोक्ता संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में आज उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड सहित विद्युत वितरण निगमों डिस्कॉम के शिकायत प्रकोष्ठों के नोडल अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में ऊर्जा मंत्री ने बीते दिनों प्राप्त उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए ।उपभोक्ताओं को समाधान की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उपभोक्ताओं की संतुष्टि ही विभाग की प्राथमिकता है।इनका समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान न केवल हमारी सेवा प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि जनविश्वास को सुदृढ़ करता है।

## महिला से छेड़छाड़ का आरोपी सचिव निलंबित, मंत्री ने खुद पुलिस को बुलाकर करवाया था गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण के निजी सचिव रहे जय किशन सिंह को आउटसोर्स महिला कर्मचारी के शीलभंग के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि महिला की शिकायत पर खुद मंत्री असीम अरुण ने पुलिस को बुलाया था और आरोपी सचिव को गिरफ्तार करवा दिया था। बता दें कि बीते बृहस्पतिवार को एक महिला कर्मचारी ने मंत्री असीम अरुण के निजी सचिव जय किशन सिंह पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। महिला ने रोते हुए आपबीती बताई। महिला की पीड़ा सुनने के बाद गोमतीनगर पुलिस को बुलाकर आरोपी जय किशन सिंह को थाने भिजवा दिया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। अब उसे निलंबित कर दिया गया है। महिला ने रोते हुए बताया था कि निजी सचिव अक्सर उसे अपने कमरे में बुलाते हैं। इसके बाद आए दिन छेड़छाड़ करते हैं। विरोध पर नौकरी से निकालने की धमकी देते हैं। मंत्री के पूछने पर महिला ने विस्तार से पूरी बात बताई थी।

### 28 जुलाई को घटी थी घटना

आरोप है कि 28 जुलाई को महिला दफ्तर में अकेली थी। इस दौरान आरोपी ने उनके साथ अश्लील हरकत की। पीड़िता ने जब शिकायत करने की बात कही तो वह गाली गलौज करने लगा। आरोपी अक्सर महिला के कपड़ों के बारे में भी टिप्पणी करता था और ऊंची पहुंच बताता था। परेशान होकर पीड़िता घर चली गई थी। बृहस्पतिवार को मंत्री के दफ्तर पहुंचने की जानकारी होने पर महिला वहां पहुंची और शिकायत की। निजी सचिव की हरकतों की जानकारी पाकर मंत्री नाराज हो गए। उन्होंने पुलिस बुलाकर दफ्तर से ही आरोपी को सीधे थाने भिजवा दिया। आरोपी जय किशन विक्रांत खंड का रहने वाला है।

## चकबंदी बाबू की मौत का मामला: सिर में लगी गोली हुई आर-पार... मौके से खोखा गायब, गहराता जा रहा रहस्य

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में चकबंदी विभाग के बाबू राजकुमार सिंह की मौत का मामला रहस्यमय मोड़ लेता जा रहा है। उनके सिर में लगी गोली आर-पार हो गई थी, लेकिन मौके से खोखा बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के सामने सवाल है कि गोली का खोखा कहां गायब हो गया? पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि गोली दाहिनी कनपटी से लगी और बाईं ओर से निकली है। मामले में पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से मिले परिस्थितिजन्य साक्ष्य, सुसाइड नोट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आत्महत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि, परिजन हत्या का शक जता रहे हैं। शनिवार को हत्या की तहरीर देने की बात कह रहे हैं।

### घटना एक नजर में...

तीन दिन पहले बुधवार की शाम शहीद पथ स्थित प्लॉट के कमरे में राजकुमार का शव मिला था। उनके दाहिने हाथ में रिवॉल्वर थी। पास ही सुसाइड नोट पड़ा था। इसमें उन्होंने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया। बावजूद इसके, गोली का खोखा न मिलना मामले को और रहस्यमय बना रहा है।


### मौके से बरामद रिवॉल्वर की जांच जारी

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि राजकुमार के पास से बरामद रिवॉल्वर का पता लगाया जा रहा है। इसके लिए डीएम दफ्तर के असलहा बाबू से जानकारी मांगी गई है। यदि असलहा किसी दूसरे जनपद का है तो रिपोर्ट आने में समय लग सकता है। मालिक की पहचान के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर, राजकुमार सिंह के मौसेरे भाई पंकज सिंह का कहना है कि शुक्रवार को वो लोग अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज गए थे। शनिवार को हत्या की तहरीर दी जाएगी।

# यूपी में 9वीं से 12वीं तक के छात्रों को मिलेगी व्यावसायिक शिक्षा

- व्यावसायिक प्रशिक्षण भविष्य में स्वरोजगार या नौकरी के खोल सकता है अवसर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माध्यमिक स्तर पर छात्रों के लिए व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया हैं। कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को अब 23 व्यावसायिक क्षेत्रों में से किसी एक क्षेत्र से जुड़ा कोई एक जॉब रोल सीखना अनिवार्य होगा। सरकार ने इन ट्रेड्स के अंतर्गत करीब 76 तरह के जॉब रोल निर्धारित किए हैं, जो निश्चित रूप से छात्रों के व्यावहारिक कौशल, भविष्य की रोजगार संभावनाओं को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक कदम है। योजना छात्रों को पारंपरिक शिक्षा के साथ व्यावसायिक दक्षता प्रदान करने का अवसर देती है। इससे छात्रों को अपने रुचि के क्षेत्रों में प्रारंभिक प्रशिक्षण मिलेगा बल्कि ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में युवा आत्मनिर्भर बन सकेंगे, उन छात्रों के लिए जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा नहीं ले पाते। व्यावसायिक प्रशिक्षण भविष्य में स्वरोजगार या नौकरी के बेहतर अवसर खोल सकता है। नीति का उद्देश्य सराहनीय है लेकिन क्रियान्वयन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा मुद्दा है कि स्कूलों को इन पाठ्यक्रमों के संचालन की पूरी जिम्मेदारी खुद उठानी होगी। न राज्य सरकार से किसी प्रकार की वित्तीय सहायता दी जा रही है, न ही प्रशिक्षकों की नियुक्ति या संसाधनों की व्यवस्था में मदद की बात की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों की स्थिति पहले ही संसाधनों की भारी कमी से जूझ रही है। अनेक स्कूल प्रबंधनों ने इस योजना का समर्थन तो किया है, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया है कि प्रत्येक विद्यालय के लिए 23 ट्रेड्स में किसी एक को शुरू कर पाना चुनौती है। प्रशिक्षित शिक्षक, उपकरण और लैब जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के बिना योजना कागजों तक ही सीमित रह सकती है।

# स्कूल बचाने के लिए 'आप' का प्रदर्शन

- यूपी में एक भी स्कूल बंद नहीं होने देंगे: संजय
- शराब के ठेके 300 मीटर पर, स्कूल 3 किलोमीटर पर क्यों: आप

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद करने के फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने शनिवार को लखनऊ के इको गार्डन में धरना प्रदर्शन किया। आंदोलन का नेतृत्व आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने किया। प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, अभिभावकों और आम नागरिकों ने भाग लिया। धरना स्थल पर स्कूल बचाओ, देश बचाओ और मधुशाला नहीं, पाठशाला चाहिए जैसे नारे गूंजते रहे, जो योगी सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के गुस्से और संकल्प को दर्शा रहे थे।धरने को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में एक भी सरकारी स्कूल बंद नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सरकार को आम जनता और पार्टी के विरोध के कारण स्कूल बंद करने की 1 किमी दूरी और 50 छात्रों की शर्त वाले निर्णय पर पीछे हटना पड़ा, जो जनता की आंशिक जीत है। जब तक प्रदेश के अंतिम स्कूल को भी बंद करने की योजना पूरी तरह रद्द नहीं हो जाती, तब तक यह आंदोलन रुकेगा नहीं।संजय सिंह ने अपने भाषण की शुरुआत शंख बजाकर की और कहा कि अब प्रदेश की जनता को भी शंखनाद करना होगा ताकि वे लोग जागें जो शिक्षा के मंदिर बंद कर मदिरालय खोलने की तैयारी में हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह न्याय है कि शराब की दुकानें तीन सौ मीटर पर खोली जा रही हैं और स्कूल खोलने के लिए तीन किलोमीटर की बाध्यता लागू की जा रही है? उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे हर उस स्कूल पर जाएं जिसे बंद किया गया है और देखें कि क्या वह दोबारा खुला है या नहीं।उन्होंने योगी सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा कि यह फैसला गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के बच्चों को शिक्षा से दूर करने की साजिश है। जब तक प्रदेश का एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित रहेगा, आम आदमी पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** कानपुर में गैंगरेप के बाद छात्रा की हत्या के मामले में गवाही देने नहीं आ रहे केस के विवेचक इंस्पेक्टर रत्नेश यादव को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश एडीजे-11 ने दिया है। आदेश इंस्पेक्टर के मोबाइल पर भेज दिया गया है। उनका वेतन रोकने का भी आदेश दिया गया है। इसकी प्रति लखनऊ पुलिस की साइबर सेल को भेजी गई है।रेलबाजार निवासी छात्रा 29 दिसंबर 2021 की सुबह कॉलेज जाने के लिए निकली थी। दोपहर एक बजे बहन ने फोन किया पर उसका फोन नहीं उठा। कई बार फोन किया गया पर बात नहीं हुई। रात आठ बजे अचानक एक युवक ने कॉल रिसीव की और छात्रा के सीओडी पुल के पास पड़े होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन छात्रा को कांशीराम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने कई घंटे पहले मौत होने की पुष्टि की। जांच के बाद पता चला कि युवती की गैंगरेप के बाद बिजली के तार से गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों ने सोमनाथ गौतम, सत्यम मौर्या व रावेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।एडीजीसी भास्कर मिश्र के मुताबिक मामले में अब तक मृतका के भाई, मौसी व एफआईआर लेखक के बयान दर्ज किए जा चुके हैं जबकि विवेचक रहे तत्कालीन रेलबाजार इंस्पेक्टर रत्नेश यादव को कई तारीखों से गवाही के लिए बुलाया जा रहा है, लेकिन वह नहीं आ रहे हैं। एडीजीसी ने बताया कि वर्तमान में इंस्पेक्टर लखनऊ साइबर सेल में तैनात हैं। अगली सुनवाई छह अगस्त को होगी।

### खण्ड शिक्षा अधिकारी की भर्ती का रास्ता साफ

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ की भर्ती का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद उत्तर प्रदेश शैक्षिक सामान्य शिक्षा संवर्ग सेवा संशोधित नियमावली 1992 को जारी कर दिया गया है, जिससे न केवल भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाया गया है, बल्कि वर्षों से चली आ रही कानूनी पेचिदगियों को भी दूर किया गया है। संशोधित नियमावली में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव शैक्षिक योग्यता से फ्समकक्षताफ् शब्द को हटाना है। पहले नियमों के तहत, उम्मीदवार को फ्स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष उपाधिफ् धारक होना अनिवार्य था। इसका अर्थ यह हुआ करता था कि कोई भी अपनी डिग्री को समकक्ष बताकर आवेदन कर सकता था, जिससे बाद में कानूनी विवाद और मुकदमेबाजी की स्थिति बनती थी। संशोधन के बाद केवल उन्हीं उम्मीदवारों को पात्र माना जाएगा जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, मानित विश्वविद्यालय या संस्था से प्राप्त स्नातकोत्तर उपाधि होगी। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि अब कोई भी बिना स्पष्ट मान्यता की उपाधि के आवेदन नहीं कर सकेगा।पुरानी नियमावली में एलटी डिप्लोमा, बीटीसी, बीएड या समकक्ष उपाधि को अधिमानी अर्हता के रूप में मान्यता प्राप्त थी लेकिन संशोधित नियमों में एलटी डिप्लोमा और बीटीसी को हटा दिया गया है। अधिमानी योग्यता के रूप में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने एनसीटीई से मान्यता प्राप्त संस्था से बीएड की उपाधि प्राप्त की हो।

## हम दुनिया तक पहुंचा रहे तथागत का संदेश: जयवीर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

भगवान बुद्ध की पावन स्थली यूपी अब अपनी समृद्ध बौद्ध विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने जा रहा है। पर्यटन विभाग 7 से 10 अगस्त तक दक्षिण कोरिया के बुसान शहर में आयोजित बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज़्म एक्सपो में पवेलियन के माध्यम से 'बोधि यात्रा' और सांस्कृतिक पहचान को विश्व समुदाय के समक्ष प्रदर्शित करेगा। यह आयोजन भगवान बुद्ध की आध्यात्मिक विरासत को शांति, करुणा और 'धम्म' के संदेश के साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दक्षिण कोरिया के बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज़्म एक्सपो-2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन के भव्य पवेलियन का उद्घाटन भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा किया जाएगा। विशेष पवेलियन भारत और कोरिया के बीच 2,500 वर्षों से अधिक पुराने ऐतिहासिक और आध्यात्मिक संबंधों को समर्पित होगा। पवेलियन में भगवान बुद्ध के संदेश और उनकी सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, कपिलवस्तु और कौशांबी तक की यात्रा को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

# नवाचार और निर्यात के पथ पर अग्रसर यूपी का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- यूपी में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को नई उड़ान, निर्यात को मिल रहा बढ़ावा
- दुबई पहुंचा यूपी का बिस्कुट, वाराणसी से हुआ 34 हजार किलो का निर्यात
- उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को दिया जा रहा बढ़ावा: केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन मे उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को नई गति देने के लिए प्रयासरत है। उद्योगों की स्थापना, तकनीकी उन्नयन और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को सब्सिडी के साथ निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं का भी लाभ दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हो, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य, युवाओं को रोजगार और राज्य को निर्यात से अधिक राजस्व प्राप्त हो। यह पहल प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में एक ÷निर्यात केंद्रित राज्य÷ के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश मे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने रफ्तार और तेज हो गयी है। उत्तर प्रदेश मे निवेशको के प्रस्ताव लगातार प्राप्त हो रहे हैं और प्राप्त प्रस्तावो औपचारिक कार्यवाही भी तेजी से हो रही है। वाराणसी से एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है, जहां से 34 हजार किलोग्राम बिस्कुट का निर्यात दुबई के लिए किया गया है। यह कदम प्रदेश के उद्यमियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है और वैश्विक बाज़ार में उत्तर प्रदेश के उत्पादों की मांग को दर्शाता है । खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के नवीन प्रस्तावों के परीक्षण हेतु ÷अप्रेजल समिति÷ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तावों के तकनीकी, वित्तीय और व्यावसायिक पहलुओं का परीक्षण कर उन्हें शीघ्र अनुमोदन देने की दिशा में निर्णय लिए गए। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण के नवीन प्रस्तावों के परीक्षण हेतु अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीना की अध्यक्षता में शनिवार को नेशनल बटॉनिकल रिसर्च इन्स्टीट्यूट एनबीआरआई के सभाकक्ष में अप्रेजल समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में अप्रेजल समिति के सदस्यों के अतिरिक्त प्री-अप्रेजल समिति द्वारा संस्तुत परियोजनाओं से सहारनपुर, बरेली, कानपुर नगर, मेरठ, अमरोहा शाहजहांपुर, मथुरा, सीतापुर, अलीगढ़, झांसी, बदायूं, पीलीभीत, कुशीनगर, वाराणसी एवं बुलन्दशहर के निवेशकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अप्रेजल समिति की बैठक में सोलर पावर प्लाण्ट, बेकरी, पल्प, फूट जूस, फ्रोजन फूड, नमकीन, पिनट्स, पशु आहार, लॉलीपॉप, जैली, कैण्डी आदि से सम्बन्धित प्रस्तावों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए 23 प्रस्तावों के सापेक्ष सम्भावित निवेश 132 करोड़ की 17 परियोजनाओं को राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करने की संस्तुति की गयी। अप्रेजल समिति द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अन्तर्गत निर्यात को प्रोत्साहन सब्सिडी श्रेणी अन्तर्गत वाराणसी के निवेशक द्वारा 34 हजार किलोग्राम बिस्कुट दुबई एक्सपोर्ट किया गया, से सम्बन्धित प्रस्ताव पर संस्तुति करते हुए अध्यक्ष द्वारा प्रदेश के पूर्वान्चल क्षेत्र से अपेक्षानुरूप प्रस्ताव प्राप्त न होने पर चिन्ता व्यक्त की गयी तथा उपस्थित अधिकारियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं पूर्वान्चल क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण की प्रबल सम्भावना के दृष्टिगत् अधिक से अधिक प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु निवेशकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये। अपर मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 में अधिक से अधिक पूंजी निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाय।विभिन्न क्षेत्रो यथा-फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, दुग्ध प्रसंस्करण, रेडी टू इट रेडी टू कुक खाद्य पदार्थ ब्रेक फास्ट सिरियल्स स्नैक्स बेकरी एवं अन्य खाद्य पदार्थ, अनाज दाल एवं तिलहन प्रसंस्करण, अन्य कृषि बागवानी उत्पाद-स्पाइस, सोयाबीन, मशरूम प्रसंस्करण, शहद प्रसंस्करण, कोको उत्पाद, गुड आधारित वैल्यू एडेड उत्पाद, फ्रूट जूस पल्प से तैयार कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, अन्य क्षेत्र के खाद्य उत्पादों जो मानव उपयोग के लिए उपयुक्त है, को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत सब्सिडी का प्राविधान है। श्री मीना ने बताया कि नीति अन्तर्गत अद्यतन 332 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर लेटर ऑफ कर्फट एलओसी जारी किया गया है, जिसके सापेक्ष 50 परियोजनायें पूर्ण हो चुकी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जन शिकायतें, पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया।और कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये,शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है।किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया।तहसील तिलोई में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 09 का मौके पर निस्तारण,तहसील गौरीगंज में 44 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का निस्तारण,तहसील मुसाफिरखाना में 24 शिकायतें प्राप्त हुई,जिनमें 02 शिकायतों का निस्तारण तथा तहसील अमेठी में 25 शिकायतें प्राप्त हुई,जिनमें 01 शिकायत का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10ः00 बजे से 12ः00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने तहसील परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह,क्षेत्राधिकारी तिलोई,तहसीलदार तिलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बी एच ई एल से लौट रहे युवक से लूट

# तमंचे के बल पर मोबाइल और नकदी लूटकर बदमाश फरार

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के विकास खण्ड सिंहपुर के ग्राम कटोरवा मजरे फूला निवासी रमेश यादव बी एच ई एल परिसर में स्थित मारुति वाइपर कंपनी में काम करते हैं।रोज की तरह शुक्रवार देर शाम को भी वे ड्यूटी कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे।जब रमेश रुकूनपुर पुल के पास पहुंचे,तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर रुकवा लिया।रमेश के रुकते ही बदमाशों ने उन पर तमंचा तान दिया।और सीधे माथे पर सटा कर जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने रमेश से उनका मोबाइल फोन और जेब में रखे नकदी रुपए छीन लिए और मौके से फरार हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही शिवरतनगंज थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश में क्षेत्र में घेराबंदी की।इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक पकड़ में आया,जिसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।लेकिन, पूछताछ के दौरान ही आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा घटनास्थल के आस-पास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है,ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके। लेकिन इस मामले में अभी तक पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है। इस मामले को लेकर जब शिवरतनगंज पुलिस से संपर्क करने की कोशिश की गई तो नेटवर्क समस्या के चलते उनसे बातचीत नहीं हो सकी।हालांकि स्थानीय सूत्रों के अनुसार पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।लोगों का कहना है कि यदि पुलिस सतर्क होती तो,आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार नहीं हो पाते।

# तेंदुए का कहर, लकड़ी काटने गए दो युवकों पर किया हमला

## ग्रामीणों के शोर मचाने पर भागा तेंदुआ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को नेवादा बिरई का पुरवा गांव के पास जंगल में लकड़ी काटने गए दो युवकों पर तेंदुए ने हमला कर दिया।ग्रामीणों की सूझबूझ और साहसिकता से बड़ी अनहोनी टल गई,लेकिन घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।घटना शनिवार दोपहर की है,जब बलदेव 32 वर्ष,निवासी भैद पुर गाजन पुर दुव रिया और सोनू 28 वर्ष केनिवासी बिरई पुर जंगल में लकड़ी काटने गए थे।इसी दौरान काढू नाला के विशाल जंगल से निकला तेंदुआ उन पर झपट पड़ा। युवकों के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ भाग गया,जिससे युवकों की जान बच गई।घायल बलदेव और सोनू को ग्रामीणों की मदद से तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और भाले सुल्तान थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग की टीम ने आसपास के जंगलों में तेंदुए की तलाश की, लेकिन तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिला।

### ग्रामीणों को लाउडस्पीकर के माध्यम से चेतावनी

पुलिस और वन विभाग ने लाउडस्पीकर से ग्रामीणों को सतर्क रहने और खतरनाक जंगल क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त तेंदुआ पहले भी कई बार इस क्षेत्र में दिखाई दिया है, लेकिन इस प्रकार का हमला पहली बार हुआ है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि तेंदुआ संभवतः पास में स्थित एक बंद पड़े ईंट-भट्ठे के कमरों में डेरा जमाए हुए है।इससे पहले बहराइच और बाराबंकी में तेंदुए के हमलों की घटनाएं सामने आई थीं,अब अमेठी में भी तेंदुए की दहशत देखने को मिल रही है।ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़कर जंगल में छुड़वाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में भय का माहौल समाप्त हो सके।

# विकास भवन परिसर में आकांक्षा हाट कार्यक्रम का आयोजन

## विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन


**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



शनिवार को विकास भवन परिसर में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह व आकांक्षा हाट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आकांक्षा हाट के तहत विभिन्न विभागों,स्वास्थ्य,बेसिक शिक्षा,बाल विकास,उद्योग, पंचायती राज जल जीवन मिशन,पशुपालन,आईटीआई, बैंक,सेवायोजन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी एवं जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने फीता काटकर किया।तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।इसके उपरांत जनपद के आकांक्षात्मक विकासखंड जामों,जगदीशपुर व शुकुल बाजार में नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों,कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।जिसमें विकासखंड जामों के खंड विकास अधिकारी शेर बहादुर,प्रिया पांडे एएनएम स्वास्थ्य केंद्र मवई,रीता एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र रामगढ़ी, शिवकुमारी आशा ग्राम पंचायत बरौलिया,कांति शुक्ला आशा ग्राम पंचायत बीरीपुर,रेखा देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत हरदासपुर,रीता रानी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत अगरावां, कृषि क्षेत्र में अजय कुमार जायसवाल कृषि सहायक हरगांव, स्वयं सहायता समूह गठन में पवन कुमार कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर, शकुंतला समूह सखी,विकासखंड जगदीशपुर में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुमन एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र कठौरा, सीता देवी एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र तेतारपुर,पवन कुमारी आशा ग्राम पंचायत मंगौली,प्रेमलता श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत पूरे गोसाई,कुमारी बेबी आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम पंचायत महादेवन का पुरवा,कृषि क्षेत्र में सोमदत्त कृषि सहायक निहालगढ़, अभिषेक कुमार तिवारी कृषि सहायक माहेमऊ,स्वयं सहायता समूह गठन में रामपति समूह सखी, क्षमा देवी समूह सखी तथा विकासखंड शुकुल बाजार में खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज,ब्लॉकों में पर्यवेक्षणीय कार्य के लिए नीरज श्रीवास्तव जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,राम शंकर रावत अपर सांख्यिकीय अधिकारी,भूपेंद्र तिवारी अपर सांख्यिकीय अधिकारी, देवेंद्र कुमार सिंह अपर सांख्यिकीय अधिकारी को जिला पंचायत अध्यक्ष,जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।बताते चले कि प्रधानमंत्री के विजन एवं मार्गदर्शन में पूरे भारत में तथा मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में प्रदेश के आकांक्षात्मक जनपदों एवं विकासखंडों का चयन कर उनको एक श्रेणी में लाने के लिए पांच थीम स्वास्थ्य एवं पोषण,शिक्षा,कृषि, आधारभूत संरचना,सामाजिक विकास की नींव रखी गई।जिसके अनुपालन में जनपद में कुल तीन विकासखंडों जामों,जगदीशपुर एवं शुकुल बाजार का चयन किया गया था।कार्यक्रम में मुख्यचिकित्साअधिकारी डॉ अंशुमान सिंह जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह,पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव,डीसी मनरेगा शेर बहादुर, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# साहब यहां वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं

**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल अमेठी**



प्रशासन ने कस्बे में किसी भी स्थान पर ग्राहकों और दुकानदारों के वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की है। इस कारण कस्बे में जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। लोग अपने वाहन दाएं-बाएं बेतरतीब तरीके से खड़े कर देते हैं। इससे वहां से निकलने वाले अन्य वाहन फंस जाते हैं और जाम की समस्या पैदा हो जाती है। यहां तक कि कई बार अधिकारियों की गाड़ियां भी जाम में फंसी देखी जा सकती हैं लेकिन प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। खासकर अंबेडकर चौराहा मेन मार्केट कटरा तिराहा पर इन वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी देखी जाती है। जाम में कई बार तो एंबुलेंस के अलावा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन भी सायरन बजाते हुए देखे जाते हैं।प्रशासनिक अधिकारी भी इस जाम को देखकर अनजान बने रहते हैं और समस्या को निपटाने के बजाय यहां से निकलने के प्रयास में जुटे रहते हैं। वाहनों को खड़ा करने के मामले को लेकर बाजारों में ग्राहक और दुकानदारों के बीच आए दिन कहासुनी भी देखी जाती है। सड़कों पर खड़ी बाइकों व अन्य वाहनों के कारण तो यहां से पैदल निकलना भी दूभर हो जाता है।दुकानदारों ने इस मामले को कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराया गया लेकिन जिम्मेदार इस ओर गंभीर नहीं हैं।

### क्या कहते हैं लोग

बाजार में वाहन पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है।जब सामान खरीदने बाजार पहुंचते हैं तो अपने वाहन को काफी दूर खड़ा करना पड़ता है। इस कारण वाहन चोरी होने का खतरा बना रहता है। बाजार में किसी भी स्थान पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए। सप्ताहिकी बाजार वाले दिन अवैध रूप से गलत तरीके से खड़े वाहनों के कारण आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। बाजार से पैदल निकलना भी दूभर हो जाता है। कई बार तो वाहनों के कारण एंबुलेंस व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। प्रशासन को बाजार में वाहन पार्किंग की व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए।

## रामचरितमानस मानवता का संविधानः डॉ. चंपा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** गोस्वामी तुलसीदास की 528वीं जयंती के अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन इकाई की ओर से सई नदी तट स्थित ऐतिहासिक शहीद स्थल प्रांगण में एक प्रेरणास्पद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रात पांच से सात बजे तक योग अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फिरोज गांधी पीजी कॉलेज की पूर्व प्राचार्या डॉ. चंपा श्रीवास्तव ने की। पूर्व प्रचार्या ने तुलसीदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। साथ ही सम्बोधित करते हुए कहा कि रामचरितमानस सर्जन हिताय, जीवन निर्माण का शास्त्र है। यह केवल एक महाकाव्य नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का जीता-जागता दर्शन है। रामायण केवल कथाओं का संकलन नहीं, बल्कि भारतीय नारी गरिमा, मर्यादा, समर्पण और संवेदना का सजीव चित्रण है। सीता जी द्वारा लक्ष्मण और राम के साथ वनगमन करते समय जिस शिष्ट, सुसंस्कृत और मौन भाषा में अपना परिचय दिया गया।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया मित्रता दिवस

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में मित्रता दिवस पर विद्यार्थियों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए सच्ची मित्रता की अहमियत जानी। छात्रा अरना यादव ने मित्रता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि किसी के साथ खड़े होने का दिखावा करना मित्रता नहीं है, आजकल दोस्तों के चेहरे पर केक लगाना, उन्हें गलत शब्दों का प्रयोग कर बुलाना ट्रेंड में है और यही मित्रता समझी जाती है,यह दोस्ती नहीं है। मित्रता का सबसे बड़ा उदाहरण भगवान् श्री कृष्ण और सुदामा की दोस्ती है जहां जाति,धर्म, अमीरी, गरीबी से परे सिर्फ प्यार था, एक गरीब ब्राह्मण के रूप में भी श्री कृष्ण ने सुदामा को गले लगाया और उनके पैर धोये , ऐसा ही एक उदाहरण कर्ण और दुर्योधन का भी है जहां समाज से अपमानित कर्ण को दुर्योधन ने अपना मित्र बनाया तो कर्ण ने भी जीवन पर्यन्त उसे निभाया , कर्ण, दुर्योधन की हर बात से सहमत नहीं था लेकिन वह मित्रता में वफ़ादारी पर विशवास करता था। मित्रता पर कुछ हृदयस्पर्शी कविताओं और गीतों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संयोजिका संचिता त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को बताया कि मित्रता में कोई झिझक नहीं होती यह वह रिश्ता है जो खून के रिश्तों पर भी भारी पड़ता है ,हर व्यक्ति के जीवन में एक ऐसा मोड़ जरूर आता है, जब उसे अपने दिल की बातें शेयर करने के लिए माता-पिता या भाई-बहन की नहीं बल्कि एक सच्चे दोस्त की जरूरत होती है, जिससे आप खुलकर अपने दिल की बात कह सकते हैं। हमें अपने जीवन में कुछ सच्चे दोस्त जरूर बनाने चाहिए जो हमारे बारे में बिना कोई राय बनाये सही-गलत का फर्क समझा सके। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धान की फसल को हानिकारक रोग/कीट के प्रकोप से बचाने के लिए सुझाव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला कृषि रक्षा अधिकारी अखिलेश पांडेय ने जनपद के समस्त किसान भाइयों को सलाह दी है कि माह अगस्त में धान की फसल को हानिकारक रोग/कीट के प्रकोप से बचाने के लिए नियमित साप्ताहिक निगरानी करते रहे। मुख्यतः धान की फसल में जीवाणु झुलसा एवं जीवाणुधारी रोग से बचाव हेतु 15 ग्राम स्ट्रप्टोमाइसिन सल्फेट 90 प्रतिशत + टेट्रासाइक्लिन हाइड्रोक्लोराइड 10 प्रतिशत घोल को 500 से 750 लीटर पानी में प्रति0हे0 की दर से छिडकाव करें तथा फफूंदजनित रोग शीथ ब्लाइट एवं झोका रोग के नियंत्रण हेतु कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत डब्लू0पी0 500 ग्राम मात्रा अथवा थायोफिनेट मिथाइल 70 प्रतिशत डब्लू0पी0 1000 किग्रा0 मात्रा 500 से 750 लीटर पानी में घोलकर प्रति0हे0 की दर से पर्णीय छिडकाव करने की सलाह दी जाती है।

धान की वानस्पतिक अवस्था में लगने वाले प्रमुख कीट जड की सूडी, दीमक एवं पत्ती लपेटक कीट के नियंत्रण हेतु खेत के मेडे घास मुक्त होनी चाहिए तथा यूरिया जैसे उर्वरको का सन्तुलित मात्रा में प्रयोग किया जाय। क्षति आर्थिक स्तर से अधिक होने पर रासायनिक दवाओं का प्रयोग करना चाहिए। जैसे दीमक/जड की सूडी/पत्ती लपेटक कीट के नियंत्रण के लिए क्लोरपायरीफास 20 प्रतिशत ई0सी0 1.25 लीटर मात्रा 500 से 750 लीटर पानी में प्रति0हे0 की दर से छिडकाव करें। अथवा फिप्रोनिल 0.3 जी0 की 20 किग्रा0 मात्रा प्रति/हे0 की दर से छिडकाव करने की सलाह दी जाती है।

धान की फसल में जिंक की कमी से होने वाले खैरा रोग के नियन्त्रण हेतु 10-12 किग्रा0 जिंक सल्फेट 33 प्रतिशत को 20 किग्रा0 यूरिया में मिलाकर बुरकाव करने की सलाह दी जाती है।

खरीफ में उगाई जाने वाली उर्द/ मूंग में मुख्यतः पीला चित्रवर्ण (मोजैक) विषाणु जनित रोग है जिसका वाहक सफेद मक्खी है, के नियंत्रण के लिए एमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस0एल0 500 एम0एल0 मात्रा 500 से 750 लीटर पानी में प्रति0हे0 की दर से पर्णीय छिडकाव करें।

किसान भाई अपनी फसलों में कीट/रोग समस्या की जानकारी अपने मोबाइल फोन पर प्राप्त करने के लिये अपना नाम पिता का नाम, गाँव, ग्राम पंचायत, विकास खण्ड, का उल्लेख करते हुए फसल के संक्रमित भाग की फोटो सहित दूरभाष नं0-9452247111, अथवा 9452257111 पर व्हाट्सएप अथवा सन्देश प्रेषित करें। अधिक जानकारी हेतु विकास भवन स्थित कार्यालय जिला कृषि रक्षा अधिकारी अथवा नजदीकी कृषि रक्षा इकाई पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## कृषक निःशुल्क मिनी किट हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय ने जिले के किसान भाइयों से कहा है कि निःशुल्क मिनीकिट प्रदर्शन हेतु तोरिया बीज प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। पात्र आवेदको के मध्य ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों के चयन की कार्रवाई की जाएगी। चयन प्रक्रिया के उपरांत पास मशीन से निःशुल्क मिनी किट का पैकेट दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक है। जिले के प्रत्येक विकासखंड में लक्ष्य आवंटित हैं तथा कुल 600 पैकेट अर्थात 12 कुंतल तोरिया बीज निःशुल्क किसानों को वितरित किया जाएगा। निःशुल्क मिनीकिट बीज प्राप्त के लिए किसानों को अब ऑनलाइन पंजीकरण पहले कराना होगा। निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण व प्रदर्शन और प्रसार कार्यक्रम के तहत तोरिया (लाही) फसल का दो किलोग्राम बीज दिया जाएगा।

# डीएम-एसपी ने तहसील दिवस में सुनी लोगों की शिकायतें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने तहसील सलोन में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके सामने राजस्व विभाग से 31, पुलिस 11, विकास 06, लो0नि0 विभाग 01, नगर पंचायत 02, वन विभाग 02 एवं जल निगम 01 सहित कुल 54 शिकायतें आयीं।जिनमें से 09 शिकारियों का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। अवशेष प्रकरण को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिए गए कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। इनमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों में पूरी तरह सक्रियता बरती जाए और अगर कोई विवादित शिकायत है तो पुलिस प्रशासनिक संयुक्त टीम मौके पर भेज कर उस समस्या की जांच कर उसका समाधान कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा, उप जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला ओटीडी सेल की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जिला ओटीडी सेल की बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में,अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए जिला स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए की जा रही गतिविधियों की समीक्षा करना और आगे की रणनीति तैयार करना था।

बैठक में, जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें और आने वाले महीनों में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा साझा करें। विशेष रूप से, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, वन विभाग और डेटा संग्रहण जैसे क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की गई।

# मानहानि मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से कंगना रनौत को झटका

## याचिका खारिज



अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने एक मानहानि मामले को रद्द करने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। यह मामला किसान आंदोलन के दौरान कंगना के एक एक्स पोस्ट से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने बुजुर्ग महिला मोहिंदर कौर की तस्वीर पर टिप्पणी की थी। साल 2021 में केस दर्ज कराया गया था।

मोहिंदर कौर ने कंगना के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था, जिसे कंगना ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। साल 2021 में दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के दौरान कंगना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने मोहिंदर कौर की तस्वीर का जिक्र करते हुए विवादास्पद टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी को मोहिंदर कौर ने अपमानजनक माना और उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाते हुए बठिंडा में कंगना के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज करवाया। कंगना ने इस केस को रद्द करने की मांग करते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनकी दलील थी कि उनका एक्स पोस्ट अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में था और इसमें मानहानि का कोई इरादा नहीं था। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद कंगना की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने माना कि मानहानि का मामला प्रथम दृष्टया बनता है और इसे रद्द करने का कोई आधार नहीं है। इस फैसले के बाद कंगना को मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है। मोहिंदर कौर के वकील ने कहा कि यह फैसला न केवल उनके लिए, बल्कि उन सभी के लिए महत्वपूर्ण है जो सोशल मीडिया पर गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों से प्रभावित होते हैं। किसान आंदोलन के दौरान कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर दो तस्वीरें शेयर करते हुए विवादित टिप्पणी की थी। आंदोलन में शामिल लोगों को उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा बताया था। बठिंडा में ही नहीं, कंगना रनौत के विवादित बयान के कारण कई जगहों पर उनके खिलाफ कानूनी शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। बुलंदशहर और आगरा की कोर्ट में किसानों ने महिलाओं के अपमान का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था।

# 'कांतारा 2' की रिलीज से पहले ऋषभ की आगामी फिल्म का एलान, योद्धा की भूमिका में दिखेंगे अभिनेता



अश्विन गंगाराजू के निर्देशन में बन रही आगामी ऐतिहासिक-एक्शन ड्रामा फिल्म में ऋषभ शेट्टी शानदार किरदार में नजर आने वाले हैं। इसकी घोषणा खुद मेकर्स ने आज 30 जुलाई को फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए किया है। इस पोस्टर ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर एक अलग रोमांच पैदा कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर ऋषभ शेट्टी की आगामी फिल्म का एक पोस्टर रिलीज किया है, जिसके टाइटल की घोषणा अभी नहीं की है। इसमें देखा जा सकता है कि एक योद्धा चेहरे पर कपड़ा बांधे और पीठ पर दो तलवारें लिए हुए दिखाई दे रहा। साथ ही हजारों संख्या में सैनिक रणभूमि में युद्ध करने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा उन सैनिकों का सामना करने के लिए एक तोप और कई बंदूकें दिखाई दे रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'सभी विद्रोही युद्ध में नहीं गढ़े जाते। कुछ को भाग्य द्वारा चुना जाता है और यह एक विद्रोही की कहानी है।' इसके आगे मेकर्स ने लिखा उन्हें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि इस प्रोडक्शन की 36वीं फिल्म का हिस्सा शानदार अभिनेता ऋषभ शेट्टी होंगे।

### दो भाषाओं में शूट होगी फिल्म

ऋषभ शेट्टी अभिनीत इस आगामी फिल्म का निर्माण सितारा एंटरटेनमेंट बैनर के तले किया जाएगा। इसके साथ ही फिल्म को तेलुगु और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जाएगा और मेकर्स इसे तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम सहित कई भाषाओं में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। अश्विन गंगाराजू द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी 18वीं सदी के बंगाल की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी।

### ऋषभ शेट्टी का वर्कफ्रंट

ऋषभ शेट्टी की फिल्मों की बात करें, तो अभिनेता इस समय अपनी आगामी फिल्म कांतारा चैप्टर 1 की तैयारियों में व्यस्त हैं, जो जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 2 अक्टूबर 2025 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन खुद ऋषभ शेट्टी ने ही किया है। वहीं इस फिल्म का निर्माण विजय किरागांदुर द्वारा किया जा रहा है और इसे होमबेल फिल्म्स का सहयोग प्राप्त है।

अनुराग बसु का खुलासा

# रामायण के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ दी इस दिग्गज सिंगर की बायोपिक



रणबीर कपूर फिल्म रामायण में नजर आएंगे। इसे लेकर वे उत्साहित हैं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने दिवंगत दिग्गज गायक किशोर कुमार की बायोपिक को छोड़कर यह फिल्म करने का फैसला किया। रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण की तैयारियों में व्यस्त हैं। उन्हें जब यह फिल्म ऑफर हुई, उसी समय उनके पास दिवंगत सिंगर किशोर कुमार की बायोपिक का प्रस्ताव भी आया था। दोनों में से एक फिल्म को चुनना उनके लिए चुनौती थी। हालांकि, रणबीर ने किशोर कुमार की बायोपिक को छोड़कर रामायण साइन की। इसका खुलासा हाल ही में अनुराग बसु ने किया है। निर्देशक अनुराग बसु ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि रणबीर कपूर ने सिंगर की बायोपिक के बजाय रामायण को चुना। हालांकि, यह फैसला करना उनके लिए बहुत मुश्किल था। मगर, उन्होंने सही फैसला कर लिया। अनुराग बसु ने बातचीत के दौरान बताया कि शेड्यूल में टकराव के चलते रणबीर को दोनों प्रोजेक्ट्स यानी रामायण और किशोर कुमार की बायोपिक में से किसी एक को चुनना पड़ा। उन्होंने कहा, रणबीर के लिए यह जिंदगी में एक मुश्किल चुनाव था। किशोर कुमार की बायोपिक या रामायण। उनके लिए यह बहुत मुश्किल था।

# एक्ट्रेस कल्पिका के पिता ने बेटी को बताया सबके लिए खतरा

**➢ मेंटल हेल्थ को लेकर पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत**




साउथ एक्ट्रेस कल्पिका गणेश से जुड़ी एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। एक्ट्रेस के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि बेटी मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है और वो आसपास व परिवार के लोगों के लिए खतरा बन गई है। वे पुलिस से उसे रिहैब भेजने की गुजारिश कर रहे हैं। साउथ एक्ट्रेस कल्पिका गणेश से जुड़ी एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। उनके पिता संघवर गणेश ने अपनी ही बेटी के बिगड़ते मानसिक स्वास्थ्य को लेकर गच्चीबावली पुलिस स्टेशन में औपचारिक पुलिस शिकायत दर्ज कराई है।

एक्ट्रेस कल्पिका गणेश का कहना है कि उनकी बेटी एक गंभीर मानसिक बीमारी से जूझ रही है। इससे उसे, परिवार और आसपास के लोगों को खतरा है। उन्होंने ये भी खुलासा किया है कि एक्ट्रेस पहले भी दो बार सुसाइड की कोशिश कर चुकी हैं।

**रिहैब में थी एक्ट्रेस, दो साल से नहीं खाई है दवा**

शिकायत में कहा गया है कि कल्पिका को पहले मेंटल ट्रीटमेंट के लिए एक रिहैब सेंटर में एडमिट कराया गया था, लेकिन पिछले दो साल से उसने दवा खाना बंद कर दिया है। इस वजह से वो कथित तौर पर बार-बार डिप्रेशन, आक्रामक व्यवहार और सबके सामने हंगामा करना, ऐसी हरकतें कर रही है।



# अर्जुन बिजलानी संग अंतरंग सीन में डर गई थीं कनिका मान

**पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस कनिका मान ने वेब सीरीज रूहानियत में अर्जुन बिजलानी के साथ काम किया था। इस सीरीज का पहला सीजन साल 2022 में ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर आया था, और दूसरा सीजन उसी साल जुलाई में प्रीमियर हुआ। इस सीरीज में कनिका मान और अर्जुन बिजलानी के बीच कुछ अंतरंग सीन्स थे, जिन्हें करने में एक्ट्रेस का बुरा हाल हो गया था।**

कनिका सेट पर ही रोने लगी थीं। कनिका मान ने फिल्मीज्ञान से बातचीत में यह खुलासा किया। साथ ही बताया कि जब वह रोने लगीं, तो अर्जुन बिजलानी शर्मिंदा होकर सेट छोड़कर चले गए। अर्जुन को लगा कि शायद कनिका उनकी वजह से असहज हो गई हैं। कनिका मान ने बताया, मैं उस सीन को करते हुए रोई थी। मैं सहज नहीं थी। सेट पर कई लोग होते हैं। हां, ऐसे सीन शूट करते समय लोगों की संख्या कम कर दी जाती है, लेकिन फिर भी, यह अजीब था और मैं रोने लगी। मैंने उनसे कहा कि इस सीन को रहने देते हैं। कनिका ने आगे बताया, अर्जुन को कुछ अजीब लगा। उन्हें लगा कि मैं उनकी वजह से असहज हो गई हूं। वह सेट छोड़कर चले गए। मैंने उनसे माफी मांगी। वह मेरे सीनियर हैं। उन्होंने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं। मैंने अर्जुन से माफी मांगी और फिर वह सीन आराम से किया। मालूम हो कि अर्जुन बिजलानी उम्र में कनिका मान से 11 साल बड़े हैं। कनिका मान के करियर की बात करें, तो उन्होंने साल 2018 में बढ़ो बहू में छोटे से रोल से शुरुआत की थी। फिर वह गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा से घर-घर मशहूर हो गईं। साल 2024 में वह टीवी शो चांद जलने लगा में नजर आईं।

# हर्षवर्धन ने सादिया संग शुरू की 'सिला' फिल्म की शूटिंग



सनम तेरी कसम फेम एक्टर हर्षवर्धन राणे अब एक और रोमांटिक-ड्रामा फिल्म में नजर आने वाले हैं, जिसका नाम है सिला। फिल्म की शूटिंग जोरो-शोरो से चल रही है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी है कि फिल्म के दूसरे चरण की शूटिंग आज गुरुवार से शुरू हो रही है, जिसमें अभिनेत्री सादिया खतीब हिस्सा होंगी। आइए जानते हैं अभिनेता ने क्या पोस्ट किया। अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं। शेयर की गई पहली तस्वीर में अभिनेता सिला फिल्म की एक्ट्रेस सादिया खतीब के साथ नजर आ रहे हैं। इसमें दोनों एक्टर्स हाथों में गुलदस्ता लिए दिख रहे हैं और साथ में कुछ प्यारे-प्यारे बच्चे भी नजर आ रहे हैं। वहीं अन्य फोटोज में एक्टर शानदार अंदाज में दिख रहे हैं। आपको बताते चलें कि इन तस्वीरों को अभिनेता ने वियतनाम से पोस्ट की हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए हर्षवर्धन राणे ने पोस्ट में कैप्शन भी दिया है। अभिनेता ने लिखा कि आज गुरुवार से उन्होंने सिला फिल्म के दूसरे चरण की शूटिंग टैलेंटेड एक्ट्रेस सादिया खतीब के साथ शुरू कर दी है। इसके साथ उन्होंने बताया कि ये शूटिंग ओमंग कुमार के निर्देशन में वियतनाम में की जा रही है। 'सिला' फिल्म की कहानी समीर जोशी ने लिखी है, जबकि डायलॉग्स आरंभ एम. सिंह ने तैयार किए हैं। संगीत की जिम्मेदारी अंकित तिवारी, सचेत-परंपरा, श्रेयस पुराणिक और एलेक्सिया एवलिन जैसे प्रतिभाशाली संगीतकारों के पास है। ये टीम पहले ही कई हिट गाने दे चुकी है। अब दर्शकों को इस फिल्म का इंतजार बड़ी बेसब्री से है।



# विक्रांत ने शुरू की फिल्म व्हाइट की शूटिंग, कोलंबो में कर रहे शूट

बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी इन दिनों श्री श्री रविशंकर के जीवन पर बेस्ड बायोपिक व्हाइट की शूटिंग के लिए कोलंबो में हैं। 12वीं फेल जैसी फिल्म से गहरी छाप छोड़ने वाले विक्रांत अब एक ऐसे किरदार में नजर आने वाले हैं, जिसके लिए वो काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट की मानें तो अभिनेता एक महीने तक कोलंबो में ही शूट करने वाले हैं। फिल्म 'व्हाइट' का निर्देशन मोंटू बासी कर रहे हैं और ये फिल्म आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के जीवन के इंस्पायरिंग सफर को बड़े पर्दे पर उतारने की कोशिश करेगी। सूत्रों के मुताबिक, विक्रांत कोलंबो में रहकर फिल्म के अहम सीन शूट करेंगे, जिनमें गुरुजी की कोलंबिया में शांति स्थापना में भूमिका को विशेष रूप से दिखाया जाएगा। कुछ समय पहले श्री श्री रविशंकर के साथ हुई अपनी मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए विक्रांत ने एक भावुक नोट लिखा था, जिसमें उन्होंने गुरुदेव के विशाल व्यक्तित्व को पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी को लेकर अपने डर का जिक्र किया था। उन्होंने लिखा कि इस भूमिका को निभाना आसान नहीं होगा, लेकिन वो पूरी मेहनत से इस किरदार में उतरने की कोशिश करेंगे। फिल्म में कोलंबिया के 52 साल लंबे गृहयुद्ध के आखिर में श्री श्री रविशंकर द्वारा निभाई गई अहम भूमिका को विस्तार से दिखाया जाएगा।

# सैयारा का टाइटल ट्रैक बनाते समय डिप्रेशन में था

**अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' के गाने, खासकर टाइटल ट्रैक कई म्यूजिक चार्ट में छाया हुआ है। टाइटल ट्रैक को बनाने वाले म्यूजिक कंपोजर तनिष्क बागची ने इस गाने को बनाने के पीछे की कहानी बताई है।**



साभार एजेंसी

इंटरव्यू में उन्होंने 'सैयारा' के गाने को प्रोडक्ट ऑफ पेन बताया है। तनिष्क से जब इंटरव्यू में पूछा जाता है कि क्या सबसे अच्छा गाना या म्यूजिक दर्द में बाहर आता है? जवाब में वो इस पर हामी भरते हैं।

फिर तनिष्क बताते हैं- 'आप यकीन नहीं करोगे, जब सैयारा बन रहा था, तब मैं बहुत ज्यादा डिप्रेशन में था। मैं रोज दवाई ले रहा हूं। सो नहीं पा रहा था। सफलता तो थी, लेकिन फिर भी एक खालीपन था जिसे मैं समझ नहीं सका। मेरे पास घर था, करियर था, सब कुछ था लेकिन उदासी भी थी। अर्सलान निजामी फैमिली इशू से गुजर रहे थे। फहीम अब्दुल्ला का एग्जाम था। मोहित सर और हम सब खुलकर बात करते थे। हमने अपने अंदर का भारीपन एक-दूसरे के साथ शेयर किया। सैयारा में शामिल हर कलाकार ने इसमें अपना दर्द डाला। मुझे लगता है यही वजह है कि इसका असर इतना गहरा है।' इंटरव्यू में जब आगे तनिष्क से पूछा गया कि आपने तो इतने सारे अच्छे गाने बनाए हैं लेकिन इस बार ऐसा क्या हुआ, जो ऑडियंस को इतना पसंद आया? इस पर वो कहते हैं- 'हमने कभी भी हिट फिल्म बनाने का लक्ष्य नहीं रखा था। हम बस यही चाहते थे कि फिल्म रियल, सिंपल और ईमानदार हो। कोई ड्रामा नहीं, कोई बनावट नहीं। जब यह बना तो मैंने इसे लूप पर सुना। पहली बार, मेरे अपने गाने ने मुझे ठीक करना शुरू किया।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# मिट्टी में मिला देगी भारत की हाइपरसोनिक बंकर बस्टर मिसाइल

**बता दें कि भारत ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के तहत हाल ही में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के तहत यह तय कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। भारत की यह नीति आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वाले देशों के बीच कोई अंतर नहीं करती है। इसलिए पाकिस्तान का डर स्वाभाविक है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत और पाकिस्तान हर साल 1 जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान करते हैं। यह समझौता 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षरित हुआ था, जो यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी देश दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों को नुकसान नहीं पहुँचाए।**

*हाल ही में अमेरिका ने अपनी अत्याधुनिक बंकर बस्टर बम का उपयोग कर ईरान के भूमिगत परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया था। इसने विश्व को यह दिखाया था कि अत्यधिक संरक्षित और गहराई में स्थित ठिकाने भी सुरक्षित नहीं हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की हाइपरसोनिक मिसाइल पर काम करने की खबरें सामरिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। हम आपको बता दें कि यह मिसाइल बंकर बस्टर वारहेड ले जाने में सक्षम होगी और गहरे भूमिगत ठिकानों को नष्ट कर सकेगी। यह खबर सामने आने के बाद से पाकिस्तान की चिंता बढ़ी हुई है क्योंकि उसके कई परमाणु प्रतिष्ठान भूमिगत बंकरों में स्थित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मिसाइल पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों को आसानी से निशाना बना सकती है। देखा जाये तो भारत की यह उपलब्धि दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन को गहराई से प्रभावित कर सकती है। बताया जा रहा है कि डीआरडीओ की यह नई मिसाइल भारत की अग्नि-ङ्क बैलिस्टिक मिसाइल का संशोधित संस्करण हो सकती है। इसकी गति की बात करें तो यह हाइपरसोनिक है यानि ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक से दौड़ेगी। यह पारंपरिक बंकर बस्टर है और लगभग 7,500 किलोग्राम का वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी भेदन क्षमता 200 फीट तक भूमिगत प्रवेश कर विस्फोट करने की बताई जा रही है। इसकी रेंज लगभग 2,500 किलोमीटर होगी। हम आपको बता दें कि भारत के पास अमेरिका या रूस की तरह महंगे स्टेल्थ बॉम्बर नहीं हैं। इसलिए मौजूदा लड़ाकू विमानों से बंकर बस्टर बम गिराना जोखिमपूर्ण होगा क्योंकि वे दुश्मन के राडार पर आ जाएंगे। परन्तु मिसाइल आधारित प्लेटफॉर्म भारत को सुरक्षित दूरी से गुप्त और सटीक हमले की क्षमता देगा। हम आपको यह भी बता दें कि भारत की यह मिसाइल क्षमता उसकी सामरिक बढ़त को काफी बढ़ा देगी। साथ ही इससे पाकिस्तान की न्यूक्लियर ब्लैकमेल रणनीति भी ध्वस्त हो जायेगी। इस मिसाइल के जरिये भारत सुरक्षित दूरी से दुश्मन के परमाणु ठिकानों को निशाना बना सकेगा। इस मिसाइल का विकास चीन पर भी एक रणनीतिक दबाव बनाएगा। जहां तक इस मिसाइल से पाकिस्तान की चिंता की बात है तो आपको बता दें कि पाकिस्तान की सामरिक मामलों की विशेषज्ञ राबिया अख्तर ने 'डॉन' अखबार में लिखा है कि भारत का यह कदम ÷पारंपरिक और परमाणु रणनीति के बीच की रेखा को धुंधला कर सकता है।÷ पाकिस्तान का कहना है कि यदि भारत इस तरह की मिसाइलों का इस्तेमाल उसके परमाणु ठिकानों पर करता है, तो यह किसी भी दृष्टिकोण से परमाणु प्रथम-हमले जैसा लगेगा, भले ही वारहेड पारंपरिक ही क्यों न हो। राबिया अख्तर ने चेतावनी दी है कि किसी भी परमाणु-सशस्त्र देश के लिए यह मायने नहीं रखेगा कि वारहेड पारंपरिक है या परमाणु। यदि कोई हाई-स्पीड बैलिस्टिक मिसाइल उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर दागी जाती है, तो इसे परमाणु हमले की शुरुआत माना जाएगा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि ऐसी स्थिति में पाकिस्तान अपनी सामरिक या रणनीतिक परमाणु हथियारों का तुरंत इस्तेमाल कर सकता है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत ने हमेशा यह घोषित नीति अपनाई है कि वह परमाणु हथियारों का पहले उपयोग नहीं करेगा। लेकिन बंकर बस्टर मिसाइलें इस नीति के तहत नहीं आती हैं। क्योंकि एक ओर, ये पारंपरिक हथियार हैं और तकनीकी रूप से वह ह्रस्न यानि न्यूक्लियर फर्स्ट यूज नीति का उल्लंघन नहीं करते।*

## एक्सप्रेस आलेख

**मालेगांव के संदर्भ में कांग्रेसी नेताओं द्वारा यह भी कहा गया था कि आतंकवादी घटनाओं में मुस्लिमों से अधिक हिंदू सम्मिलित रहते हैं। 2008 के बाद, विशेषकर 26/11 के मुंबई हमले से ठीक पहले, मालेगांव केस को आधार बनाकर कम्युनिस्ट रिमोटेड कांग्रेस्टिस्टों ने एक ऐसा नैरेटिव खड़ा किया था कि भारत में आतंकवाद को हिंदू संगठन बढ़ा रहें हैं। लेकिन यह एक वैचारिक आगजनी वाला झूठ था राजनीतिक लाभ के लिए रचा गया नैरेटिव, जिसकी कीमत निर्दोष हिंदुत्व के मासूम संतों, सैनिकों व नागरिकों ने चुकाई है। लेफ्ट-लिबरल मीडिया, कुछ स्वघोषित बुद्धिजीवी और वामपंथी इतिहासकारों ने इस नैरेटिव को खुलकर समर्थन दिया।**

# 'भगवा आतंकवाद' शब्द को गढ़ने वाले अब क्षमा मांगें



डॉ. प्रवीण गुगनानी

**इस अभियान का मकसद स्पष्ट था 'जिहादी आतंकवाद' से ध्यान हटाना और राष्ट्रवादी शक्तियों को कठघरे में खड़ा करना। उस समय पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, विशेषकर मुंबई हमलों, संसद हमले, और कंधार कांड जैसे मामलों ने कांग्रेस सरकार की अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित किया था। ऐसे में उन्होंने एक नया नैरेटिव गढ़ा, जिसमें कुछ राष्ट्रवादी चेहरों को आतंकवादी घोषित करके यह दिखाया जाए।**

जब भगवा आतंकवाद जैसा शब्द जबरन गढ़ दिया गया था तब मैंने मेरी कांग्रेस मुक्त भारत की अवधारणा पुस्तक में लिखा था कि भगवा आतंकवाद जैसा कोई शब्द या टर्म हो ही नहीं सकता, यह एक अशब्द है जिसे हमें बोलचाल, लेखन व विमर्श से निकला फेंकना होगा। इस शब्द को मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंग, केंद्र में एकाधिक विभागों के मंत्री रहे पी. चिदंबरम, तत्कालीन गृहमंत्री सुशील शिंदे और कांग्रेस ने केवल मोहरा बनकर गढ़ा था। इस शब्द के पीछे वस्तुतः तो वामपंथी छुपे हुए हैं जो प्रेत बनकर वेताल यानि कांग्रेस की पीठ पर अब भी सवार है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में जब भोपाल से साध्वी प्रज्ञा जी के विरुद्ध दिग्विजय सिंह चुनाव में उतरे थे तब उन्होंने समूचे चुनाव को 'भगवा आतंकवाद' को केंद्र में रखकर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव के मध्य समाचार पत्रों में मेरा एक आलेख भी प्रकाशित हुआ था, जिसका शीर्षक था- 'भगवा आतंकवाद शब्द की अंत्येष्टि का सटीक समय'। इस चुनाव में जानता ने दिग्विजय सिंह को 'भगवा आतंकवाद' जैसा शब्द गढ़ने का यथोचित दंड दे दिया था। इस चुनाव में कम्युनिस्ट नेता सीताराम येचुरी भी भोपाल के सुंदर तालाब के किनारे पर बैठकर हिंदुत्व को मछली समझकर जाल डालकर बैठे हुए दिखे थे। उन्होंने भोपाल के ताल में एक नया शाब्दिक विष उँडेला था- हिंदू तो सदा से हिंसक रहा है। अरे, दिग्विजय जी, येचुरी जी, सहित भगवा आतंकवाद शब्द के सभी कथित नेताओं सुनो; हिंदू सदा से सहिष्णु रहा है, इतना सहिष्णु कि कई अवसरों पर इसका भूगोल और इतिहास ही बदल गया और कई अवसरों पर इस ÷हिंदू सहिष्णुता÷ ने हिंदूत्व के कुछ अध्यायों का समापन ही करवा दिया। यदि ऐसा नहीं होता तो, बाबर हजार मील दूर से भारत में आकर हमारे देश के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि पर बने मंदिर को नेस्तनाबूद कर बाबरी मस्जिद का निर्माण नहीं कर पाता। और, न ही दुर्दांत मुस्लिम शासक तैमुरलंग दिल्ली से हरिद्वार के समूचे मार्ग में हिंदू नरमुंड बिछा पाता, हिंदू हिंसक होता तो बख्तियार खिलजी भारतीय ज्ञान के प्रतीक, नालंदा को यूं आग के हवाले न कर पाता, न ही औरंगजेब काशी विश्वनाथ का मंदिर तोड़ पाता और न ही लाखों भारतीय मातृशक्ति को जौहर करने को मजबूर होना पड़ता। यदि हिंदू हिंसक होता तो गुरु गोविन्द सिंह के दोनों पुत्रों को जीवित दीवार में चुनकर मार डालने जैसी दुर्दांत घटना न हुई होती और न ही, मोहम्मद गजनवी श्रीकृष्ण जन्म स्थान को मथुरा में ध्वस्त कर कब्जा पाता। मालेगांव मामले में आए हुए निर्णय का मर्म यही है कि यदि हिंदू सहिष्णुता और उस पर हुए अत्याचारों का इतिहास और पढ़ना हो तो वे संत मतिदास को पढ़ लें, गुरु तेगबहादुर को पढ़ लें, जलियांवाला बाग पढ़ लें, भगतसिंह के बम फेंकने की मानवीय शैली पढ़ लें, भारत का धर्म



**सोलह वर्षों तक झूठे मुक़दमों का सामना करने के बाद जब आरोपी बरी हो गए, तब न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं था। अब प्रश्न यह है कि क्या यह सब केवल भूल थी, या किसी बड़ी राजनीतिक साजिश का हिस्सा?**

आधारित विभाजन और उसके बाद यहां की भूमि पर मुस्लिमों की बसाहट व पाकिस्तान से हिन्दूओं का मारकाट भरा निर्वासन पढ़ लें, वे सोहरावरदी पढ़ लें, मोपला काण्ड पढ़ लें। और यदि पुराना इतिहास न पढ़ना हो 'भगवा आतंकवाद' की माला जपने वाले नेताओं को हाल ही का 'रामसेतु विध्वंस' 'भगवान राम को काल्पनिक कहने का शपथपत्र' और 'ऐन दीवाली की रात्रि पूज्य शंकराचार्य जी की गिरफ्तारी का तालिबानी आदेश' पढ़ लेना चाहिए। इन घटनाओं सहित लाखों अन्य इतिहास सिद्ध घटनाओं ने यह ब्रह्मसत्य स्थापित किया है कि हिंदू हिंसक नहीं सहिष्णु रहा है, क्षमाशील रहा है, सर्वसमावेश को, सर्वस्पर्श को आतुर व उत्सुक समाज रहा है! मालेगांव के संदर्भ में कांग्रेसी नेताओं द्वारा यह भी कहा गया था कि ÷आतंकवादी घटनाओं में मुस्लिमों से अधिक हिंदू सम्मिलित रहते हैं÷। 2008 के बाद, विशेषकर 26/11 के मुंबई हमले से ठीक पहले, मालेगांव केस को आधार बनाकर कम्युनिस्ट रिमोटेड कांग्रेस्टिस्टों ने एक ऐसा नैरेटिव खड़ा किया था कि भारत में आतंकवाद को हिंदू संगठन बढ़ा रहें हैं। लेकिन यह एक वैचारिक आगजनी वाला झूठ था - राजनीतिक लाभ के लिए रचा गया नैरेटिव, जिसकी कीमत निर्दोष हिंदुत्व के मासूम संतों, सैनिकों व नागरिकों ने चुकाई है। लेफ्ट-लिबरल मीडिया, कुछ स्वघोषित बुद्धिजीवी और वामपंथी इतिहासकारों ने इस नैरेटिव को खुलकर समर्थन दिया। प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल श्रीकांत पुरोहित, स्वामी असीमानंद जैसे लोग, जो राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े थे, उन्हें 'आतंकवादी' की तरह पेश किया गया, मीडिया ट्रायल चला, और तथाकथित सेकुलर ताकतों ने उनकी छवि को नष्ट-भ्रष्ट करने के प्रयास किए। साध्वी प्रज्ञा जी ठाकुर को गंभीर स्थिति के कैंसर की स्थिति में भी कारावास में रखा गया, उन्हें अमानवीय यातनाएं दी गईं। क्या इस पीड़ा के लिए कोई जिम्मेदार ठहराया जाएगा? क्या झूठे मुक़दमों के लिए जांच एजेंसियों की जवाबदेही तय होगी? अब जब सच्चाई सामने आ चुकी है, तो वे चुप हैं- कोई आत्मचिंतन नहीं, कोई क्षमा नहीं। यह उनकी नैतिकता की हार है और इस देश के विवेक के लिए एक चेतावनी भी। आज की आवश्यकता है कि वे हिंदू समाज से उनके द्वारा गढ़े गए छद्म शब्दों के लिए क्षमा मांगे और उनका उत्तरदायित्व हमारा समाज तय करे। कांग्रेस नेतृत्व को अपने इस झूठे नरैटिव गढ़ने के दोष हेतु देश से क्षमा माँगनी चाहिए। मालेगांव 2008, बम विस्फोट केस में कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बाइज़्ज़त बरी कर देना एक बहुत बड़ा न्यायिक पड़ाव है - न केवल उन निर्दोषों के लिए, जिन्होंने वर्षों तक अपमान, पीड़ा और मानसिक प्रताड़ना को भोगा, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक चेतना के लिए भी एक महत्वपूर्ण मोड़ है। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में असफल रहा। अब जब न्यायपालिका ने अपना निर्णय सुना दिया है, तब समय आ गया है कि इस केस के जरिए रची गई उस सुनियोजित 'राजनीतिक कथा' का गहराई से विश्लेषण किया जाए - जिसे 'हिंदू आतंकवाद' कहा गया था। इस अभियान का मकसद स्पष्ट था – 'जिहादी आतंकवाद' से ध्यान हटाना और राष्ट्रवादी शक्तियों को कठघरे में खड़ा करना। उस समय पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, विशेषकर मुंबई हमलों, संसद हमले, और कंधार कांड जैसे मामलों ने कांग्रेस सरकार की अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित किया था। ऐसे में उन्होंने एक नया नैरेटिव गढ़ा, जिसमें कुछ राष्ट्रवादी चेहरों को आतंकवादी घोषित करके यह दिखाया जाए कि भारत में आतंकवाद केवल एक समुदाय तक सीमित नहीं है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 09:41 तक |
| नक्षत्रः | विशाखा 06:28 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | शुक्ल, 06:15 तक |
| सूर्योदयः | 05:47 |
| सूर्यास्तः | 19:03 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 17:26-19:06 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

**खोज खोज कर !**

*मिट्टी में मिला देंगे ।*
*आया बड़ा बयान ।।*
*खोज खोज कर,*
*चुन चुन कर ।*
*लेनी सबकी जान ।।*
*हो कोई भी आका ।*
*तय पड़ना अब भारी ।।*
*जमींदोज करने की ।*
*पूर्ण हुई तैयारी ।।*
*असर दिखने वाला ।*
*भय में पाकिस्तान ।।*
*सचमुच है कुछ बड़ा ।*
*गयी ये दुनिया जान ।।*
*है दहशत का साया ।*
*लगे दौड़ने सारे ।।*
*है करतूत ऐसी ।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# रक्षाबंधन में शुगर ओवरडोज से बचने के लिए अपनाएं 5 स्मार्ट टिप्स

**रक्षाबंधन** का त्योहार प्यार, मिठास और रिश्तों की मिठास का प्रतीक होता है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई उन्हें तोहफे देते हैं। लेकिन इस खूबसूरत मौके पर एक चीज जो सबसे ज्यादा खाई और खिलाई जाती है, वह है- मीठा। मीठे के बिना रक्षाबंधन की रस्म अधूरी है। लड्डू, बर्फी, चॉकलेट, रसगुल्ले- हर घर में रक्षाबंधन पर मिठाइयों की भरमार होती है। ऐसे में शुगर ओवरडोज यानी बहुत ज्यादा मीठा खा लेना आम बात हो जाती है। यह न केवल वजन बढ़ा सकता है, बल्कि ब्लड शुगर लेवल को बिगाड़ने के साथ-साथ पाचन को भी प्रभावित करता है। त्योहार पर मिठा खाना गलत नहीं है, लेकिन अगर आप थोड़ा स्मार्ट प्लान करें, तो आप मीठे का मजा भी ले सकते हैं और गिल्ट भी नहीं होगी। बस जरूरत है थोड़ी सी समझदारी और बैलेंस बनाने की।

### त्योहार के दिन चीनी की मात्रा पर नजर रखें-

त्योहार पर हर बार जो सामने आए, वो खा लेना आदत में शामिल हो जाता है। लेकिन अगर आप जानबूझकर अपनी चीनी की मात्रा पर नजर रखें, तो ओवरडोज से बच सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर आपने दिन में एक रसगुल्ला खा लिया है, तो शाम को बर्फी की बजाय फल



या ड्राई फ्रूट्स का चुनाव करें। इससे आपकी कुल शुगर इनटेक सीमित रहेगी। आप अपने हिस्से की मिठाई पहले ही तय कर लें और उसी तक सीमित रहें और त्योहार के बाद मोटापे से भी बच सकेंगे।

### मीठे के साथ प्रोटीन और फाइबर का संतुलन बनाएं

शुद्ध मिठाइयों में फाइबर और प्रोटीन की मात्रा नहीं होती, जिससे ब्लड शुगर लेवल अचानक बढ़ सकता है। अगर आप मीठा खाने से पहले या साथ में प्रोटीन और फाइबर युक्त चीजें जैसे दही, मूंग दाल चीला, फल या नट्स खा लें, तो शुगर का असर कम होता है। इससे आपको तृप्ति भी मिलती है और मीठे की क्रेविंग भी कम हो जाती है।

### घर पर हेल्दी मिठाई बनाएं

बाजार की मिठाइयों में रिफाइंड शुगर, आर्टिफिशियल रंग और ट्रांस फैट की मात्रा ज्यादा होती है। इसकी जगह आप घर पर खजूर, नारियल और ड्राई फ्रूट्स से बनी मिठाइयां तैयार करें। ये हेल्दी होने के साथ-साथ स्वादिष्ट भी होती हैं। जैसे- ओट्स और डेट्स लड्डू, नारियल-खजूर बर्फी, या रागी के लड्डू- ये सभी आपके मीठे के शौक को भी पूरा करेंगे।

### मिठाई खाने के बाद हल्की एक्टिविटी जरूर करें-

त्योहार जैसे रक्षाबंधन पर खाना खाने के बाद लोग अक्सर आराम करने लगते हैं। लेकिन अगर आप 10-15 मिनट की हल्की वॉक कर लें, तो शरीर में इंसुलिन एक्टिव रहता है और शुगर लेवल स्पाइक नहीं करता। यह आदत ना सिर्फ त्योहार में, बल्कि रोज की दिनचर्या में अपनाना चाहिए, खासकर जब मीठा खाया हो।

### ड्रिंक्स में छिपी शुगर से सावधान रहें

अक्सर हम मिठाइयों के साथ कोल्ड ड्रिंक, पैकेज्ड फ्रूट जूस या मीठी चाय-कॉफी भी पी लेते हैं, जो शुगर की मात्रा को दोगुना कर देती है। कोशिश करें कि ऐसे शुगरी ड्रिंक्स की जगह नींबू पानी, नारियल पानी या हर्बल टी को चुनें। इससे मीठे का बैलेंस बना रहेगा औरडिहाइड्रेशन से भी राहत मिलेगी। रक्षाबंधन जैसे प्यारे त्योहार पर मीठा खाना परंपरा का हिस्सा है।

## एक्सप्रेस विशेष

# हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता



राकेश सैन

**हमारी परम्परा में देह वासना और लोकवासना की भान्ति देववासना व शास्त्र वासना को भी मुक्ति मार्ग की बाधा बताया गया है। इसी तरह की अनेक विशेषताएं हैं जो सत्य सनातन धर्म के मानने वाले अनुयायी को संकीर्ण, कट्टर व आततायी होने की अनुमति नहीं देती।**

**महर्षि चारवाक ईश्वरवाद के उलट और पूर्णतः भौतिकवादी थे। वेदों के बारे उनके विचार नकारात्मक थे परन्तु हिन्दू समाज ने उन्हें भी महर्षि की उपाधि दी। जबकि सेमस्टिक मजहबों में नास्तिकों को 'नोन-बिलीवर या काफिर' कह कर दण्डित करने का प्रचलन है। सनातन समाज ने कभी अपने आप को किसी देव विशेष, ग्रन्थ विशेष या व्यक्ति विशेष से नहीं बांधा बल्कि सत्य की यात्रा को अनवरत बताया।**

**आपरेशन** सिन्दूर पर संसद में हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि 'मैं गर्व से कह सकता हूं कि कोई भी हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता।' गृहमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए उसने भगवा आतंकवाद का झूठा सिद्धान्त बनाया। कांग्रेस ने बहुसंख्यक समुदाय को बदनाम करने की कोशिश की, लेकिन भारत की जनता ने इस झूठ को नकार दिया। शाह के इस ब्यान के बाद चर्चा छिड़ी है कि उन्होंने आखिर ऐसा दावा कैसे कर दिया कि हिन्दू कभी आतंकी नहीं हो सकता? पूछा जा रहा है कि उन्होंने भावावेश में आकर अतकथनी कर दी या हिन्दू अस्मिता के प्रेम में फंस कर ये दावा कर दिया? अमित शाह का उक्त कथन उन लोगों के तो गले बिल्कुल नहीं उतर रहा जो अभी तक इसी विमर्श को पल्लवित-पोषित करते आ रहे हैं कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता', तो फिर कैसे हिन्दुओं को इस मामले में एकतरफा चरित्र प्रमाणपत्र दिया जा रहा है? निष्पक्ष हो कर अमित शाह के ब्यान को जांचा-परखा जाए तो सामने आता है कि इसमें न तो अतिरंजना है न मनोवेश या अतिश्योक्ति, बल्कि यह एतिहासिक सत्य, भारत-भूमि पर पनपा प्रमाणिक हिमालयी तथ्य है कि हिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। आओ सबसे पहले जानें कि आतंकवाद आता कहां से है, इसका वीर्य क्या है? असल में विश्व में ईश्वर को लेकर दो तरह की अवधारणाएं या मार्ग हैं, एक सनातन व दूसरा सेमेस्टिक या सामी। सभी मार्ग सम्मानित हैं, पर इनमें मौलिक अन्तर हैं। सेमेस्टिक मजहब में ईश्वर का एक निश्चित संदेशवाहक या पैगम्बर या दूत, एक ही धर्म ग्रन्थ रहता है-जैसे इस्लाम, ईसाई व यहूदी मजहब। उक्त सभी मजहब अपने-अपने पैगम्बर को ईश्वर का अंतिम दूत और अपने-अपने धर्म ग्रन्थों में वर्णित बातों को ही ईश्वर का अंतिम सन्देश मानते हैं। सामी मजहब वाले केवल ऐसा मानते ही नहीं बल्कि अपने पैगम्बर व ग्रन्थों की बातों को दूसरे से श्रेष्ठ मानते हुए उन पर थोपने का प्रयास भी करते हैं। धीरे-धीरे इनके अनुयायियों में श्रेष्ठता की यही ग्रन्थी केवल मजहबी उन्माद तक ही सीमित नहीं रहती बल्कि रहन-सहन, खान-पीन, भाषा-वाणी अर्थात जीवन के हर क्षेत्र को संक्रमित कर देती है। दूसरे को हीन समझ उस पर अपने विचार व आस्था लादने के लिए कोई क्रूसेड करता है तो कोई जिहाद। दुनिया में ईसाईयत व इस्लाम के नाम पर जो अत्याचार, हिंसा, खूनखराबा हुआ सभी इसी श्रेष्ठा की ग्रन्थी के संक्रमण के चलते हुआ। दूसरे की आस्था के प्रति असम्मान, हिकारत, तिरस्कार में ही आतंकवाद के बीज छिपे रहते हैं। मध्ययुग में ईसाईयत के नाम पर आतंकवाद फैला परन्तु पश्चिमी समाज में आई नवचेतना के चलते इसने रूप बदल कर सेवा व लालच का ले लिया परन्तु इस्लाम के प्रचार-प्रसार का अमानवीय ढंग निरंतर जारी रहा, जिसे आज इस्लामिक आतंकवाद कहा जाने लगा है। आज ईसाई मिशनरीज़ सेवा व लालच के बल पर धर्मपरिवर्तन करते हैं और जिहादी बंदूक की नोक पर, दोनों का लक्ष्य एक ही है कि अपने-अपने मजहबों की संख्या बढ़ाना चाहे साधन अलग-अलग हैं। इस्लामिक जिहाद की तरह अगर ईसाईयों की सेवा व प्रलोभन के प्रपंचों को भी आतंकवाद का नाम दे दिया जाए तो कोई विषयभटकाव नहीं होगा। सामी मजहबों के विपरीत दूसरी विचारधारा है सनातन, जिसे हिन्दू धर्म भी कहते हैं। 'श्री अरविन्द की दृष्टि में हिन्दू धर्म और सामी मजहब' पुस्तक में महर्षि अरविन्द कहते हैं-''जिस धार्मिक संस्कृति को हम आज हिन्दू धर्म के नाम से पुकारते हैं उसने अपना कोई नाम नहीं रखा, क्योंकि उसने स्वयं अपनी कोई साम्प्रदायिक सीमा नहीं बांधी। उसने सारे संसार को अपना अनुयायी बनाने का कोई दावा नहीं किया, किसी एकमात्र निर्दोष सिद्धांत की प्रस्थापना नहीं की, मुक्ति का कोई एक ही संकीर्ण पथ या द्वार निश्चित नहीं किया। वह कोई मत या पन्थ की अपेक्षा कहीं अधिक मानवआत्मा के ईश्वरोन्मुख प्रयास की एक सतत् विकासशील परम्परा है।'' सनातन का विचार है 'एकम सत विप्रा बहुधा वदन्ति' अर्थात सत्य एक है जिसे विद्वान उसे विभिन्न नामों से बुलाते हैं। अर्थात तेरे-मेरे की भावना छोटे मन का प्रतीक है, उदारचित्त वालों के लिए तो सारी पृथ्वी ही एक परिवार है। सनातन धर्म मानता है तेरा धर्म तुझे मुबारक और मेरी आस्था मुझे। दोनों की मार्ग श्रेष्ठ हैं। मार्ग अलग-अलग हैं परन्तु सभी की मंजिल एक है, जैसे सभी नदियां अंततः एक समुद्र में विलीन हो जाती हैं उसी तरह सभी पथ उसी एक मंजिल पर ही मिलते हैं। यही भावना है जो हिन्दू को आतंकवादी बनने से रोकती है। इतिहास साक्षी है कभी भारत ने तलवार के जोर पर न तो किसी के भू-भाग को कब्जाया और न ही दूसरे पर अपना धर्म या विचार थोपा।

# रात में चमकने लगे शहर के मार्ग, सफाई अभियान की नई पहल शुरू

## बाजार बंद होने के बाद हो रही झाड़ू व कूड़ा उठान की कार्रवाई

- पांच टीमों के गठन के साथ नगर पालिका ने रात्रिकालीन सफाई अभियान को दिया प्रारंभ

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में नगर पालिका परिषद ने एक नई पहल करते हुए शुक्रवार रात से रात्रिकालीन सफाई अभियान की शुरुआत कर दी है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल के निर्देश पर यह अभियान शहर के प्रमुख मार्गों पर चलाया जा रहा है, जिसमें पांच टीमों का गठन कर सफाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अभियान का उद्देश्य यह है कि बाजार बंद होने के बाद रात में झाड़ू लगाकर सफाई की जाए ताकि सुबह लोगों को साफ-सुथरी सड़कें मिलें और दिन भर सफाई कार्य से यातायात भी प्रभावित न हो। शुक्रवार रात पहली बार यह अभियान शुरू हुआ, जिसमें पालिका कर्मचारियों ने शहर की सड़कों पर झाड़ू लगाई और कूड़ा उठाया। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर दिशा-निर्देश देते रहे।



### शहर को पांच जोन में बांटकर शुरू हुई सफाई

- सफाई निरीक्षक साबिर अली ने बताया कि शहर को पांच भागों में बांटकर पांच टीमों को रात्रिकालीन सफाई की जिम्मेदारी दी गई है।
- पहली टीम कोतवाली से झंडागंज चौराहा, छिपियान मस्जिद, चावला चौराहा, गैस चौराहा, थाना सुनगढ़ी, छतरी चौराहा होते हुए स्टेशन चौराहा तक सफाई करेगी।
- दूसरी टीम डिग्री कॉलेज चौराहे से जीजीआईसी, थाना सुनगढ़ी, गांधी स्टेडियम होते हुए गौहनिया चौराहा तक सफाई करेगी।
- तीसरी टीम एकता सरोवर से लकड़ी मंडी, बरेली दरवाजा, जेपी रोड, चौक बाजार होते हुए कमले के चौराहे तक सफाई करेगी।
- चौथी टीम कोतवाली से आयुर्वेदिक कॉलेज, खकरा चौकी होते हुए नकटादाना चौराहा तक सफाई कार्य करेगी।
- पांचवीं टीम पुरानी तहसील, सुनहरी मस्जिद चौराहा, रंगीलाल चौराहा, लाल रोड, बिजली घर से होते हुए आईटीआई चौराहा तक सफाई करेगी।

### पालिका अध्यक्ष ने जताई अपेक्षा मिल रहा सकारात्मक रिस्पांस



नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने बताया कि यह प्रयोगात्मक रूप से शुरुआत की गई है। अगर यह व्यवस्था सफल रहती है और नागरिकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती है तो अन्य मार्गों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे और सुबह लोगों को साफ सड़कें मिलें, इसके लिए नाइट स्वीपिंग टीमों का गठन किया गया है। शुरुआत में पांच टीमें बनाई गई हैं, जो रात्रिकालीन सफाई बाजार बंद होने के बाद करेंगी। अच्छा रिस्पांस आने पर अन्य क्षेत्रों में भी यह व्यवस्था लागू की जाएगी। शहरवासियों ने भी इस पहल की सराहना की है और उम्मीद जताई कि इस कदम से स्वच्छता स्तर में सुधार होगा। नगर पालिका की यह पहल न केवल स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में भी अहम मानी जा रही है।

# युवाओं और किसानों के साथ छल कर रही है भाजपा सरकार: नफीस अहमद अंसारी

- सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ समाजवादी पार्टी का जनसंपर्क अभियान, दर्जनों गांवों में जताया विरोध
- जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में गाँव-गाँव जाकर सुनीं गईं जनसमस्याएं,

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



127-सदर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी ने आज भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ज़ोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने ग्राम नाकूड़, बेहरीखेड़ा, कुर्रा कुर्री, भंगा मोहम्मदगंज, ऊगनपुर, फ़करिया, जंगरौली आशा, ढगा, भिखारीपुर, पकरिया, गुलड़िया भिंडारा नगर पंचायत समेत दर्जनों गांवों का भ्रमण किया और आमजन से संवाद किया। अभियान के दौरान पार्टी नेताओं ने गाँव-गाँव जाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और भाजपा सरकार पर तीखे सवाल खड़े किए। जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि, ÷आज नौजवान बेरोज़गार हैं, किसान बेहाल है और सरकार महंगाई पर मौन है। गाँवों में विकास ठप पड़ा है, सड़कों की हालत बदतर हो चुकी है। गरीबों की योजनाएं केवल कागज़ों तक सीमित हैं, जमीन पर सच्चाई कुछ और ही है।÷उन्होंने आगे कहा कि ब्क्ष जैसे जनजागरूकता अभियानों पर पुलिसिया दमन और विपक्ष की आवाज को दबाना लोकतंत्र का अपमान है। सपा जिलाध्यक्ष ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि सरकार केवल विज्ञापनों में विकास दिखा रही है, जबकि जमीनी हकीकत जनता की तकलीफें बयां कर रही हैं।जनसंपर्क अभियान में प्रमुख रूप से सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान, नरेंद्र मिश्रा कट्टर, हाजी अकबर अहमद अंसारी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य, 127 सदर विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, धनपति वर्मा एडवोकेट, 129 पूरनपुर विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव, एजाज मलिक, राहुल कश्यप, महेश कश्यप, कालीचरण राना, सुरेश कुमार पल, तुलाराम लोधी, सुमित कुमार, रामसनेही मौर्य, वीरेन्द्र सिंह, जमाल खां, बदरुल हसन, तिलकराम लोधी भगत जी, मोइन मलिक, कलीम अहमद, रहमत शाह, परमजीत सिंह, महेश वर्मा, गुरमेल सिंह, भूरा मलिक, नौशाद मलिक, मुन्ने शाह, रामभरोसे वर्मा, ओमपाल, सपा जिला सचिव लियाकत सलमानी, सलीम इदरीशी (नगराध्यक्ष गुलड़िया भिंडारा), द्वारिका प्रसाद (नगर महासचिव) समेत दर्जनों सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता। समाजवादी पार्टी ने अभियान के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि जनता को अब बदलाव की आवश्यकता है, और सपा ही उनकी समस्याओं का समाधान देने में सक्षम है। पार्टी के इस अभियान को स्थानीय जनता का भी व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में रक्षाबंधन पर बनाई गई जैविक राखियाँ

- राखी बनाने, चित्रकला व कविता पाठ प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया उत्साह

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**







गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में रक्षाबंधन के पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही जैविक और अपशिष्ट सामग्री से राखी बनाने की गतिविधि, जिसमें कक्षा 3 से 6 तक के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए घर में उपलब्ध दालें, चावल, ऊन, फल, बीज, बिंदी, राजमा, वेस्ट स्क्रैप पेपर आदि का उपयोग कर सुंदर और रचनात्मक राखियाँ तैयार कीं। यह प्रयास न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता को दर्शाता है, बल्कि उन्हें सतत विकास और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक करता है।इसके साथ ही प्लेग्रुप से कक्षा केजी तक के नन्हे-मुन्नों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया और रक्षाबंधन थीम पर सुंदर चित्र बनाए, वहीं कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन पर कविता पाठ कर अपनी अभिव्यक्ति क्षमता का परिचय दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जया घोष के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। अभिनव तिवारी, विष्णु प्रिया, अक्षांशी, स्वप्निल, प्रियंका, तमन दीक्षित, इशिता गोयल, प्रियांशी सक्सेना, कविशा अग्रवाल, मीना, प्रिन्सी आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा।विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी व संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी ने छात्रों को रक्षाबंधन पर्व के महत्व की जानकारी दी और इस पर्व के माध्यम से भाई-बहन के रिश्ते की भावनात्मक गहराई को समझाने का प्रयास किया।

उन्होंने बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक रहने तथा उनमें गर्व महसूस करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में न केवल रचनात्मकता बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें जीवन मूल्यों, भाईचारे और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी बोध कराती हैं। विद्यालय में आयोजित यह रक्षाबंधन कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास के रूप में देखा गया।

## सदर तहसील में एसोसिएशन पर विवाद गहराया, अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सदर तहसील में एसोसिएशन को लेकर अधिवक्ताओं के बीच विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। शनिवार लगभग 12-00 बजे लखीमपुर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सदर तहसील में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को ज्ञापन सौंपा।अधिवक्ताओं ने तहसील लखीमपुर बार एसोसिएशन को अवैध बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संस्था नियमों के विरुद्ध काम कर रही है। साथ ही यह न्यायिक और सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रही है। लखीमपुर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिवेदी का कहना है कि यह सब निष्कासित और त्यागपत्र दे चुके अधिवक्ताओं के निजी स्वार्थ के लिए किया जा रहा है। उनके अनुसार यह न तो जनहित में है और न ही अधिवक्ता समाज के हित में है। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। यह दूसरी बार है जब सदर तहसील में एसोसिएशन को लेकर विवाद सामने आया है।

# 72 साल की बेवा को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है दरोगा ऋषि राज पांडे

## शारदानगर थाने के दरोगा ऋषि राज पांडे का क्षेत्र में जबरदस्त दहशत पीड़िता से कहा पर्चियां रखी है पोते और तुझे जेल भेज देंगे जेल में चक्की पिसोगी लगातार जीना मुश्किल किए हुए हैं

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



बेटा पागल घर के कपड़े जला रहा घर खोद रहा खाना देने की जगह बहू जमीन गिरवी रख मायके में मौज काट रही पागल पुत्र की हालत देखकर पीड़ित बेवा का हाल बेहाल ऊपर से दरोगा ऋषि राज पांडे के आतंक से बूढ़ी बेवा आत्महत्या के लिए मजबूर पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत बड़ा गांव थाना शारदानगर लखीमपुर खीरी की रहने वाली पीड़िता बेवा शरवरी के चार पुत्री व तीन पुत्र हैं। पीड़िता ने सभी पुत्र पुत्रियों की शादी कर दी और पीड़िता ने तीनों पुत्रों को खेती बाट दी थी एक पुत्र के हिस्से में दो बीघा ज़मीन आई दो बीघा ज़मीन पीड़िता ने अपनी बीमारी मौत जिंदगी के लिए अपने पास रख मकान बांटने के बाद घर के आगे बरामदे में वर्तमान समय में रह रही है।बड़े पुत्र अय्यूब की पत्नी आयशा बानों पुत्री अब्दुल वहीद ग्राम लहबड़ी थाना धौरहरा जनपद लखीमपुर खीरी।जो काफी तंग किए हुए हैं।बड़े पुत्र की शादी को 25 साल पहले हुई थी कोई संतान न होने के कारण 8 साल रहने के बाद बडी बहूं आयशा ने बड़ागांव पंचायत द्वारा पूर्व प्रधान मसाहुद्दीन की मौजूदगी में जबरदस्ती तलाक़ ले ली थी और बहु ने दूसरी शादी जनपद बहराइच के रहने असलम पुत्र निहाली मौलाना से की थी जिससे एक पुत्री हुई असलम शादी शुदा था उसकी पत्नी को जब पता चला तो काफी वाद विवाद हुआ असलम की पत्नी असलम को लेकर बाहर चली गई।बहूं ने पुनः पीड़िता के पुत्र से विवाह किया और पुत्र से एक बीघा जमीन बिकवा कर अपना इलाज कराया और एक बीघा जमीन 20 हजार रूपए पर बहू ने रहन रख दी बहूं द्वारा पीड़िता के पुत्र को काफी सालों से इतना मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया की बड़ा पुत्र अय्यूब पागल हो गया है।जिसको देखकर पीड़िता बहुत दुखी हैं।बहु आयशा पुत्र को मारती है पुत्र को पागल कुत्ता कह कर बुलाती है।विरोध करने पर पीड़िता को बहु द्वारा प्रताड़ित किया जाता है पीड़िता मंझले पुत्र मुनीर के पास रहती है।वहीं खाना खर्च उठाता है।छोटा पुत्र मुशीर अपनी पत्नी के साथ रहता है।परिवार में किसी तरह का कोई वाद विवाद नहीं सिर्फ बड़ी बहू की वजह से पीड़िता के घर में कलह मची हुई है।बहू घर में आतंक मचा कर पीड़िता के विरुद्ध झूठे शिकायती पत्र पुलिस में देती है।

जिससे शारदा नगर थाने का दरोगा ऋषि राज पांडे पीड़िता के घर आकर बहुत प्रताड़ित कर रहे हैं कहते हैं तुम्हारे पोतों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा देंगे बुढ़िया तुझे जेल भेज देंगे दरोगा 12 हजार रूपए मांग रहा है जिसमें पीड़िता ने एक हजार रूपए दिए बाकी रूपए न दे पाने के कारण ऋषि राज पांडे द्वारा काफी गालियां दी और पीड़िता के घर का वीडियो बनाकर पीड़िता को लात मारी जिससे पीड़िता के पैर में चोट आ गई दरोगा ऋषि राज पांडे के भय में पोते काफी डर गये है खाना देने वाले पुत्र भी भय में है पीड़िता को भय है की दरोगा ऋषि राज पांडे के भय से मंझला पुत्र भी खाना देना न बंद कर देंगा सम्पूर्ण मामले की जांच की जाए पागल पुत्र की दशा देखी जाए बहूं द्वारा प्राताडित किए जाने की जांच हो तो बहु और दरोगा ऋषि राज पांडे की संलिप्तता सामने आ जाएगी। शारदा नगर क्षेत्र में दरोगा ऋषि राज पांडे के नाम से लोग डरते हैं

किस समय क्या कर दे किसको फंसा दे झूठे केस में किसको जेल भेज दे कुछ कहा नहीं जा सकता क्योंकि जो दरोगा ऋषि राज पांडे चाहेंगे वहीं होगा।देखते है दरोगा के आतंक से दुखी पीड़िता को न्याय मिल पाएगा की इसी तरह दरोगा ऋषि राज पांडेय पीड़िता पर कहर ढाता रहेगा यह भविष्य के गर्भ में है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### घर में घुसे चोर, लाखों के जेवरात व नकदी ले उड़े

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भगवन्तापुर चुंगी के पास स्थित बाबा कॉलोनी में एक घर में बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। बीती रात धर्मेंद्र पांडेय पुत्र रामकुमार पांडे के घर में एक अज्ञात चोर दीवार फांदकर दाखिल हो गया।घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है जब सभी लोग गहरी नींद में सोए थे। इसी दौरान चोर घर में रखी दो सोने की चैन, कुंडल, कंठी, अंगूठी, झुमकी, चांदी की पायल समेत लाखों के कीमती जेवरात और 13 हजार रुपये नकद लेकर चंपत हो गया। धर्मेंद्र पांडेय के बच्चों ने चोरी करते समय चोर को देख लिया और शोर मचा दिया। शोर सुनते ही घर के अन्य सदस्य जाग गए, लेकिन तब तक चोर मौके से फरार हो चुका था।घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने लाठी-डंडे लेकर आसपास तलाश की, पर कोई सुराग नहीं मिला।रात में ही पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर की छानबीन की और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल चोर का कोई सुराग नहीं मिल सका है।इसी बीच शुक्रवार रात ईदगाह के पास चोर की अफवाह फैलने से बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाल सत्येंद्र कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और चोरों को शीघ्र पकड़ने की मांग की है।

### अधिवक्ता और प्रधानपति पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में जमीन के सौदे को लेकर धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। लाइनपार मोहल्ला साहूकारा निवासी मोहम्मद हनीफ की तहरीर पर मकरंदपुर निवासी अधिवक्ता अरजिंदर सिंह महल और रघुनाथपुर निवासी प्रधानपति नरेंद्र पांडेय उर्फ बबलू पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित ने बताया कि उसने 4.79 एकड़ जमीन 75 लाख प्रति एकड़ की दर से खरीदी थी। सौदे के दौरान आरोपियों ने उसे मुख्त्यारेआम दिखाया, और 20 लाख रुपये अग्रिम तौर पर ले लिए।वर्ष 2027 में पूरा भुगतान कर बैनामा करने की बात हुई थी, लेकिन जब हनीफ समय से पहले बैनामा कराने की बात करने लगा तो आरोपी टालमटोल करने लगे।बाद में पीड़ित को जानकारी मिली कि मुख्त्यारेआम फर्जी था। जब उसने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने धमकाना शुरू कर दिया।शुरुआत में पुलिस नहीं सुन रही थी फरियाद पीड़ित ने जब कोतवाली में शिकायत की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद मामला पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में पहुंचा। एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मोहम्मद हनीफ के अलावा निसार खान (खानका निवासी) और अली अहमद (गणेशगंज निवासी) ने भी ठगी की शिकायत की है। सभी पीड़ितों ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### बंदरों का आतंक, बच्चों को काट रहे बंदर

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ क्षेत्र के कजरी हीरपुर गांव में बंदरों के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार को गांव की तीन दर्जन से अधिक महिलाएं तहसील समाधान दिवस में पहुंचीं और अधिकारियों को बंदरों के उत्पात से अवगत कराया। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि बंदर घर में घुसकर बच्चों को काट रहे हैं, महिलाओं को दौड़ाते हैं और सामान बिखेरते हैं। बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।बंदरों के डर से दरवाजे पर खेलना बंद हो गया है। लोगों का बाहर निकलना भी खतरे से खाली नहीं हैं। महिलाओं ने अधिकारियों से बंदर पकड़वाने के लिए वन विभाग की टीम भेजने की मांग की। उनका कहना है कि यदि समय रहते बंदरों पर काबू नहीं पाया गया तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।

### सांड के हमले में युवक गंभीर घायल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव गुलड़िया भूपसिंह में शुक्रवार शाम करीब सात बजे कोटेदार तेजपाल सिंह के पुत्र लालू पर सांड ने हमला कर दिया।घायल युवक खेत में तार फेंसिंग का काम कर रहा था तभी सांड ने अचानक हमला कर उसे उठाकर पटक दिया। घटना में युवक का पेट फट गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। हमले की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा पशुओं पर नियंत्रण की मांग की है। उनका कहना है कि इससे पहले भी ऐसे हमले हो चुके हैं लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### डीएम ने जर्जर बिल्डिंग ध्वस्त कराने के दिए आदेश

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील परिसर में लंबे समय से खड़ी पुरानी जर्जर बिल्डिंग को लेकर अधिवक्ताओं की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बिल्डिंग ध्वस्तीकरण के आदेश जारी कर दिए हैं। पुरानी बिल्डिंग के पास लगभग 250 अधिवक्ता बैठकर कार्य करते हैं। यह भवन जर्जर स्थिति में था जिससे हादसे की आशंका बनी रहती थी।प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना और विधायक बाबूराम पासवान ने 30 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर ज्ञापन सौंपा था। डीएम ने आदेश जारी करते हुए बताया कि 28 अगस्त को दोपहर 3 बजे तहसील सभागार में नीलामी कराई जाएगी, जिसके बाद भवन को गिरा दिया जाएगा। साथ ही अधिवक्ताओं के लिए चैंबर निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

### कलीनगर और माधौटांडा गौशालाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शनिवार को तहसील कलीनगर के अंतर्गत कलीनगर एवं माधौटांडा गौशालाओं का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए।मॉडल गौशाला और नस्ल सुधार पर फोकस पर उन्होंने कहा कि इन गौशालाओं को मॉडल गौशालाओं के रूप में विकसित किया जाए और गोवंश की नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा दिया जाए। डीएम ने गोमूत्र के व्यवसायिकरण, गोबर गैस प्लांट, और नए टिनशेड निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही गौशाला से सटे तालाब का सौंदर्यीकरण कराने के लिए भी कहा गया।निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो कांवड़िया जख्मी

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी शाहजहांपुर हाईवे क्षेत्र में गांव ककरौआ मोड पर बाइक सवार कांवड़ियों को कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी हालत में दोनों को इलाज के लिए सीएचसी मोहम्मदी में भर्ती कराया डॉक्टरों ने जांच के दौरान दोनों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया आरोपी कार चालक वाहन छोड़कर भाग निकला है। हाईवे पर ककरौआ मोड़ के पास 4 बजे करीब एक बाइक पर कल्लू पुत्र गुड्डू निवासी ग्राम वेस्टा थाना कांट शाहजहांपुर पीछे नन्हू पुत्र रजनीश को बैठाकर गोला कांवड चढ़ाने जा रहे थे मोहम्मदी की ओर से आ रही कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी हालत में दोनों को इलाज के लिए सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टरों ने जांच के दौरान दोनों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया है। पुलिस ने घायलों के पास मिले दस्तावेज पर परिजनों को सूचना दी है।पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू की है।

# नशे के सौदागर अनमोल गुप्ता की लाखों की संपत्ति को पुलिस ने किया कुर्क

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी**



नशे के सौदागर के खिलाफ यह पलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। पलिया पुलिस ने बताया कि पुलिस आरोपी के मकान की कुर्की करने पहुंची गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत अवैध रूप से अर्जित चल-अचल कुल 52,60,000/- (बावन लाख साठ हजार रुपये) की सम्पत्ति 14 (1) गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत जब्त की गई।नशे के सौदागर अनमोल गुप्ता पर 158/25 धारा 2(ड्ड)(2)/3 उ0म0 रोड बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1986 थाना प्रभारी पलिया पंकज त्रिपाठी की मौखिका सूचना पर अभियुक्त गैंग लीडर अनमोल गुप्ता पुत्र लाला उर्फ शिवकुमार गुप्ता निवासी मो0 बाजार प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी के विरुद्ध पंजीकृत होकर उक्त अभियोग के नामित अभियुक गैंग लीडर अनमोल गुप्ता द्वारा पलिया एवं नेपाल बार्डर क्षेत्र में बड़े स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी कर अवैध रूप से अर्जित की गई चल-अचल सम्पत्ति कुल 52,60,000/- (बावन लाख साठ हजार रुपये) रुपये जिला मजिस्ट्रेट लखीमपुर खीरी के आदेश के क्रम में राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क की गई है।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त गैंग लीडर अनमोल गुप्ता पुत्र लाला उर्फ शिवकुमार गुप्ता निवासी मो. बाजार प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी द्वारा बड़े स्तर पर पलिया एवं नेपाल बार्डर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते हुए अवैध सम्पत्ति अर्जित किया है।इसके गिरोह से पूर्व में अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी भी गई थी। गैंग लीडर अनमोल गुप्ता उपरोक्त द्वारा मादक पदाथों की तस्करी कर बढ़ी मात्रा में अवैध सम्पत्ति अर्जित की गई है जिसके द्वारा काफी धन अपनी सुख सुविधाओं में खर्च किया जा चुका है। अवैध सम्पत्ति को उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 14(1) के तहत कुर्क किये जाने हेतु पलिया द्वारा अभियुक्त की चल- अचल सम्पत्ति की जब्तीकरण हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गई थी। प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट महोदया जनपद लखीमपुर खीरी के बाद संख्या 1664/ 25 दिनांकित 26.07.2025 द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अनमोल गुप्ता उपरोक्त द्वारा अपराध घटित करके अवैध रूप से अर्जित की गयी चल-अचल सम्पत्ति को जब्त।

कुर्क करने का आदेश निर्गत किया गया था।

उपरोक्त आदेश के क्रम में आज दिनांक 02/08/2025 को राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 01 मकान जो 910 वर्गफीट (गाटा संख्या 586 रकबा 0.482 हे0) के प्लाट जो अभियुक्त की पत्नी काव्या गुप्ता के नाम दर्ज है जिसकी कीमत करीब 51,70,000/- रूपया तथा पत्नी काव्या गुप्ता के ही नाम से 01 अदद स्कूटी रजि0 न0 यू0पी0-31-सीएम-4870 कीमत करीब 90,000/- रुपया कुल सम्पत्ति की कीमत 52,60,000/- रुपया (बावन लाख साठ हजार रूपया) की चल-अचल सम्पत्ति जब्त कुर्क करने की कार्यवाही सम्पादित की गई है।

उक्त जब्तीकरण से अपराधियों में कड़ा संदेश प्रेषित हुआ तथा आम जन-मानस द्वारा उक्त कार्यवाही की काफी सराहना की गई।

अपराध में लिप्त अभियुक्तो के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही का अभियान प्रचलित रहेगा।

### अन्जुमन हैदरी बरवर के मेंबरों ने की चेहल्लुम की बैठक

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** बरवर हर साल की तरह इस साल भी बरवर में चेहल्लुम इमाम हुसैन (अ?स?) मनाया जाए गा, जिसकी तैयारी को लेकर तमाम लोगों ने जुमे की नमाज़ के बाद बैठक करी जिसमे बाहर से आने वाली अन्जुमन और नौहेख्वान पे चर्चा करी गई और सभी मेंबर को व्यवस्था देखने के लिए अलग-अलग ज़िम्मेदारी दी गई। बरवर में चेहल्लुम इस्लामिक कैलेंडर में सफ़र की 22 तारीख को मनाया जाता है जो की इस साल 17 अगस्त को पड़ेगा, जिसमे आस-पास की जगह से भी काफ़ी तादात में लोग ताबूत की ज़ियारत और अन्जुमनो के नौहे सुनने आते है और इमाम हुसैन की याद में ग़म मनाते है।इस मौके पर समाजसेवी अली शहबाज़ ने बताया चेहल्लुम इमाम हुसैन और उनके साथियो की शहादत के चालीसवें दिन मनाया जाता है, जिसमे मुख़्तलिफ़ इमामबरगाहो में मजलिस-मातम कर के शोक मनाया जाता है ।यह दिन लोगों को एकजुट करता है और उन्हें सत्य, न्याय और बलिदान के महत्व को समझने में मदद करता है। इस मौके पर मौलाना मो? मेंहदी, आरिफ नवाब, अता हैदर गुड्डू, तहसीन हैदर, जावेद ज़ैदी, प्रिंस ज़ैदी और अरमान आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनीं जनता की समस्याएं

जन एक्सप्रेस | महराजगंज




जनपद के सदर तहसील महराजगंज में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें महराजगंज जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए पहुंचे।

जानकारी के मुताबिक जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें और गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि जनता को बार-बार भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यक हो, वहां संबंधित अधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का समाधान करें। डीएम ने स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जो प्रकरण उच्चाधिकारी स्तर से निपटाए जाने योग्य हैं, उनकी रिपोर्ट समय से तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेजी जाए, ताकि उचित समय पर कार्रवाई की जा सके। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि फरियादियों को अपनी शिकायत के समाधान के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे जनता की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता दिखाएं, ताकि लोगों का प्रशासन पर भरोसा और मजबूत हो।

## देवरिया ने कुशीनगर को 3-2 से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

जन एक्सप्रेस | देवरिया

क्षेत्र के भरहेचौरा गांव में चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को पहला सेमीफाइनल मैच देवरिया स्टेडियम और कुशीनगर के बीच खेला गया। इसमें देवरिया ने तीन-दो से कुशीनगर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। देवरिया के खिलाड़ी सुनील कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच शुक्रवार को मुहम्मदाबाद और घोसी के बीच खेला जाएगा। भटनी के भरहेचौरा गांव में चल रही सिद्धेश्वर फुटबॉल प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को देवरिया की टीम ने टॉस जीतकर पश्चिम छोर से खेलने का निर्णय लिया। मैच के पहले हाफ के शुरुआती समय में कुशीनगर के आरिफ ने गोल मार कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके कुछ देर बाद देवरिया के सुनील ने तेज गोल मार स्कोर को बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काफी प्रयास किया लेकिन मुकाबला टाई रहा। आयोजक मण्डल ने दोनो टीमों को अतिरिक्त समय दिया लेकिन उसमें भी गोल नही हो सका।

## देवरिया का आरुष अपहरण व हत्याकांड: देवी को खुश करने के लिए सगे फूफा ने दी थी बलि, 4 आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | देवरिया



एसपी विक्रांत वीर के निर्देशन में गठित टीम ने एक अगस्त को आरोपी मदनपुर के डुमरी के जयप्रकाश गौड़ को पकड़ा। पूछताछ में चौंकाने वाली बातें सामने आईं। सुरौली थाने के पैकौली निवासी इन्द्रजीत गौड़ जिसकी शादी दिसंबर 2024 में आरुष की बुआ से हुई थी, उसके ऊपर ससुराल पक्ष ने देवी का साया बताकर झाड़फूंक कराना शुरू किया। जिले के भलुअनी थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना का खुलासा हुआ है। आरुष नामक मासूम बालक को नरबलि देने के लिए पहले अपहरण किया गया और फिर उसकी गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस जघन्य वारदात में और कोई नहीं उसकी सगी बुआ के दोनों पतियों के अलावा उनके दो अन्य रिश्तेदार संलिप्त है।

यह मामला 17 अप्रैल 2025 को सामने आया, जब पटखौली निवासी सोमनाथ गौड़ ने अपने भतीजे आरुष के गायब होने की सूचना दी। आरुष 16 अप्रैल की शाम से लापता था। प्रारंभिक रूप से अपहरण का केस दर्ज कर पुलिस खोजबीन कर रही थी। इसके बाद एसपी विक्रांत वीर के निर्देशन में गठित टीम ने एक अगस्त को आरोपी मदनपुर के डुमरी के जयप्रकाश गौड़ को पकड़ा।

पूछताछ में चौंकाने वाली बातें सामने आईं। सुरौली थाने के पैकौली निवासी इन्द्रजीत गौड़ जिसकी शादी दिसंबर 2024 में आरुष की बुआ से हुई थी, उसके ऊपर ससुराल पक्ष ने देवी का साया बताकर झाड़फूंक कराना शुरू किया। झाड़फूंक करने वाले इंद्रजीत गौड़ के मामा जयप्रकाश ने कथित तौर पर नरबलि की सलाह दी।

इसके बाद इन्द्रजीत ने अपने साढू गोरखपुर के बड़हलगंज के सिधुआपार निवासी रमाशंकर उर्फ शंकर से मासूम बालक की व्यवस्था करने के लिए 50 हजार में सौदा किया। रमाशंकर ने अपने ही रिश्तेदार योगेश के बेटे आरुष को बहला-फुसलाकर गायब कर दिया और बाद में इंद्रजीत गौड़ के मौसी के लड़के सदर कोतवाली के परसिया मिसकारी निवासी भीम गौड़ के माध्यम से उसे इन्द्रजीत तक पहुंचाया।

तीनों ने मिलकर कोतवाली क्षेत्र के पिपरा चन्द्रभान के एक बगीचे में पूजा-पाठ के नाम पर मासूम का चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी और शव को दफना दिया। कुछ दिन बाद शव निकालकर उसे बोरे में भरकर पिकअप से बरहज के गौराघाट में नदी में फेंक दिया गया। इंद्रजीत की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, फावड़ा, पिकअप वाहन, दो बाइक बरामद कर जब्त कर लिया।

## जान से मारकर ड्रम में भर दूंगी...

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



गोरखपुर के चौरीचौरा इलाके में एक युवक ने अपनी पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करा दी। पति और चार बच्चों को छोड़कर महिला प्रेमी के साथ चली गई थी।

पुलिस ने खोजा तो महिला ने पति को धमकी दी थी।

मेरठ के ड्रम कांड से सहमे गोरखपुर में एक पति ने शुक्रवार को पत्नी की उसके प्रेमी की शादी मंदिर में करा दी। मामला चौरीचौरा थाना क्षेत्र का है। पत्नी हाल ही में पति और अपने चार बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई थी।

पुलिस ने पत्नी को खोजकर पति के हवाले कर दिया था। इसके बाद पत्नी ने जान से मारकर शव ड्रम में भर देने की धमकी दी। तब सहमे पति ने प्रेमी से पत्नी की शादी कराने का निर्णय ले लिया।

जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले शख्स की शादी 15 साल पहले कुशीनगर निवासी महिला से हुई थी। दोनों से चार बच्चे हैं। शख्स बंगलूरू में रहकर पेंटिंग का काम करता है। उसकी पत्नी गांव में बच्चों के साथ रहती थी।

पति ने बताया कि दो साल पहले पड़ोस के गांव का रहने वाला युवक उसके घर पर मिट्टी गिराने आया था। उस दौरान पत्नी का उससे संबंध हो गया। पति ने बताया कि जानकारी होने पर जब उसने विरोध किया तो पत्नी ने प्रेमी से कांफ्रेंस पर बात करा दी।

प्रेमी ने उससे गालीगलौज की। साथ ही दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। हाल ही में जब वह बंगलूरू से घर पहुंचा तो पत्नी अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। शिकायत पर पुलिस ने दोनों को थाने बुलाकर पत्नी को उसके (पति) के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद पत्नी ने उसे जान से मारकर ड्रम में डालने की धमकी दी। तब उसने शुक्रवार को तहसील परिसर में स्थित शिव मंदिर में प्रेमी से उसकी शादी करा दी। इसके बाद से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# ईटहिया मेले में झूला बना मौत! प्रशासन सवालों के घेरे में

## मामूली जगह में बड़े झूला, मौत का कुआं, ब्रेक डांस, टॉय ट्रेन चलाने की दी गई थी अनुमति

- मेले में एक हफ्ते में दूसरा हादसा- ब्रेक डांस झूला ने ली एक व्यक्ति की जान

जन एक्सप्रेस | महराजगंज



जनपद के ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ईटहिया सावन मेले के मनोरंजन क्षेत्र में जिम्मेदारों की लापरवाही से एक फिर बड़ा हादसा हुआ है। शनिवार को बेकाबू ब्रेक डांस झूला से एक युवक नीचे गिर गया। जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान जो दृश्य सामने आया उसने उपस्थित लोगों की सांसे रोक दी। घटना के बाद मेले में अफरा-तफरी मच गई। ऐसे में एक बार फिर मेला प्रशासन की लापरवाही सवालों के घेरे में आ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान भारत से सटे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के नवलपरासी जिला अंतर्गत सुस्ता वार्ड संख्या 5 निवासी विवेक पोखरेल के रूप में हुई है। शनिवार दोपहर करीब एक बजे वह ईटहिया मेले में ब्रेक डांस झूले का आनंद ले रहा था, तभी झूले की तेज़ रफ्तार के दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जा गिरा। इस हादसे में उसके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल निचलौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हैरानी की बात यह है कि महज एक हफ्ते पहले इसी मेले में 'मौत का कुआं' नामक झूले पर करतब दिखाते समय भी एक युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हुआ था। लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने न तो कोई जांच की और न ही मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई सख्त कदम उठाया। इसको लेकर तहसील प्रशासन एक बार फिर सवालों के घेरे में नजर आ रहा है। जबकि स्थानीय लोगों ने हादसे को लेकर भारी नाराजगी जताई है। लोगो का कहना है कि झूले लगाने वाले संचालकों को सुरक्षा मानकों का पालन करवाया जाना चाहिए और प्रशासन को इस ओर गंभीरता दिखानी चाहिए। लोगों ने मांग की है कि मेले में लगाए जाने वाले झूलों की तकनीकी जांच अनिवार्य की जाए और लाइसेंस प्राप्त संचालकों को ही झूले लगाने की अनुमति दी जाए।

मामूली जगह में झूला स्थापित करने को दी गई थी अनुमति, प्रशासन सवालों के घेरे में ईटहिया मेले में मनोरंजन के लिए मौत का कुआं, ब्रेक डांस, टॉय ट्रेन, नाव सहित अनेकों प्रकार की झूला स्थापित करने के लिए मेला प्रशासन ने अनुमति दिया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक झूला मालिक द्वारा ज्यादा पैसे कमाने के लालच में सुरक्षा मानकों को दरकिनार करते हुए क्षमता से अधिक लोगो को बैठकर ओवरलोडिंग के साथ झूला चलाया जा रहा था, और पैसे वसुली का खेल भी बेखौफ चल रहा था। हैरानी की बात यह है कि महज एक हफ्ते पहले इसी मेले में 'मौत का कुआं' नामक झूले पर करतब दिखाते समय भी एक युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हुआ था। इसके बावजूद प्रशासन ने न तो कोई जांच की और न ही मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई सख्त कदम उठाया।इसे लेकर लोगो में आक्रोश व्याप्त हो गया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आया था फरियाद लेकर, शरीर पर उड़ेल लिया तेल, आत्मदाह से पहले लोगों ने बचाया

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



तिक्रमण हटाये जाने व अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए विभिन्न स्तरों पर लगभग 20 बार से अधिक शिकायत की गई। मगर निस्तारण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बनकटी व हल्का लेखपाल भ्रामक रिपोर्ट प्रस्तुत कर देते हैं।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान बनकटी नगर पंचायत के गांधीनगर वार्ड निवासी नर नारायण पाल हाथ में ज्वलनशील पदार्थ का गैलन लेकर सदर तहसील में पहुंच गया। गनीमत रही कि शरीर पर तेल उड़ेलकर आग लगाने से पहले पुलिस ने गैलन छीनकर उसे हिरासत में ले लिया।

पीड़ित ने बताया कि उसके गांव के ही कुछ जमीन पर कब्जा करके स्थायी निर्माण कर लिया है। अतिक्रमण हटाये जाने व अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए विभिन्न स्तरों पर लगभग 20 बार से अधिक शिकायत की गई। मगर निस्तारण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बनकटी व हल्का लेखपाल भ्रामक रिपोर्ट प्रस्तुत कर देते हैं। लगातार शिकायत के बाद 31 मई को कब्जा धारियों के विरुद्ध इस आशय का नोटिस निर्गत किया गया कि 15 दिवस के भीतर जमीन को खाली कर दें। अन्यथा अतिक्रमण हटवा कर उस पर आने वाला खर्च कब्जाधारियों से वसूल किया जाएगा। 50 दिन बीत जाने के बाद भी न ही अवैध अतिक्रमण हटाया गया है और न ही अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बनकटी स्तर से कोई कार्यवाही की गयी।

## मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपियों को चार साल की कैद

जन एक्सप्रेस | देवरिया

अपर सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की अदालत ने बृहस्पतिवार को सुनवाई के बाद मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में दोषी पाए जाने पर आरोपियों को चार वर्ष के कठोर कारावास तथा 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित करने का फैसला सुनाया। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि नौ सितंबर 2007 को भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी भटनी थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ड्यूटी पर तैनात थे। इसी बीच प्लेटफार्म नंबर एक पर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। शक होने पर सुरक्षा कर्मियों ने दौड़ा कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपना नाम नसरुल्लाह उर्फ मुन्ना अंसारी पुत्र स्व. हाफीज अंसारी निवासी ठाकुर के रामपुर थाना नौतन, जिला सिवान, बिहार बताया।

## कुशीनगर पहुंचा 19 सदस्यीय प्रशिक्षु आईएएस दल

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में शुक्रवार को 19 सदस्यीय प्रशिक्षु आईएएस दल पहुंचा। जहां उनका राही पर्यटक आवास गृह (होटल पथिक निवास) के प्रवेश द्वार पर बुके व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। यूपी दर्शन और भ्रमण के लिए बीते 25 जुलाई को प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रशिक्षु आईएएस दल की यात्रा की शुरुआत हुई थी। दल 26 जुलाई को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर जानकारी हासिल किया। 27 जुलाई को आगरा का ताजमहल, आगरा फोर्ट, फतेहपुर सीकरी का दौरा कर ऐतिहासिकता व महत्व को समझा। शुक्रवार को दोपहर बाद कुशीनगर पहुंचा। आईएएस प्रशिक्षु दल यहां मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में लेटी बुद्ध की पांचवीं शताब्दी प्राचीन लेटी प्रतिमा, उत्खनित पुरावशेषों, भू स्पर्श मुद्रा में मांथा कुंवर मंदिर में बुद्ध प्रतिमा, अंतिम संस्कार स्थल रामाभार स्तूप, थाई मंदिर सहित बौद्ध कालीन हिरण्यवती नदी आदि का भ्रमण कर ऐतिहासिकता, प्राचीनता व उसके बौद्ध धर्म में महत्व से अवगत होंगे।

## स्टेट आमंत्रण फुटबॉल में दम दिखाएगी टीम

जन एक्सप्रेस | देवरिया



कुशीनगर स्थित रवींद्रनगर 10 से 13 फरवरी तक राज्य स्तरीय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी। देवरिया जिले को भी आमंत्रण मिला है। टीम के खिलाड़ी अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। रवींद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में फुटबाल का शिविर पिछले सत्र से संचालित हो रहा है। शिविर में वर्तमान में 51 खिलाड़ी सुबह व शाम के वक्त अभ्यास करते हैं। इधर देवरिया टीम को कुशीनगर में आयोजित आमंत्रण स्टेट फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिला है। ऐसे में टीम की तैयारियां भी तेज हुई हैं। प्रशिक्षक विजय पाल ने बृहस्पतिवार को बताया कि आमंत्रण स्टेट फुटबॉल के लिए अभी फाइनल जिले की टीम नहीं बनी हैं, हालांकि संभावित खिलाड़ियों में इमरान अंसारी, शमशाद, विश्वजीत पटेल, साहिल, पंकज, अजय गुप्ता, सोहन यादव, अतुल, आलोक यादव, अनुज प्रजापति, समीर, आशीष कुमार, सुनील यादव, अमन चौरसिया, अभिषेक व अभिनव शामिल हैं। टीम की तैयारियां भी बेहतर हैं, उम्मीद है कि हमारी टीम वहां सबसे बेहतर प्रदर्शन करेगी। उधर जिला क्रीड़ाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि 10 फरवरी को ही देवरिया की टीम स्टेट आमंत्रण कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए कुशीनगर रवाना होगी।

## राजकीय बाल गृह का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | देवरिया

जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने बृहस्पतिवार को राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के द्वारा बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। बच्चों के अंदर नैतिक मूल्यों का विकास कर, उनमें नई उर्जा एवं संचार के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाए। साथ ही निबंध, योग, संगीत, चित्रकला आदि प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को प्रोत्साहित करें। इस दौरान राजकीय बाल गृह के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ढाबे पर तमंचा दिखाकर महिला से छीनी थी चेन, दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वाइंट के पास बाइक सवार बदमाशों ने महिला ढाबा संचालक सुमित्रा को तमंचा दिखाकर चेन व मोबाइल लूट कर भाग गए थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया था और इनकी तलाश में जुटी थी।

गीडा थानाक्षेत्र के देइयापार मोड़ के पास पुलिस चेकिंग के दौरान पुलिस ने 2 अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया। इस बीच रुकने की जगह उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और मौके से भागने लगे। खुद को बचाते हुए पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो युवक घायल हो गए। मौके पर जाकर पूछताछ करने पर इनकी पहचान अश्नवनी और शिवा के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। गीडा थानाक्षेत्र में जीरो प्वाइंट के पास ढाबे पर महिला के साथ इन्हीं दोनों लुटेरों ने महिला के गले से चेन लूटी थी। पुलिस गीडा थाने में केस दर्ज कर इनकी तलाश कर रही थी।

गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वाइंट के पास बाइक सवार बदमाशों ने महिला ढाबा संचालक सुमित्रा को तमंचा दिखाकर चेन व मोबाइल लूट कर भाग गए थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया था और इनकी तलाश में जुटी थी। मूलरूप से देवरिया निवासी अशोक तिवारी पिपरौली चौकी के कालेसर जीरो प्वाइंट के पास ढाबा चलाते थे। कुछ वर्ष पहले अशोक का निधन हो गया। इसके बाद उनकी पत्नी सुमित्रा तिवारी ढाबा चलाने लगीं। सुमित्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात वह ढाबे पर थीं। इसी दौरान सफेद बाइक सवार दो बदमाश ढाबे पर पहुंचे। इससे पहले कि वह कुछ समझ पातीं, बदमाशों ने तमंचा निकाल लिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए सोने की चेन और मोबाइल लूट कर भाग निकले थे।

# शिक्षक कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए निकाला रोष मार्च

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में शुक्रवार को अटेवा के बैनर तले तमाम शिक्षक कर्मचारियों ने पेंशन बहाली की मांग को लेकर रोष मार्च निकला ।
जानकारी के अनुसार 1 अगस्त को पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण समाप्त करो के नारे के साथ सैकड़ो शिक्षक कर्मचारियों ने रोष मार्च निकाला जो एमएलके कॉलेज से निकल कर वीर विनय चौराहा से होता हुआ जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंप कर संपन्न हुआ । कर्मचारियों से जिलाधिकारी कार्यालय पर सदर तहसीलदार ने ज्ञापन लिया । अटेवा जिलाध्यक्ष अनुराग रस्तोगी व मण्डलीय संगठन मंत्री देवीपाटन मण्डल मोहम्मद इक़बाल खान के नेतृत्व में रोष मार्च का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महामंत्री शारिक़ इक़बाल, कोषाध्यक्ष मलिक मुनाव्वर, जिला संयोजका महिला प्रकोष्ठ रेशू पाण्डेय, अनिरुद्ध प्रताप तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, अभिलाष वर्मा, निसार अहमद, तव्वाब खान, माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के अजय चौधरी, सुरेश यादव, विसीष्ठ बीटीसी के धर्मेंद्र शुक्ला, तुलाराम गिरी [illegible] के अनूप कुमार सिंह व अखिलेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शिक्षक कर्मचारी रोष मार्च में सम्मिलित हुए।

## मंदिर परिसर में पौधारोपण के साथ मनाया पंचम स्थापना दिवस

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** भगवान परशुराम सेवा ट्रस्ट का पंचम स्थापना दिवस स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज आचार्य गौरव शास्त्री ट्रस्ट के संरक्षक इंजीनियर के.सी शर्मा,शिवनारायण शर्मा, राकेश पाठक, डी.डी शर्मा एवं कार्यक्रम के मुख्य संयोजक,हरी बाबू गौड, ,संजीव गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी राधा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार गौड़ एवं मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने अवगत कराया कि विगत दिवस ट्रस्ट की आम सभा की बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष पी सी शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, ट्रस्ट के महासचिव डॉक्टर एन के शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के आयव्यय, ट्रस्ट द्वारा अपने स्तर से कराए गए कार्य, उत्तर प्रदेश सरकार एवं विधायक निधि से कराए गए कार्य एवं अन्य सामाजिक कार्यों का सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। सदन ने ट्रस्ट के महासचिव द्वारा प्रस्तुत आयव्यय को अनुमोदित किया एवं पी सी शर्मा एवं उनकी कमेटी द्वारा ट्रस्ट के स्थापना दिवस से आज तक किए गए कार्यों की सराहना एवं प्रशंसा की गई।

# आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद नीति आयोग के महत्वाकांक्षी जिले की श्रेणी में शामिल है उसको लेकर नीति आयोग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विकास को लेकर संकेतक तय हैं। इसी क्रम नीति आयोग भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक संपूर्णता अभियान चलाया गया था। जिसके संपूर्णता तहत जनपद पर तीन संकेतकों पर पूर्ण संतृप्ति प्राप्त की गई तथा विकासखंड स्तर पर 05 संकेतकों पर पूर्ण संतृप्ति प्राप्त की गई।जनपद एवं विकासखंड पर उत्कृष्ट कार्य पर विकास भवन सभागार में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सदर पल्टूराम , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला , डीएम पवन अग्रवाल उपस्थित रहें।इस अवसर विधायक सदर एवं विधायक तुलसीपुर द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत उत्कृष्ट



कार्य करने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद बलरामपुर पिछड़े जनपद से उबरकर विकसित एवं अग्रणी जनपद में शामिल हुआ है। शिक्षा स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में जनपद में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को मिल रहा हैं। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का सतत एवं सम्मिलित प्रयासों से बेहतर क्रियान्वयन करें। इस दौरान संपूर्णता अभियान समारोह के तहत लोकल उत्पादों की सात दिवसीय आकांक्षा हॉट का विधायको एवं डीएम ने शुभारंभ किया एवं स्टॉल का किया अवलोकन किया। कार्यक्रम में विधायक गैसड़ी, माननीय सांसद प्रतिनिधि , माननीय जन प्रतिनिधि गण, मुख्य विकास अधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीडी डीआरडीए व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में छात्राओं की समस्याओं पर चर्चा एवं सुझाव

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमडीके बालिका इंटर कॉलेज में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी में छात्राओं के विभिन्न स्तर पर आने वाली समस्याओं, शैक्षणिक कार्यों व गतिविधियों पर चर्चा की गई तथा सुझाव आमंत्रित किए गए ।
जानकारी के अनुसार एमडीके बालिका इंटर कॉलेज में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी में छात्राओं के शिक्षण से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा किया गया । चर्चा में बच्चों के गृह कार्य, छात्रवृत्ति से संबंधित जानकारी, फीस से संबंधित जानकारी, विद्यालय का रखरखाव तथा पठन-पाठन जैसे मुद्दे पर शिक्षक और अभिभावक के बीच वार्तालाप किया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य साधना पांडे द्वारा अभिभावकों से कुछ गंभीर समस्याओं पर चिंतन किया गया और सुझाव भी दिया गया । इसी क्रम में कक्षा अध्यापिकाओं ने भी बच्चों से संबंधित समस्याओं के बारे में अभिभावकों को जागरूक किया और अपना सुझाव भी दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने आश्वासन दिया है कि वह हर स्तर पर प्रयास करेंगी जिससे विद्यालय में क्रमबद्ध, व सुव्यवस्थित तरीके से सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा और शिक्षा का प्रकाश समाज के हर वर्ग में फैलाया जाएगा। गोष्ठी में विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका नीलम भारती सहित अन्य अध्यापिका प्रगति श्रीवास्तव, सुनीता गौतम, स्मिता पाठक, रीना श्रीवास्तव, शशि बाला

# विकासखण्ड सभागार में आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर-**

तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रधान व सचिव का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वही किसान सम्मान निधि के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन किसानो ने सुना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने केंद्र व प्रदेश सरकार के योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।
शनिवार को कौवापुर सभागार में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में प्रधान व सचिव को ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि ग्राम पंचायत



में विकास कार्य में प्रधान का अहम रोल होता है। तमाम ऐसी चीज हैं जो डिजिटल नेटवर्किंग के माध्यम से गांव का विकास हो रहा है। जिसकी जानकारी होना भी जरूरी है। प्रधान व सचिव के तालमेल से गांव के विकास को एक नया आयाम दिया जा सकता है। सरकार भी इसके लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही है। वही किसान सम्मन निधि के तहत किसानों के हाथों में सम्मान निधि का पैसा पहुंच गया है। सरकार की योजनाएं गांव गांव तक पहुंचे इसके लिए सरकार सदैव तत्पर है। विकासखंड अधिकारी सुनील कुमार आर्य ने कहा की सरकार की योजना गांव-गांव तक पहुंच रही है। किसानों को सम्मान निधि मिल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री आवास के तहत लोगों को छत मिल चुका है। इस मौके पर एडीओ पंचायत मालिकराम मौर्य एडीओ कृषि विनोद कुमार सचिन कृपा शंकर त्रिपाठी घनश्याम अजय पाल श्यामलाल मीनाक्षी राव दिनेश कुमार चंचल सिंह विकास श्रीवास्तव व ग्राम प्रधान इरशाद केसरी सिंह मंगलदेव सिंह मोहम्मद उमर शब्बीर गणेश प्रसाद सोनी लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल राजू यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विभिन्न सहकारी समितियों एवं खुदरा उर्वरक दुकानों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

खरीफ फसल के सीजन में प्रशासन लगातार किसानों को खाद और उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रयास रत है। इसी क्रम में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकासखंड सदर में सहकारी समिति रामनगर (सिसई) , विकास खंड तुलसीपुर में सहकारी समिति बेलीखुर्द , विकास खंड गैसड़ी में सहकारी समिति गैसड़ी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विकास खंड तुलसीपुर एवं गैंसडी में खुदरा उर्वरक दुकानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न रजिस्टर का अवलोकन किया एवं स्टॉक पंजिका से स्टॉक का मिलान किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी सहकारी समिति एवं खुदरा उर्वरक दुकानों पर यूरिया का वितरण संचालित पाया गया। इस दौरान सहकारी समिति एवं खुदरा उर्वरक दुकानों पर यूरिया लेने आए कृषकों से वार्ता की । उन्होंने बताया कि जनपद में सभी सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। सहकारी समिति पर आने वाले सभी कृषकों को उर्वरक प्रदान किया जाएगा। उन्होंने सहकारी समिति के प्रभारियों को टोकन व्यवस्था बनाते हुए सुलभ रूप से कृषकों को उर्वरक उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया।इस दौरान जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में ओशियन डे कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को ओशियन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।
जानकारी के अनुसार 2 अगस्त को सेंट जेवियर्स डिज़्नी वर्ल्ड स्कूल में ओशियन डे के अवसर पर किंडरगार्टन के बच्चों के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को समुद्री जीवन के प्रति जागरूक करना और रंगों व रचनात्मकता के माध्यम से सीखने के अनुभव को मजेदार बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के नृत्य से हुई, जिसमें उन्होंने ÷चक धूम धूम÷, ÷बेबी शार्क÷, और ÷ब्लू है पानी पानी÷ जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों के जोश और उत्साह ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पेपर प्लेट से सुंदर मछलियाँ बनाई और बबल शीट की मदद से चमकदार स्टार फिश तैयार की। इन गतिविधियों ने बच्चों की कलात्मकता और रचनात्मक सोच को बढ़ावा दिया। इस दिन को और भी खास बनाने के लिए बच्चों से नीले रंग की पोशाक पहनने और नीले रंग के टिफिन बॉक्स लाने को कहा गया था। साथ ही बच्चों ने नीले गुब्बारों की छंटाई और नीले पानी का परिवर्तन जैसी रोचक गतिविधियों में भी हिस्सा लिया ।ओशियन डे के इस आयोजन ने बच्चों को सीखने का एक नया, रोचक और आनंददायक तरीका प्रदान किया। विद्यालय के निदेशक सुयश कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है।
कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की समन्वयक नीला घोष, अध्यापिका शाहीन खान, चांदनी पांडे, वैष्णवी गुप्ता और ऋचा तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# कैलाश यात्रा को रवाना हुए स्वामी पूर्णानंदपुरी जी

■ भगवान शिव के धाम में मिलती है आनंद की अनुभूति: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ**

कैलाश मानसरोवर हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों में से एक और परम तीर्थ स्थल माना जाता है। कैलाश पर्वत को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व का स्थान माना जाता है। कैलाश एक विशाल पर्वत और भगवान शिव का पवित्र निवास है, जहाँ वे माता पार्वती और अन्य देव-गणों के साथ निवास करते हैं। कैलाश मानसरोवर क्षेत्र में एक विशिष्ट प्राकृतिक वैभव, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और एक अलौकिक वातावरण है।
ये बातें शहर के प्रमुख संत स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने कैलाश यात्रा रवानगी के दौरान उपस्थित भक्तों के समक्ष कही। बता दें कि प्रतिवर्ष होने वाली भगवान शिव के पवित्र धाम कैलाश की यात्रा हेतु सैकड़ो श्रद्धालु जाते हैं।ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भारत सरकार से अनुमति प्राप्त करने के बाद जत्थे के हिसाब से समूहों को बांटा



जाता है,जिसमें प्रति सदस्य कुछ राशि भी निर्धारित की जाती है। गत 2017 के बाद दूसरी बार वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज एवं आचार्य गौरव शास्त्री अलीगढ से कैलाश की यात्रा को रवाना हो रहे हैं। शनिवार प्रातः काल महानगर के प्रसिद्ध शिवालय अचलेश्वर महादेव व् श्री खेरेश्वर महादेव मंदिर से देवाधिदेव महादेव का अभिषेक कर और उनका आशीर्वाद लेकर यात्रा का श्री गणेश किया,इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष ठाकुर गेहराज सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर और इत्र वर्षा कर स्वागत किया।यात्रा की चर्चा एवं अपने पूर्व अनुभव को साझा करते हुए स्वामी जी ने बताया कि मान्यताओं के अनुसार, मानसरोवर झील की रचना सबसे पहले भगवान ब्रह्मा ने अपने मन में की थी, जिसके बाद यह पृथ्वी पर अवतरित हुई। इसलिए, संस्कृत में इसे मानसरोवर कहा जाता है,कैलाश पर्वत को ब्रह्मांड का केंद्र माना जाता है। कैलाश मानसरोवर की यात्रा हमें अपनी कमियों को दूर करने और अपने पापों से शुद्ध करने में सहायक है,वहीं यात्रा के दौरान पड़ने वाले पहाड़,पर्वत,नदी,झरने आदि मनोरम दृश्य चित्त को आकर्षित करते हैं।जीवन में एक बार, दूर से भी कैलाश पर्वत के दर्शन करना परम संतुष्टि प्रदान करने वाला माना जाता है।
इनके साथ यात्रा कर रहे उत्तराखंड स्थित श्री बद्रीविशाल की नगरी में रहने वाले संत स्वामी श्री अदृश्यानंद जी महाराज ने कहा कि देवाधिदेव महादेव की अनुमति बिना कैलाश क्षेत्र में प्रवेश वर्जित है,हम लोग अत्यंत प्रसन्न हैं कि महादेव के परम एवं पुनीत धाम में जाने का अवसर मिल रहा है।
यात्रा के पड़ावों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आज यानि 2 अगस्त से यात्रा प्रारंभ होकर अगले 15 दिनों तक जगह जगह रुकने से लेकर भोजन एवं नास्ता आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था का उचित प्रबंध किया जा चुका है,मौसम के बदलते प्रभाव से बचने हेतु बरसात संबंधी रैनकोट सहित अन्य वाटरप्रूफ बैग एवं शारीरिक समस्याओं की निवृति हेतु दवाइयां भी ले जानी आवश्यक है। यात्रा के दौरान क्या करना है अथवा क्या नहीं उसके लिए एक अधिकारी सम्पूर्ण जत्थे का मार्गदर्शन करेगा।
यात्रा के दौरान विदायी में रवि शास्त्री,तेजवीर सिंह,धीरू ठाकुर,शिब्बू अग्रवाल,पवन तिवारी,निकिता तिवारी,दीप्ती शर्मा, बंटी अतरौली, डी डी शर्मा, प्रभा शर्मा, जितेन्द्र गोविल,कपिल ठाकुर,लव उपाध्याय आरती सारस्वत समेत अनेक लोगों ने मंगलमय यात्रा की कामना की।

## इंटर हाउस मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया प्रतिभा का हुनर

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को इंटर हाउस मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
जानकारी के अनुसार सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इण्टर हाउस मेहदी प्रतियोगिता आयोजन किया गया। विद्यालय की तरफ से पवित्र सावन मास एवं रक्षा पर्व की तैयारी की दिशा में करवाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन कंचन श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में किया गया । प्रत्येक हाउस के बच्चों ने एक निश्चित समय अवधि में अपनी मेहंदी कला का प्रदर्शन किया । प्रतियोगिता में ट्यूलिप हाउस से अनन्या सिंह, आकृति, अनुष्का, चांदनी, सान्वी ने लिली हाउस से, जया, काव्या, समीक्षा, अनुष्का, शफकत, ऑर्किड हाउस से माही, मुब्बशरा, निधि, सृष्टि ने एवं लैवेंडर हाउस से जारा, धन्या, शिद्रा , आयशा, तेजस्विनी ने प्रतिभा किया । प्रतियोगिता मे रेखा ठाकुर जया मिश्रा एवं तान्या सिंह ने निर्णायकों की भूमिका निभाई । प्रतियोगिता में लैवेंडर हाउस ने बाजी मारी एवं ट्यूलिप हाउस उपविजेता रहा । लैवेंडर हाउस और लिली हाउस क्रमशः तृतीय व चतुर्थ स्थान पर रहे । विद्यालय समिति की संयुक्त निदेशक सुजाता आनंद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों की कल्पना शक्ति एवं रचनात्मक को बढ़ाती है उन्होंने अपनी कला को प्रदर्शित करने के लिए नए आयाम से जोड़ती है । कार्यक्रम के सफल आयोजन में आकांक्षा पांडे, आकांक्षा सिंह, अलमास खान, हिमांशु, हर्षित जयसवाल वर अभिषेक पांडे् ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी ने सुनी लोगों की फरियाद, निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया । तुलसीपुर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने स्वयं पहुंचकर जनता की फरियाद सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों से फोन पर बात कर शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक भी दिया।
इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने का निर्देश संबंधित



को दिया। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न हो , यह राजस्व अधिकारी व संबंधित विभाग सुनिश्चित करेंगे।
इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ताओं से फोन से वार्ता करते हुए विगत संपूर्ण समाधान दिवस में निस्तारित शिकायतों का फीडबैक लिया।
उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए , गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
इस दौरान तहसील बलरामपुर सदर एवं तहसील उतरौला में भी आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की शिकायतों/ समस्याओं को संबंधित अधिकारियों द्वारा सुना गया एवं निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार व अन्यसंबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# बिना क्रय-विक्रय रसीद के शहर में बेची जा रही है दवाएं

- जिला ओषधि निरीक्षक की जांच में मिली कइयों खामियां
- दवाओं के स्टॉक और कंप्यूटर रजिस्टर मिलान में नहीं हुआ सत्यापन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर






जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद के निर्देश पर जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने शुक्रवार को शहर के दो प्रमुख मेडिकल स्टोर की रेंडम चेकिंग की। इस दौरान दोनों स्थानों पर काफी अनियमितता पाई गई। दुकान से बेची जा रही दवाएं और उसकी खरीद का कोई भी बिल वाउचर संबंधित प्रतिष्ठान द्वारा नहीं रखा जा रहा है। दवा के स्टॉक और कंप्यूटर में दर्ज आंकड़े का भी जांच के दौरान सत्यापन नहीं हो सका।
इस पूरे मामले को घोर लापरवाही मानते हुए संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। नगर कोतवाली क्षेत्र के नटराज मेडिकल एजेंसी के निरीक्षण में फर्म को 7 कार्य दिवस के भीतर खरीद रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इसके पश्चात यथार्थ फार्मेसी प्राइवेट लिमिटेड में खुदरा काउंटर का औचक निरीक्षण किया गया। जहां पर मरीज और उसके परिवार के लिए नियमित रूप से बिक्री बिल तैयार नहीं किया जाना पाया गया। बिक्री चालान में मरीज का विवरण दर्ज नहीं किया गया। है। कई दवाइयों का स्टॉक भौतिक और कंप्यूटर स्टॉक के अनुसार सत्यापित नहीं पाया गया है। जिला ओषधि निरीक्षक श्री पांडेय ने बताया कि इस प्रतिष्ठान पर औषधि नियमावली 1945 के नियम 65 का उल्लंघन पाया गया । यहां से तीन नमूने एकत्र किए गए हैं। भरे गए नमूने को राजकीय प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश लखनऊ जांच एवं प्रशिक्षण हेतु भेजा गया। निरीक्षण किए गए प्रतिष्ठानों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। फार्म संचालक द्वारा विक्रय बीजक निर्गत न करने हेतु 7-दिवस का समय देते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। यथार्थ फार्मेसी पर 20 प्रतिशत छूट का बोर्ड लगा हुआ पाये गया। फर्म संचालक को अवगत कराया गया की छूट/रियायत की बोर्ड फार्मेसी प्रैक्टिस विनियम 2015 के अध्याय सात एव आठ के तहत अनैतीक और अवैधानीक है। जिससे छोटे दवा दुकान संचालक में अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करता है जो राज्य और देश की आर्थिक विकास पर प्रतिकुल प्रभाव डालता है।
व इस प्रकार का आचरण जनहित के विरुद्ध है एव प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 की धारा 4 का उल्लंघन है। सभी मेडिकल व्यवसायियों को नियम का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

# शिक्षकों को समय-समय पर अपडेट रहने की आवश्यकता : संजय शुक्ल

- डायट में 210 शिक्षकों का पांच दिवसीय एकीकृत प्रशिक्षण शुरू

जन एक्सप्रेस । बस्ती



शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में 210 शिक्षकों का पांच दिवसीय एकीकृत प्रशिक्षण शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों का शैक्षिक स्तर और बेहतर हो इसलिए समय-समय पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाता है। शिक्षकों को लगातार सीखने की ज़रूरत होती है। शिक्षा एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और शिक्षकों को भी समय के साथ अपडेट रहना चाहिए। कहा कि शिक्षकों को नई शिक्षण विधियों, प्रौद्योगिकी, और छात्रों की बदलती जरूरतों के बारे में जानकारी प्राप्त करते रहना चाहिए। प्रशिक्षण के प्रभारी प्रवक्ता डॉ रविनाथ त्रिपाठी ने बताया कि 15 बैचों में कुल 1500 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना है। जिसमें पहले और दूसरे बैच में 210 शिक्षक प्रशिक्षित किए जा चुके हैं। वर्तमान में तीसरे और चौथे बैच में हर्रैया और कप्तानगंज ब्लाक के 210 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रवक्ता अलीउद्दीन ने प्रशिक्षण की रूपरेखा के बारे में बताते हुए कहा कि प्रत्येक सत्र महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने, छात्रों को सीखने में मदद करने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार प्रशिक्षण के सत्रों का उद्देश्य है। प्रवक्ता मो. इमरान ने कहा कि नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में प्रत्येक शिक्षक को अपने शिक्षण कौशल में परिमार्जन करना होगा। प्रवक्ता शशि दर्शन त्रिपाठी ने अध्यापकों को नई शिक्षा नीति में किए गए परिवर्तन से परिचित कराया। कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता, समानता और समावेशन में सुधार करना है, विशेष रूप से सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों पर ध्यान केंद्रित करना है। डॉ रिचा शुक्ला ने स्वास्थ्य शिक्षा एवं खेल के विषय पर विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे के शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक विकास की जिम्मेदारी हम शिक्षकों पर है। प्रवक्ता वंदना चौधरी ने शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से परिचित कराया।
इस अवसर पर इस अवसर पर डॉ गोविन्द प्रसाद, वर्षा पटेल, कुलदीप चौधरी, राममूर्ति, अजीत सिंह, भागीरथी, राजरतन, अखिलेश, उमेश चंद्र, मो. सलाम, गुलाम अशरफ, रवीन्द्र साहू, श्रेया पाण्डेय, संजय कुमार, तिलकराम, उपेंद्र तिवारी, विजय वर्मा, अरुण द्विवेदी, राघवेंद्र, आशीष, मस्तराम, प्रवीण, विकास पाण्डेय, सूर्यकांत, विपिन शुक्ल, अवनीश, सूर्यप्रकाश, अशोक वर्मा, शाहिदा खातून, रामबोध उपाध्याय, राकेश सिंह, वंश गोपाल तिवारी, राजन सिंह, चंद्रमणि, प्रमोद ओझा, मनीष पाण्डेय, गोपाल दूबे, हरी जी, लवकुश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## बिना मीटर के आया भारी भरकम बिल, किसान परेशान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

- बिना मीटर के आया भारी भरकम बिल, किसान परेशान

जौनपुर जफराबाद। शाहबड़ेपुर विद्युत फीडर अंतर्गत वीरभानपुर गांव के एक किसान को बिजली विभाग द्वारा भेजे गए गलत बिल ने उसे परेशान कर दिया है। डेढ़ हजार रुपये की अपेक्षा 25 हजार रुपये से अधिक का बिल देखकर किसान घबरा गया और विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाने पहुंचा, लेकिन समाधान की जगह उसे आश्वासन और टाल-मटोल ही मिला। वीरभानपुर निवासी किसान कुलभूषण पाठक के पास एक किलोवाट का घरेलू विद्युत कनेक्शन है। एक साल पहले उनके बिजली बिल में लगभग 30 हजार रुपये की राशि बकाया दिखाई गई थी, जिसे उन्होंने सरकारी योजना के अंतर्गत 12 किस्तों में जनवरी तक पूरा जमा कर दिया था। आमतौर पर बिना मीटर वाले घरों में औसतन 500 रुपये प्रति माह के हिसाब से बिल आता है। हालांकि, अब विभाग ने मई 2025 तक का नया बिल ?25,442 भेज दिया है। जब किसान विभागीय कार्यालय पहुंचा तो अधिकारियों ने बताया कि यह मीटर रीडिंग के आधार पर बना बिल है। इस पर किसान ने स्पष्ट किया कि उनके घर में मीटर लगा ही नहीं है। ऐसे में बिल किस आधार पर तैयार किया गया, इसका कोई स्पष्ट जवाब किसी के पास नहीं था। विभागीय कर्मचारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे। किसान कुलभूषण पाठक ने जिलाधिकारी एवं बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से गलत बिल को तत्काल संशोधित कराने की मांग की है। वहीं गांव के अन्य लोगों ने भी विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई है।

## बन्द घर का ताला तोड़कर दो लाख की चोरी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जफराबाद शहर के लाईन बाजार थाना अंतर्गत गोधना गांव में एक बन्द घर का ताला तोड़ कर चोर बीती रात 60 हजार नगदी समेत दो लाख के सोने, चांदी के आभूषण अन्य सामान चोरी कर सनसनी फैला दी। घटना के समय मकान स्वामी परिवार समेत मुंबई महानगर में थे। इसका फायदा उठाते हुए चोर बड़े ही इत्मीनान के साथ घर में घुस कर सभी बॉक्स, अटैची, अलमारी का लाकर तोड़कर सभी सामान उठा लें गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के गोधना गांव निवासी सन्नी सिंह रोजी रोटी के सिलसिले में मुम्बई महानगर में परिवार संग रहते हैं। गांव में ना रहने के चलते सुरक्षा की दृष्टि स उन्होंने अपने गोधना गांव स्थित घर में सीसीटीवी कैमरा लगवा रखा है। गुरूवार की रात अचानक से कैमरा आफ लाईन हो गया था। सुबह एक पड़ोसी द्वारा सूचना मिली कि आपके घर पर लगा ताला टूटा हुआ है। इसके तत्काल बाद वह घबरा गए और फिलहाल मुंबई से वापस अपने गांव चले आए। घर आने पर कमरे में रखा लाखों रुपए का सामान, जेवर सब कुछ गायब देख उनके होश उड़ गए।
चोरों के बारे में उन्होंने घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखा। आसपास के लोगों से काफी छानबीन की लेकिन कुछ खास पता नहीं चल सका। आखिरकार शनिवार को थाना लाइन बाजार में चोरी की सूचना दर्ज कराई। जिसमे घर में रखा 60 हजार नगदी सहित डेढ़ लाख सोने की चैन और कान का झुमका, चांदी का अन्य जेवरात चोरी होने की बात कही गयी है। सन्नी की तहरीर पर थाना लाईन बाजार पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। छानबीन शुरू कर दिया है लेकिन चोरों के बारे में पुलिस को तनिक भी सुराग नहीं लग सका।

## भाजपा के मंडल स्तरीय पदाधिकारियों की हुई घोषणा




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

भाजपा से गभिरन मंडल के नव निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा शनिवार को एक बैठक आयोजित कर की गई। मंडल अध्यक्ष अजय यादव ने घोषणा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी को आदर्श मानकर उसकी रीति नीति को दृष्टिगत रख इमानदारी से आचरण करने की सीख दी। पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक दिदखोरा गांव में वरिष्ठ भाजपा नेता विनय मिश्रा के आवास पर की गई। जिसमें बलिहारी राजभर, इंद्रसेन मौर्य, आदित्य मिश्रा,मनोज सिंह, बृजलाल गौतम, श्री मती कंचन पासवान, मंडल उपाध्यक्ष बनाए गए। प्रफुल्ल चंद्र मौर्य,रामसबद बिंद महामंत्री तथा मंत्रीपद के लिए श्रीमती सरोजा पाठक, श्याम राजभर,कुंवर विकास सिंह, जितेन्द्र अग्रवाल,विजय गौतम, श्रीमती सुभागी मौर्य को घोषित किया गया। जगन्नाथ यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर कमला प्रसाद सिंह, महेंद्र सिंह, नंदलाल राजभर, मदन सोनी,आलोक मिश्रा, इंद्रजीत विश्वकर्मा, बृजेश यादव, अनिल यादव, आदि मौजूद रहे।

## धर्मापुर में 20 हजार किसानों को मिला सम्मान निधि

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर विकास खंड धर्मापुर के सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सीधा प्रसारण किसानों को सुनाया गया। इस दौरान ब्लाक के 20 हजार किसानों को योजना की 20वीं किस्त जारी की गई। इस मौके पर पूर्व सांसद बीपी सरोज ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों को मजबूत बनाया है। ब्लाक प्रमुख विमलेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता बीडीओ कृष्णमोहन यादव और संचालन एडीओ आईएसबी राकेश रोशन ने किया। इस अवसर पर एडीओ एजी अमरेंद्र प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश सोनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार मौर्य, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, उमेश सिंह, मनोज सिंह और ब्लाक के सभी प्रधान तथा सचिव उपस्थित रहे।

## डेढ़ हजार के बजाय 25 हजार बिल देख किसान घबराया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

- दफ्तर में खोज नहीं मिल रहे हैं एसडीओ और जेई
- मीटर लगा नहीं घर बैठे मन माफिक डाल दिया रीडिंग

जफराबाद क्षेत्र के शाहबड़ेपुर विद्युत फीडर के वीरभानपुर गांव निवासी एक किसान को बिजली विभाग ने तीन माह में उसका बिजली का बकाया बिल डेढ़ हजार रुपये की जगह 25 हजार रुपये ज्यादा भेज दिया। इससे किसान व उसका पूरा परिवार घबरा गया। बिल सुधरवाने के लिए वह विद्युत एसडीओ और जेई के कार्यालय में पिछले एक सप्ताह से चक्कर काट रहा है। लेकिन दोनों ही अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं मिल रहे हैं । सिर्फ मीटर रीडिंग लेने वाले कुछ चंद कर्मचारी ही वहां बैठ रहे हैं। शनिवार को समाधान दिवस के मौके पर भी पीड़ित ने जफराबाद थाने में अपनी समस्या बताई लेकिन वहां भी उसकी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अभी भी लापरवाह बने हुए है। उक्त गांव निवासी कुलभूषण पाठक का एक किलोवाट का कनेक्शन है।उनके बिजली का बिल एक वर्ष पहले लगभग तीस हजार रुपये आया था।
बिना मीटर लगे घरों के बिजली का बिल लगभग पांच सौ रुपये महीने आता है। उन्होंने योजना के अंतर्गत 12 किश्तों में जनवरी महीने तक सारा पैसा जमा कर दिया।अब विभाग ने उनके ऊपर मई महीने तक का बिल 25 हजार 442 रुपये भेज दिया।
बिल देखकर जब वे घबरा कर विभागीय लोगों से मिले तो पता चला कि मीटर रीडिंग के हिसाब से बिल आया है। जब किसान ने कहा कि उसके घर मीटर है ही नही तब विभाग के लोग एक दूसरे को दोषी बता रहे है।पीड़ित ने विभागीय अधिकारियों से बिजली का बिल सुधरवाने की मांग किया है।

### बिना रीडिंग लिए ही भेज रहे हैं बिल

**जफराबाद।** जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत जफराबाद और दो दर्जन गांवों में विद्युत उपभोक्ताओं की सबसे बड़ी समस्या बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से है। क्षेत्र के नागरिक सुरेंद्र मौर्य, बाल जी मौर्य , नूर आलम, उमेश मिश्रा का आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर मौके पर रीडिंग लेने नहीं जाते । वह घर बैठे मनमानी तरीके से 4 से 6 महीने की रीडिंग डाल देते हैं। और फिर बिना कोई जोड़ घटाने के उपभोक्ताओं के पास बिल भेज देते हैं । जिससे अधिक बिल आने पर उपभोक्ता परेशान हो जाता है। जब उपभोक्ता इसकी शिकायत करता है कि पिछले महीने हमने बिल जमा किया था तो बिजली विभाग के कर्मचारी जवाब देते हैं कि यह बाकी स्टोर था।

## 10 साल से चल रहे विवाद को कराया निस्तारित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर धर्मापुर विकास खंड के धर्मापुर गांव के पाल बस्ती में दस साल पुराने रास्ते के विवाद को सार्थक पहल के साथ बातचीत करके हल करवा दिया। बाद में दोनों पक्षों की आपसी सहमत के साथ उक्त रास्ते पर खड़ंजा लगवाया गया। जिससे अब बस्ती वालों को आवागमन में सुविधा होगी। धर्मापुर के खंड विकास अधिकारी कृष्णमोहन यादव ने बताया कि विमला पाल और मनजीत सरोज अन्य से रास्ते को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा था। जिसे शुक्रवार को राजस्व टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को समझा बुझाकर रास्ते पर खड़ंजा लगवाया गया। 10 साल से चल रहे इस विवाद को निस्तारित करने पर क्षेत्र के नागरिकों ने भी राजस्व विभाग की टीम की सराहना की। ऐसे ही अन्य विवादित मामलों में पहल किया जाए तो कई बड़े-बड़े मामले हमेशा के लिए सही हो सकते हैं। इस दौरान बीडीओ के साथ एडीओ आईएसबी राकेश रोशन, सचिव अखिलेश कुमार, प्रधान जयहिंद यादव और गौराबादशाहपुर पुलिस टीम के साथ राजस्व टीम भी मौजूद रही।

## खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की छापेमारी से हड़कम्प

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



प्रदेश के आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने शहर के दो प्रतिष्ठित मेडिकल स्टोर पर शनिवार को छापेमारी की। इनमें दोनों दुकानों से छह दवाओं का सैंपल लेकर राजकीय प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया गया है । रिपोर्ट आते ही संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान दवाओं की खरीद फरोख्त का सही बिल वाउचर नहीं मिला। दवाओं के रखरखाव में काफी गंदगी पाई गई । इसे घोर लापरवाही मानते हुए सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। शहर के नईगंज रोड स्थित वी एस फार्मास्युटिकल एंड सर्जिकल एजेंसी पर परीक्षण और विश्लेषण के लिए तीन औषधियों के नमूने एकत्र किए गए। जिनमें एंटीबायोटिक टैबलेट, गैस्ट्रो प्रतिरोध और एनएसएआईडी दर्द निवारक शामिल है। यहां जांच के दौरान सबसे बड़ी खामी यह मिली कि फर्म द्वारा कालातीत औषधियों को नियमानुसर नहीं रखा जा रहा था। दुकान पर साफ सफाई की व्यवस्था बेहद ही खराब पाई गई। बिल्कुल ऐसी ही खामी शहर के नईगंज रोड स्थित दुर्गा हॉस्पिटल में संचालित मेडिकल तेजस विराट फार्मेसी में भारी मात्रा में एलोपैथिक औषधियाँ स्टॉक में पाई गईं। परीक्षण और विश्लेषण के लिए तीन औषधियों के नमूने एकत्र किए गए। जिनमें एनएसए आईडी टैबलेट, लोपेरामाइड कैप्सूल और एमोक्सिसिलिन और पोटेशियम क्लैवुलैनेट्र टैबलेट (एंटीबायोटिक्स) शामिल है। जिला ड्रग इंस्पेक्टर रजत पांडेय ने बताया कि इस फर्म से भंडारित तीन संदिग्ध औषधियों के नमुने संकलित किये गये। इस मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा नियमित व्यापार बीजक जारी नहीं किया जा रहा था। फर्म द्वारा संकलीत किये गये नमूने का क्रय बिल नहीं दिखाया गया। कालातित औषधियों को नियमानुसर रखा नहीं गया था।

## अवैध तमंचे और जिन्दा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर गौराबादशाहपुर,थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना के आधार पर शनिवार को सोनारी नहर पुलिया के पास से एक अभियुक्त अजीत यादव पुत्र स्व. शिवधनी यादव ग्राम अमरा अराजी देवली को एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतुस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी है। उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में कुल 18 मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 संतोष कुमार सिंह क्राइम टीम प्रभारी थाना गौराबादशाहपुर, हे0का0 वीरेन्द्र यादव, हे0का0 शशि कुमार गौतम, का0 पियुष सिंह, का0 मधुबन वर्मा, का0 पियुष यादव शामिल रहे।

# बनकटी नगर पंचायत में भूमाफियों का आतंक, बस्ती प्रशासन नहीं कर रहा कार्यवाही?

- तालाब की जमीन पर भूमाफियों का कब्जा, योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को ठेंगा दिखा रहे बस्ती के अफसर

जन एक्सप्रेस । बस्ती



बस्ती जिले नगर पंचायत बनकटी के गांधी नगर वार्ड में भू-माफियाओं का आतंक है। भू-माफियाओ पर प्रशासन इस कदर नतमस्तक है कि पचासों बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों के सुंदरीकरण और जल संरक्षण की बात करती है। अफसरों से लेकर कर्मचारी तक अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों के सुंदरीकरण में जुटे हुए हैं, लेकिन बस्ती की हालत इससे एक उलट है। यहां बस्ती जिले नगर पंचायत बनकटी तालाब अपना अस्तित्व खोते नजर आ रहे हैं। दबंग भू-माफिया अवैध तरीके से तालाबों की पटाई करवा कर उस पर कब्जा कर रहे हैं। यही नहीं कई तालाबों में तो मिट्टी भरकर बड़ी-बड़ी बिल्डिंग तक बनाई जा चुकी है, ऐसा ही रहा तो आने वाले समय में तालाबों का अस्तित्व ही खो जाएगा। ताजा मामला बस्ती जिले नगर पंचायत बनकटी का है जहां पर भू-माफिआओ का बोल बाला है। शिकायतकर्ता नर नारायण पाल बताते कि भू-माफियाओं ने बनकटी नगर पंचायत के गांधी नगर तलिया गाटा संख्या 110/0.62 पर अवैध कब्जा कर रखा है। शिकायकर्ता ने कहा कि भू-माफियाओं के खिलाफ पचासों बार सीएम योगी से लेकर बस्ती के तमाम बड़े अधिकारियों के यहां शिकायत कर चुका हूं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### मई में जारी हुआ था अवैध कब्जेदारो को नोटिस

नगर पंचायत बनकटी ईओ ने अवैध कब्जेदारो को 31 मई 2025 को ही कब्जा हटाने के नोटिस जारी किया था। लेकिन दो महीने बीत गए न अवैध कब्जा हटा न ही कोई कार्यवाही हुई। अवैध कब्जेदारो पर कार्यवाही न होना ईओ बनकटी की कार्य शैली पर गम्भीर प्रश्न खड़ा करता है। शिकायकर्ता नर नारायण पाल का आरोप है कि ईओ बनकटी का भू-माफियाओं पर संरक्षण है,इसलिए कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

### योगी सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे बस्ती के अफसर?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले लाख दावा करते हैं कि हमने भू-माफिआओ का सफाया कर दिया है। लेकिन बस्ती में जमीनी हकीकत कुछ और ही है। यहां पर भू- माफियाओं का इस कदर आतंक है कि पचासों बार शिकायत करने के बावजूद बस्ती प्रशासन की कान में जू नहीं रेंग रहा हैं। नगर पंचायत बनकटी के वार्ड गांधी नगर में भू-माफियाओं पर कार्यवाही न करना बस्ती प्रशासन के कार्य शैली पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है।

### मुख्यमंत्री पोर्टल की ऑनलाइन शिकायत का अफसरों ने बना रखा है मजाक!

शिकायकर्ता नर नारायण पाल कहते है कि मै दर्जनों बार ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर चुका हूं लेकिन भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी फर्जी रिपोर्ट लगा कर गुमराह कर रहे है। वहीं लापरवाह अधिकारियों की वजह से बस्ती जिले की किरकिरी पूरे प्रदेश में हो रही है। ऑनलाइन शिकायत के मामले में बस्ती जनपद काफी फिसड्डी साबित हुआ है,जिस पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए लापवाह अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ नोटिस भी जारी किया है फिर भी अफसर सुधरने का नाम नहीं ले रहे है।

### आत्मदाह करने पहुंचा शिकायतकर्ता नर नारायण पाल,मच गया हड़कंच!

बस्ती प्रशासन की लचर रवैए से पीड़ित नर नारायण पाल इस कदर आजीज हो गया कि उसको तहसील दिवस बस्ती परिसर में आत्मदाह करने की नौबत आ गई। पीड़ित नर नारायण पाल ने कहा अगर बस्ती प्रशासन जल्द ही भू-माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही नहीं करती तो वह मजबूर होकर पूरे परिवार के साथ गलत कदम उठा लेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी बस्ती प्रशासन की होगी।



“इस संबंध में मैने सारी रिपोर्ट तहसीलदार को भेज दिया है। टीम गठित करके दोषियों के ऊपर कार्यवाही की जाएगी।
–ऋचा सिंह, ईओ बनकटी, बस्ती



“ईओ बनकटी ने पैमाईश करने के संबंध में पत्राचार किया है। पैमाईश करने के लिए टीम गठित कर दिया है। एक दो में दिन पैमाईश हो जायेंगी,इसके बाद कार्यवाही की जाएगी।
–शत्रुघ्न पाठक, एसडीएम बस्ती सदर

# डीएम की अध्यक्षता में छिबरामऊ तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में तहसील छिबरामऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 98, पुलिस विभाग की 48, विकास विभाग की 23, व अन्य विभागों सहित कुल 220 शिकायतें प्राप्त हुई। मौके पर 21 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। उन्होंने निर्देश दिये कि शेष 199 शिकायतों के समयान्तर्गत व गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए।

रोहित कुमार पुत्र होरी लाल निवासी बवरापुर, मुकेश चन्द्र पुत्र बाबूराम निवासी मटेला, विमलेश दुवे पुत्र वीरेन्द्र निवासी देववरमपुर देहात, कुलदीप पुत्र चन्द्रभान निवासी रामपुर बैजू, प्रभात सिंह पुत्र रामरक्षपाल निवासी रामपुरबैजू, शिशुपाल वर्मा पुत्र ग्रीशचन्द्र निवासी गिस्वरपुर, जयश्री पत्नी राकेश कुमार निवासी गिरधरपुर, प्रमोद कुमार पुत्र परमेश्वरी निवासी हयातनगर, चन्द्रपाल पुत्र हाकिम सिंह निवासी कैरदा, मनोज पुत्र अहिवरन निवासी शंकरपुर, अजय पाल पुत्र मौजीलाल निवासी नौगाई, प्रभाकर पुत्र आनन्द किशोर निवासी हरबल्लभपुर, वीरेन्द्र पुत्र राजाराम निवासी नौगाई, सुनील कुमार पुत्र रामनाथ निवासी जमामर्दपुर, प्रवीन सिह चैहान पुत्र बलवीर सिंह निवासी खुबरियापुर, रामाधार पुत्र द्वारिका निवासी भानपुर, सुभाषचन्द्र पुत्र सूरज प्रसाद निवासी अतिराजपुर द्वारा वरासत दर्ज कर खतौनी दिये जाने के सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित व्यक्तियों की शिकायत का निस्तारण करते हुये तत्काल वरासत दर्ज कराने की कार्यवाही कर खतौनी वितरित करायी गयी। इसके साथ ही महेश चन्द्र पुत्र मुरलीधर निवासी सरायप्रयाग, पैसन सिंह पुत्र मुन्नू लाल निवासी अनिभोज व भीमसेन पुत्र रामचरन निवासी सुल्तानपुर द्वारा खतौनी में नाम सही कराने हेतु तथा रोशन पुत्र सतीष चन्द्र निवासी तिसौली द्वारा खतौनी में वालिंग दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिसका अनुपालन करा कर खतौनी में नाम संशोधन करा दिया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता को सुनकर ही शिकायत का निस्तारण करेगा। किसी भी दशा में शिकायत का निस्तारण किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा विधिविरुद्ध एवं निर्धारित समय सीमा के पश्चात् न किया जाए।

यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा गलत तरीके से शिकायत का निस्तारण किया गया तो सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होनें निर्देश दिये गये कि आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से 03 दिन पूर्व ही समस्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपजिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कृषक बंधु नई तकनीक अपनाकर सुधारें अपनी अर्थ व्यवस्था

- किसान सम्मान योजना की 20वीं किश्त आने के मौके पर बोले मंत्री असीम अरुण

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त के अवसर पर समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने विकास भवन हर्ष वर्धन सभागार में प्रधानमंत्री किसान उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान मा0 प्रधानमंत्री जी का वाराणसी से सीधा प्रसारण देखा और सुना गया।

श्री अरुण ने अपने संबोधन में कहा कि कन्नौज की धरती मां अन्नपूर्णा की उपासक है। यहां के किसान प्रकृति से प्रेरणा लेकर संसाधनों का कुशल उपयोग करते हुए बचत के साथ उत्तम उत्पादन प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जनपद कन्नौज के 2,51,315 पात्र कृषकों को ?50 करोड़ 26 लाख 30 हजार की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में अंतरण की गई है। यह धनराशि किसानों को उर्वरक, बीज आदि की खरीद व खेती-किसानी में सहायता प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस धनराशि के एवज में पैसा मांगता है, तो उसकी सूचना अवश्य दें। भ्रष्टाचार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। न भ्रष्टाचार करूंगा, न करने दूंगा प्रधानमंत्री के इस संकल्प को हम सभी को मिलकर चरितार्थ करना है।

मंत्री ने कृषकों से आह्वान किया कि वे अपनी भूमि पर पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ कार्य करें, ताकि बेहतर उपज और अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। उन्होंने खेती के साथ-साथ पशुपालन, मछली पालन, मुर्गी पालन जैसी गतिविधियों को अपनाने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम कृषि को उद्योग में परिवर्तित करें। कन्नौज के लोग इस दिशा में पहले से ही प्रयासरत हैं और जानते हैं कि कृषि को कैसे उद्यम का रूप दिया जा सकता है। हमें कम भूमि पर अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु नई तकनीकों को अपनाना होगा। जैसे पॉलीहाउस खेती, जिसमें उत्पादन की अत्यधिक संभावना है और सरकार इसके लिए अनुदान भी प्रदान करती है। इसी प्रकार, मशरूम की खेती को भी बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयास किए जाने चाहिए।

उन्होंने बताया कि अब हाइड्रोपोनिक्स तकनीक के माध्यम से तालाबों में धान की खेती की जा रही है, जो एक अभिनव और जल-संरक्षण आधारित कृषि पद्धति है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं और कम भूमि में अधिक उत्पादन की दिशा में कार्य करें।

उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे नई तकनीक के साथ आगे बढ़कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की दिशा में कार्य हो रहा है। साथ ही, जीरो पावर्टी अभियान के तहत निर्धन परिवारों को गरीबी से बाहर लाने का सतत प्रयास जारी है। इसके पूर्व उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक संतोष कुमार, जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कृषक बंधु उपस्थित रहे।

# महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने किया एड्सरोधी प्रचार-प्रसार

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश शासन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य के आदेशा नुसार एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रचार -प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब संयोजक डॉक्टर नेहा मिश्रा ने मुहिम का निर्देशन किया। छात्राओं ने सरायघाघ गांव एवं काशीराम बस्ती मे जाकर महिलाओं, बालिकाओं, युवाओं आदि सभी को जागरुक करते हुए कहा कि एचआईवी/ एड्स एक विनाशकारी बीमारी है, जो न केवल जीवन के लिए खतरा है, बल्कि गरीबी के चक्र को और भी गहरा करती है हालाँकि इसका कोई इलाज या टीका उपलब्ध नहीं है, फिर भी शिक्षा इस बीमारी को फैलने से रोकने के सबसे किफ़ायती तरीकों में से एक साबित हुई है। लोगों को यह जानना चाहिए कि एचआईवी कैसे फैलता है, जैसे असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का उपयोग, या संक्रमित मां से बच्चे में. छात्राओं मे राधा, साधना, पल्लवी, आराध्या, अक्षरा, पायल, नीत, सेजल, साहिन, साइका आदि छात्राएं उपस्थित रही।

छात्राओं ने लोगो को बताया कि शिक्षित महिलाएं अपने बच्चों में इस बीमारी के प्रसार को रोकने में ज़्यादा सक्षम होती हैं, क्योंकि वे गर्भावस्था के दौरान जाँच के महत्व को समझती हैं और स्तनपान के माध्यम से एचआईवी/ एड्स संक्रमण के जोखिम के प्रति सचेत रहती हैं। इसके अलावा, रोकथाम के उपायों, साथ ही उपलब्ध देखभाल और उपचार विकल्पों के बारे में छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई शैक्षिक और संचार गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

प्राचार्य द्वारा समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं दी गईं। एचआईवी/ एड्स के बारे में सभी तथ्यों तक पहुँच होने से खुद को सुरक्षित रखने का बेहतर मौका है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्रवक्ता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वीएसए कम्पनी की धीमी और खराब प्रगति पर डीएम ने दी चेतावनी




**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, लखपति दीदी योजना, पीएम सूर्य घर, जल जीवन मिशन की बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिस तरह से विगत एक सप्ताह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में प्रगति दिखाई दे रही हैं, आगे भी इसी प्रकार से कार्य किया जाये। बताया गया कि स्वयं सहायता समूह में आरएफ में 884 लक्ष्य के सापेक्ष 317 व सीआईएफ में 515 के सापेक्ष 255 तथा सीसीएल में 3780 के सापेक्ष 1996 समूह पर कार्य प्रगति पर हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत चिन्हित महिलाओं को गुणवत्तापरक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाये। बताया गया कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत विगत 2 सप्ताह में 33 सोलर संयत्र स्थापित कराये गये हैं। विद्युत विभाग द्वारा 61 आवेदन विद्युत अधिभार के लिये तथा 28 आवेदन नेट मानीटरिंग के लिये प्राप्त हुये है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि लंबित आवेदनों पर कार्यवाही पूर्णकर योजना से आच्छादित करें।

जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था वीएसए एंव जीबीवीपीआर की समीक्षा करते हुये कहा कि वीएसए की कार्यप्रगति बहुत ही धीमी हैं, 128 साइटों में से 20 पर ही कार्य चल रहा हैं। सभी साइटों पर कार्य चलता हुआ मिलना चाहिए। लापरवाही मिलने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिविर में खाता धारकों को गिनाए योजनों के लाभ



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नवाबगंज। कस्बे के एक गेस्ट हाउस में एसबीआई के ग्राहकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि की जानकारी दी गई।

राजमार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि जनरल मैनेजर राजीव कुमार का ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सारिका गुप्ता व नीतू सिंह ने स्वागत किया। उन्होंने ग्राहकों को जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि योजनों के प्रति जागरूक किया। बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत धारक को 2 लाख रुपये का दुर्घटना जीवन बीमा दिया जायेगा। साथ ही आंशिक नुकसान पर एक लाख का बीमा दिया जायेगा। इस बीमा राशि के लिए धारक को केवल 20 रुपये प्रति वर्ष प्रीमियम के तौर पर देनी होगी। ग्राहकों को बैंक की अन्य योजनाओं और उनके फायदों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस दौरान ग्राहकों की केवाईसी और बंद खातों को शुरू किया गया।

कार्यक्रम में एजीएम धर्मेंद्र कुमार, आरएम संजीव यादव, नवाबगंज शाखा प्रबंधक आनंद बाजपेई, ईशान, इमरान, गुफरान समेत ग्राहक मौजूद रहे।

## युवती ने लगाया यौन शोषण और ब्लैकमेलिंग का आरोप



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव के ही एक युवक पर बलात्कार और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगा संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया।प्राप्त विवरण के अनुसार पुरवा कोतवाली के एक गांव निवासी युवती के अनुसार गांव के ही युवक शमीम ने दस दिन पूर्व दरवाजे सफाई करते समय उसे जबरदस्ती जंगल में खींच ले गया और जबरदस्ती युवती के साथ बलात्कार किया तथा आरोपी शमीम ने उस पूरी घटना का वीडियो फोटो भी अपने मोबाइल में बना लिया जिसके बाद लगातार युवती को ब्लैकमेल कर रहा है कि उसके साथ हमबिस्तर हो नहीं तो वायरल कर बदनाम कर देगा।

घटना की जानकारी युवती ने अपनी मां को दी जिस पर मां ने लोकलाज के भय से चुप रहने को कहा लेकिन आरोपी की ज्यादती से ऊब कर संपूर्ण समाधान दिवस पुरवा में आरोपी के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है।

## लापता युवक का शव कुएं में मिला

**जन एक्सप्रेस। हरदोई।** हरदोई जिले में कासिमपुर थाना क्षेत्र के मुन्नूखेड़ा गांव में शुक्रवार दोपहर घर से निकले जितेंद्र कुमार (42) का शव शनिवार सुबह गांव के बाहर आम के बाग में एक कुएं में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जितेंद्र कुमार गांव में खेती-किसानी करते थे।

## जननेता रामपाल वर्मा के जन्मदिन पर उमड़ा स्नेह-सैलाब

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**



**बालामऊ।** संघर्ष की धूप में तपकर सेवा की छांव बने, करोड़ों दिलों की धड़कन, सहजता और सादगी की जीती-जागती मिसाल, विधानसभा बालामऊ के यशस्वी विधायक और पूर्व मंत्री रामपाल वर्मा के जन्मदिवस पर शनिवार को क्षेत्रवासियों और समर्थकों का स्नेह-सैलाब उमड़ पड़ा। जहाँ आमतौर पर जन्मदिन एक औपचारिकता होता है, वहीं रामपाल वर्मा जी का जन्मदिन जनता के अपार प्रेम और निष्ठा का उत्सव बन गया। किसी ने मंदिर में दीप जलाए, तो किसी ने उनके नाम का दीपोत्सव मनाया। सोशल मीडिया से लेकर गाँव-गलियों तक सिर्फ एक ही नाम गूंजा-रामपाल भैया ज़िंदाबाद! जनसेवा को जीवन का धर्म मानने वाले वर्मा जी के व्यक्तित्व को श्रद्धा भाव से याद करते हुए एक युवा समर्थक ने लिखा सरलता की मूर्ति, अनुशासन की परिभाषा और हमारे राजनैतिक संस्कारों के स्रोत, आदरणीय चाचा रामपाल वर्मा को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। बाबा महाकाल की कृपा से आप दीर्घायु हों, सदैव स्वस्थ रहें और जनसेवा का यह अमिट यज्ञ यूँ ही जलता रहे। क्षेत्रीय राजनीति के इस स्तम्भ के लिए लोगों की आस्था किसी रिश्ते से कम नहीं। किसी ने उन्हें मार्गदर्शक पिता तुल्य कहा, तो किसी ने धैर्य और संकल्प का दूसरा नाम। रामपाल वर्मा सिर्फ नाम नहीं, जनसामान्य के विश्वास की आवाज़ हैं।

## किसानों को दिखाया प्रधानमंत्री कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



नवाबगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बनारस से पात्र किसानों के लिए किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी कर दी है। इस मौके पर नवाबगंज विकासखंड में किसानों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि की यह राशि सभी पात्र किसानों के खातों में हस्तांतरित हो रही है। जिसका उपयोग किसान भाई खाद, बीज और अन्य कृषि कार्यो के लिए कर सकेंगे। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने इस दौरान करीब दो दर्जन किसानों को रागी, सावा, कोदो जैसे मोटे अनाज के बीज भी वितरित किए।

कृषि विभाग के बीज गोदाम व कृषि रक्षा इकाई प्रभारी रामकिशोर ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री, केवाईसी और नए आवेदन पंजीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके साथ ही उन्होंने पीएम कुसुम योजना, अनुदानित बीज, कृषि रक्षा रसायन और यंत्रीकरण पर भी प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में एडीओ आईएसबी मनोज कुमार, वीडीओ शैलेंद्र भारतीय, शशिकांत राजपूत, नूतन सिंह, दुर्गेश तिवारी, मदन सिंह, कृषि विभाग के संजय कुमार, जितेंद्र, ज्योति गुप्ता, सुशील कुमार, राधा कृष्ण वर्मा समेत कई कर्मचारी और किसान मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष को नजरबंद करने का आरोप, पुलिस ने आरोपों को नकारा

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



नवाबगंज। विकास खंड क्षेत्र के गांव महनौरा में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप कुमार यादव को पुलिस द्वारा नजरबंद किए जाने का मामला सामने आया है। यादव ने आरोप लगाया है कि उन्हें लखनऊ के इको जा गार्डन में होने वाले आंदोलन में शामिल होने से रोकने के लिए नजरबंद किया गया।

यादव ने कहा कि पुलिस ने उन्हें उनके आवास पर रोक दिया और लखनऊ नहीं जाने दिया। उन्होंने इसे अपने मौलिक अधिकारों का हनन बताया। उनका कहना था कि बच्चों की शिक्षा के अधिकार की बात करना अब गुनाह बन गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन नहीं है, जो हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है? साथ ही उन्होंने अनुच्छेद 21 के तहत बच्चों को दी गई मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ता संघर्ष करते रहेंगे। वहीं, सोहरामऊ थानाध्यक्ष शरद कुमार ने इन आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने बताया कि सिपाही केवल उनका हालचाल जानने और आंदोलन की रणनीति की जानकारी लेने के लिए गए थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कुलदीप कुमार यादव को नजरबंद नहीं किया गया था।

# पुलिस अधीक्षक व जिला अधिकारी ने समस्याओं को सुन दिये अवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



पुरवा तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी के दो घंटे देरी से पहुंचने पर शिकायत कर्ताओं की अत्यधिक भीड़ लग गई। क्षेत्र के मोहल्ला जोतपुर निवासी सुजीत धानुक ने बताया कि मोहल्ले में नाला का निर्माण नगर पंचायत द्वारा कराया गया था।जोकि दो वर्षो से छतिग्रस्त पड़ा हुआ है।जिससे जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो रही है। कस्बे के मुहल्ला जोतपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि पुरवा क्षेत्र में मुख्य मार्ग किनारे स्थित ढाबों के पास मार्ग किनारे ही बड़े वाहन खड़े होते है।जिससे कई घटनाएं भी घटित हो चुकी है। इसकी पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है।लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने संबंधित अधिकारियों को तय समय में मामलो के निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए है।इस दौरान कुल 174 शिकायते आई। जिनमें से 22 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के बाद विभिन्न विभागों द्वारा परिसर में लगाए गए स्टाल को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने देखा।

## डीएम ने सिंचाई उपखंड छिबरामऊ कार्यालय और आवासीय भवन निर्माण का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्माणाधीन सहायक अभियंता सिंचाई उपखण्ड छिबरामऊ कार्यालय एवं आवासीय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर ले आउट देखा, जिसमें जानकारी दी गई कि कार्यालय एवं आवसीय भवन हेतु परियोजना की लागत रू0 439.97 लाख है। 01 सहायक अभियंता कार्यालय, टाइप-4 के 02 आवास, टाइप-3 के 3 आवास, टाइप-2 के 06 आवास, टाइप-1 का 09 आवास, आफिस कम्युनिटी सेन्टर-1 तथा सबआर्डीनेट कम्युनिटी सेण्टर-1 का निर्माण किया जाना है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन भवन का निर्माण कार्य तीव्र गति से कराया जाए। निर्माण कार्य में अच्छी क्वालिटी की निर्माण सामग्री लगायी जाए। निर्माण कार्यो की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में संबांधित की जिम्मेदार तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक/जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी वीर सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड कन्नौज के सूर्यमणि सिंह कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मंत्री असीम अरुण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सदर तहसील के समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण असीम अरूण की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर कन्नौज में हुआ। तहसील सदर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 139 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें 10 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण का मौके पर किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मंत्री ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को गहनता से सुनतें हुये संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे। फरियादी की जो मांग है उस पर नियमानुसार जो हो सकता है वह समय से करें। फरियादी को किसी भी प्रकार से निराश नही होना चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, तहसीलदार अभिनव कुमार वर्मा,

# खत्म हो चुकी है भारत में चुनाव प्रणाली : राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने देश के चुनावों में होने वाली कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर लगातार आक्रामक हैं। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित वार्षिक लीगल कॉन्क्लेव-2025 में कहा, मैं आज-कल देश की चुनाव प्रणाली के बारे में बोल रहा हूं। मुझे हमेशा से संदेह था कि 2014 से ही कुछ गड़बड़ है... मुझे गुजरात विधानसभा चुनावों में पहले से ही संदेह था। उन्होंने चुनाव प्रणाली की आलोचना के अलावा प्रधानमंत्री मोदी को 2024 के चुनाव में मिले बहुमत पर गंभीर सवाल भी खड़े किए।

### लगातार कई चुनावों में भाजपा की जीत... कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला

राहुल गांधी ने भाजपा को बीते लगभग 12 साल के दौरान मिले प्रचंड बहुमत की तरफ संकेत करते हुए कहा, लगातार कई चुनावों में इस तरह की बड़ी जीत हासिल करने की क्षमता हैरान करने वाली थी। कांग्रेस पार्टी को राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात में एक भी सीट नहीं मिलती, यह और आश्चर्यजनक था।

### महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव 2024 के बाद महज चार महीने में एक करोड़ नए मतदाता...

बकौल राहुल गांधी, जब भी हम चुनाव के बारे में बोलते थे, लोग कहते थे, सबूत कहां है? फिर, महाराष्ट्र में कुछ हुआ। लोकसभा सीटों पर हम चुनाव जीत गए। केवल चार महीने बाद, हम न केवल हारे, बल्कि हमारा सफाया हो गया। तीन ऐसे दल अचानक गायब हो गए, जिनका जनाधार मजबूत है। इसके बाद हमने चुनावी कदाचार पर और गंभीरता से मंथन शुरू किया। हमें महाराष्ट्र में पता चला कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच एक करोड़ नए मतदाता सूची में शामिल हुए। इनमें से अधिकांश वोट भाजपा को गए... इसलिए अब मैं बिना किसी संदेह के कहता हूं कि हमारे पास सबूत हैं।

### चुनाव आयोग की साख पर कांग्रेस सांसद का प्रहार

राहुल ने दावा किया, हमारे पास ऐसे सबूत हैं जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था मौजूद ही नहीं है। यह गायब हो चुकी है। इस सबूत को खोजने में हमें 6 महीने लगातार काम करना पड़ा। कांग्रेस सांसद ने कहा, आप बिना किसी संदेह के देखेंगे कि कैसे एक लोकसभा चुनाव चुराया जाता है। 6.5 लाख मतदाता वोट करते हैं और उनमें से 1.5 लाख मतदाता फर्जी होते हैं।

### संविधान के मुद्दे पर भी आक्रामक, लोकसभा चुनाव में धांधली और पीएम को मिले बहुमत पर सवाल

राहुल गांधी केवल चुनाव आयोग पर हमले तक ही नहीं रुके। उन्होंने संविधान से जुड़े मुद्दों पर भी केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा, हम आने वाले कुछ दिनों में साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और ऐसा हुआ भी है। उन्होंने कहा, सच्चाई यह है कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले ही खत्म हो चुकी है।

### पीएम और डोभाल पर राफेल डील में हस्तक्षेप के आरोप

राहुल गांधी ने भारत और फ्रांस के बीच हुई डिफेंस डील और लड़ाकू विमानों के सौदे का उल्लेख करते हुए कहा, हमारे पास राफेल सौदे पर एक दस्तावेज था। दस्तावेज में साफ-साफ लिखा था कि प्रधानमंत्री कार्यालय और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) ने राफेल सौदे में दखलअंदाजी की और राफेल सौदे को नुकसान पहुंचाया। ऐसा दस्तावेज दुनिया के किसी भी देश की सरकार गिरा सकता था। लेकिन यहां कुछ नहीं हुआ।

### किसान कानूनों का समर्थन और सरकार का विरोध करने पर जेटली ने धमकाया

उन्होंने लंबे समय तक सुर्खियों में रहे एक अन्य ज्वलंत मुद्दे- किसान कानून का उल्लेख करते हुए कहा, मुझे याद है जब मैं कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, तो अरुण जेटली जी को मुझे धमकाने के लिए भेजा गया था। बकौल राहुल गांधी, अरुण जेटली ने उनसे कहा था, अगर आप सरकार का विरोध करते रहे और कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ते रहे, तो हमें आपके खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। मैंने उनकी तरफ देखा और कहा, मुझे नहीं लगता कि आपको इस बात की सही जानकारी है कि आप किससे बात कर रहे हैं।

### जब एक साल से अधिक समय तक चला प्रदर्शन.. पीएम मोदी को माफी मांगनी पड़ी

बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी की सीमा पर पंजाब-हरियाणा समेत कई राज्यों के किसानों ने अगस्त, 2020 में लंबे विरोध-प्रदर्शन की शुरुआत की थी। इसके बाद पीएम मोदी ने इन तीन कानूनों को वापस लेने का एलान नवंबर, 2021 में किया था।

### मैं राजा नहीं... बनना भी नहीं; ऐसे कॉन्सेप्ट का विरोधी

राहुल गांधी के संबोधन के समय जब सभा में मौजूद लोगों ने उनके समर्थन में नारे लगाने शुरू किए तो राहुल ने कहा, मैं राजा नहीं हूं। राजा बनना भी नहीं चाहता हूं। मैं राजा के कॉन्सेप्ट के खिलाफ हूं।

### समर्थकों का नारा: देश का राजा कैसा हो, राहुल गांधी जैसा हो

राहुल के ऐसा कहने से पहले वार्षिक कानूनी सम्मेलन-2025 में कांग्रेस सांसद के समर्थकों ने देश का राजा कैसा हो, राहुल गांधी जैसा हो का नारा लगाया। इसी के जवाब में राहुल ने खुद को राजा कॉन्सेप्ट का विरोधी बताया।

### कई राज्यों से दिल्ली पहुंचे हैं कांग्रेस के कद्दावर नेता

बता दें कि इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री सलमान खुर्शीद, केरल की वायनाड सीट से निर्वाचित कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी समेत कई अन्य दिग्गज भी शरीक हो रहे हैं।

# प्रज्वल रेवन्ना की कोर्ट से गुहार

## बोले राजनीति में तेजी से बढ़ना मेरी सबसे बड़ी गलती

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दुष्कर्म के मामले दोषी पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने कोर्ट से गुहार लगाई है। कोर्ट के फैसले से पहले कम सजा की मांग करते हुए प्रज्वल रेवन्ना ने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया। राजनीति में तेजी से बढ़ना मेरी सबसे बड़ी गलती थी। बंगलूरू की विशेष अदालत 34 वर्षीय प्रज्वल को उसके खिलाफ दर्ज चार यौन शोषण और दुष्कर्म के मामलों में से एक में दोषी ठहराते हुए सजा एलान करने वाली है। कोर्ट से सजा कम करने की मांग करते हुए प्रज्वल रो पड़े। उन्होंने कहा कि वह बीई मैकेनिकल स्नातक हैं और हमेशा मेरिट से पास हुए हैं। वे कहते हैं कि मैंने कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया है, लेकिन कोई भी महिला स्वेच्छा से शिकायत करने के लिए सामने नहीं आई है। वे पिछले साल लोकसभा चुनाव से छह दिन पहले आई थीं। अभियोजन पक्ष उन्हें जानबूझकर लाया और उनसे शिकायत दर्ज कराई। रेवन्ना ने बताया कि पीड़िता ने कथित दुष्कर्म के बारे में अपने पति या रिश्तेदारों सहित किसी से शिकायत नहीं की थी, लेकिन जब कुछ वीडियो प्रसारित किए गए तो उसने आकर शिकायत दर्ज कराई। प्रज्वल ने कहा कि मेरा एक परिवार है। मैंने छह महीने से अपने माता-पिता को नहीं देखा है। मैं अदालत से अनुरोध करता हूं कि कृपया मुझे कम सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन में एकमात्र गलती यह की है कि मैं राजनीति में तेजी से आगे बढ़ा।

### एमपी-एमएलए कोर्ट ने ठहराया दोषी

एमपीएमएलए विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने शुक्रवार को 34 वर्षीय प्रज्वल को उसके खिलाफ दर्ज चार यौन शोषण और बलात्कार के मामलों में से एक में दोषी ठहराया था। अभियोजन पक्ष के वकीलों ने सजा सुनाए जाने से पहले सुनवाई के दौरान प्रज्वल रेवन्ना के लिए आजीवन कारावास की मांग की।

### क्या है मामला

एक फार्महाउस में सहायिका के रूप में काम करने वाली महिला ने आरोप लगाया था कि 2021 में उसके साथ दो बार हासन फार्महाउस और बंगलूरु स्थित आवास पर दुष्कर्म किया गया। आरोपी ने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया।

# पूर्व सांसद ने फर्जी कंपनियां बना की धोखाधड़ी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक (एएनएससीबी) धोखाधड़ी के मामले में अंडमान निकोबार द्वीप समूह में अपना पहला तलाशी अभियान चलाया है। 31.07.2025 को पोर्ट ब्लेयर और उसके आसपास 9 स्थानों और कोलकाता में 2 स्थानों पर तलाशी ली गई। इसके अलावा, 31.07.2025 को तलाशी के दौरान पहचानी गई कुछ फर्जी कंपनियों और अन्य के संबंध में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 10 और स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। आरोप है कि पूर्व सांसद ने फर्जी कंपनियां बनाकर सहकारी बैंक के साथ की धोखाधड़ी की है। 500 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण सुविधाएं लेकर बैंक को नुकसान पहुंचाया। ईडी ने अंडमान निकोबार पुलिस के अपराध और आर्थिक अपराध द्वारा विभिन्न निजी व्यक्तियों और बैंक के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले में जांच शुरू की थी। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में तलाशी के दौरान, एएनएससी बैंक द्वारा ऋण और ओवरड्राफ्ट सुविधाओं के अनुदान में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की ओर इशारा करते हुए विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। अब तक एकत्र किए गए साक्ष्य बताते हैं कि बैंक की निर्धारित प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों की अनदेखी करके विभिन्न फर्मों और फर्जी कंपनियों के नाम पर 100 से अधिक ऋण खातों के माध्यम से ऋण सुविधाएं प्रदान की गईं। तलाशी में लगभग 100 करोड़ रुपये की संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। तलाशी से यह भी पता चला है कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कई फर्जी कंपनियां बनाईं। इन संस्थाओं/कंपनियों ने अंडमान एवं निकोबार राज्य सहकारी बैंक से धोखाधड़ी से 500 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण सुविधाएं लीं। ऋण राशि को विभिन्न फर्जी संस्थाओं के माध्यम से डायवर्ट और गबन किया गया। यह भी पता चला है कि इन ऋणों का एक बड़ा हिस्सा नकद में निकाला गया और पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा सहित वरिष्ठ बैंक अधिकारियों को रिश्वत के रूप में भुगतान किया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा हाल तक अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्यरत थे। मामले में आगे की जांच जारी है।

# अमेरिका से ट्रेड डील पर मैक्रों का सख्त रुख

## बोले, ट्रंप को अब ईयू की ताकत दिखानी पड़ेगी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका के साथ हुई हालिया व्यापार वार्ता पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ को इन चर्चाओं में उतना डर नहीं लगा जितना लगना चाहिए था। उन्होंने यह भी साफ किया कि आगे की बातचीत में यूरोप को अधिक सख्ती दिखानी होगी और फ्रांस इस दिशा में मजबूती से खड़ा रहेगा। कैबिनेट बैठक में मैक्रों ने कहा कि यह मुद्दा अभी खत्म नहीं हुआ है। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने बैठक में दो टूक कहा कि स्वतंत्र होने के लिए पहले शक्तिशाली और भयभीत करने वाला होना पड़ता है। उन्होंने स्वीकार किया कि अमेरिका के साथ हुई व्यापारिक बातचीत के दौरान ईयू को पर्याप्त गंभीरता और ताकत के साथ पेश नहीं किया गया।

### 15 प्रतिशत टैरिफ पर बनी सहमति

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच हुई वार्ता के बाद यह करार हुआ। समझौते के अनुसार, अब यूरोपीय संघ के अधिकांश निर्यात पर अमेरिका में 15 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। यह दर ट्रंप-पूर्व स्तर से अधिक है, लेकिन प्रस्तावित 30 प्रतिशत से कम है।

### अमेरिका से ऊर्जा आयात की भी शर्त

इस डील के तहत यूरोपीय संघ ने अमेरिका से तीन वर्षों में 750 अरब डॉलर मूल्य की तरलीकृत प्राकृतिक गैस , तेल और परमाणु ईंधन खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा, अमेरिका में 600 अरब डॉलर के निवेश की भी योजना है। मैक्रों ने इसे संभावनाओं वाला समझौता बताया, जो निकट भविष्य के लिए स्थिरता देगा और फ्रांसीसी-यूरोपीय निर्यात हितों को संरक्षित करेगा।

### आगे की बातचीत में बदलाव की जरूरत

फ्रांस के वित्त मंत्री एरिक लॉम्बार्ड ने भी मैक्रों की चिंता का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि कुछ महत्वपूर्ण चरणों में यूरोपीय संघ की वार्तात्मक शैली में ऊर्जा और दृढ़ता की कमी थी। लॉम्बार्ड के अनुसार, आगे की बातचीत में ईयू को अपने प्रभाव और रणनीतिक सोच को मज़बूत करना होगा।

### मैक्रों ने नई छूटों की जताई उम्मीद

मैक्रों ने आगे कहा कि इस समझौते की आगामी चर्चा में ईयू को कुछ नए छूट या रियायतें मिल सकती हैं। उन्होंने यह भी दोहराया कि फ्रांस हमेशा से स्पष्ट और कठोर रुख अपनाने वाला देश रहा है, और यही नीति आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने यूरोप को शक्ति के रूप में खुद को देखने की ज़रूरत पर बल दिया।

# लाल कुआं में नाले के लोहे के जाल की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए तीन चोर

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद के लाल कुआं क्षेत्र में चोरी घटना सामने आई है। बीती रात तड़के सुबह करीब पौने चार बजे, कौशिक इलेक्ट्रिकल्स के सामने भारत गैस एजेंसी के पास नाले के ऊपर रखे लोहे के जाल को तीन चोर उठा ले गए । यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे चोरों की करतूत उजागर हुई। बेखौफ बदमाशों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिए जाना अब चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज को आधार बनाकर मामले की कार्यवाही में लगी है। घटित घटना में सीसीटीवी फुटेज में तीन चोर एक ई-रिक्शा में सवार होकर घटनास्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने नाले के ऊपर रखे लोहे के जाल को बड़ी सावधानी से हटाया और उसे ई-रिक्शा में लादकर फरार हो गए। खास बात यह है कि चोरों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए ई-रिक्शा की नंबर प्लेट पर काला पेंट पोत रखा था, ताकि उनकी गाड़ी की पहचान नहीं हो सके। चोरी की लगातार घटनाएं बढ़ती घटनाएं नागरिकों को आक्रोशित कर रही है। इसके साथ ही सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। स्थानीय दुकानदारों ने पुलिस से इस मामले में त्वरित कार्रवाई और नियमित गश्त बढ़ाने की मांग किया है।

### 1200 करोड़ का अवैध खनन, सरकार को भारी नुकसान तो खुद कमाया लाभ, धोखा देने के लिए बनाई समान नाम वाली फर्म

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुख्यालय कार्यालय, नई दिल्ली ने हरियाणा के भिवानी जिले के तोशाम गांव में स्थित दादम हिल में मेसर्स गोवर्धन माइंस एंड मिनरल्स, मेसर्स सुंदर मार्केटिंग एसोसिएट, वेदपाल सिंह तंवर, रमन सोखल और अन्य द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत किए गए अवैध खनन के मामले में 28.07.2025 को 17.68 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। ईडी ने पर्यावरण संरक्षण (ईपी) अधिनियम, 1986 के तहत हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी। इसके बाद, हरियाणा पुलिस ने भी मेसर्स गोवर्धन माइंस एंड मिनरल्स (जीएमएम), रमन सोखल और अन्य के खिलाफ आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की।

# अमेरिका के साथ एफ-35 लड़ाकू विमानों पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं: कीर्ति वर्धन सिंह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा को एक लिखित उत्तर में बताया कि अमेरिका के साथ एफ-35 लड़ाकू विमानों पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। वे कांग्रेस सांसद बलवंत बसवंत वानखड़े की ओर से पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे, जिन्होंने सैन्य सहायता पर अमेरिका के साथ संबंधों के बारे में सवाल पूछा था। मंत्री ने लिखित उत्तर में कहा, प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रंप के साथ बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में उल्लेख किया गया था कि अमेरिका भारत को स्त्र-35 और अंडरवाटर सिस्टम सौंपने की अपनी नीति की समीक्षा करेगा। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी तक कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है।

### किसी को मध्यस्थता करने की अनुमति नहीं दी गई

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोकने में अमेरिका की भूमिका पर राज्य मंत्री ने कहा कि अमेरिका समेत विभिन्न देशों के साथ कई राजनयिक बातचीत हुई है, लेकिन किसी को मध्यस्थता करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने पर चर्चा सीधे भारत और पाकिस्तान के बीच हुई थी। इसकी शुरुआत पाकिस्तान के अनुरोध पर हुई थी।

### 'पाकिस्तान के अनुरोध पर संघर्ष पर लगाया गया विराम'

उन्होंने कहा, अमेरिका के संदर्भ में 9 मई को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को यह बताया गया था कि यदि पाकिस्तान कोई बड़ा हमला करता है तो भारत उचित जवाब देगा। सैन्य कार्रवाई रोकने पर चर्चा भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों सशस्त्र बलों के बीच मौजूदा संचार माध्यमों के जरिए सीधे हुई। यह पाकिस्तान के अनुरोध पर शुरू की गई थी।

### लंबित मुद्दों पर केवल द्विपक्षीय रूप से चर्चा की जाएगी

जब उनसे भारत और पाकिस्तान के बीच किसी तीसरे की मध्यस्थता को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ लंबित मुद्दों पर केवल द्विपक्षीय रूप से चर्चा की जाएगी। हमारा दीर्घकालिक रुख यह है कि पाकिस्तान के साथ किसी भी लंबित मुद्दे पर केवल द्विपक्षीय रूप से चर्चा की जाएगी। यह बात सभी देशों को स्पष्ट कर दी गई है।

### सरकार ने और क्या कहा?

उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी हमारे नागरिकों के बीच आपसी विश्वास, साझा हितों, सद्भावना और मजबूत जुड़ाव पर आधारित है। इस साझेदारी को बढ़ते रणनीतिक साझेदारी और सहयोग से भी लाभ हुआ है। भारत सरकार, रक्षा और रणनीतिक क्षेत्रों सहित अपनी सभी बाहरी साझेदारियों का राष्ट्रीय हित और रणनीतिक स्वायत्तता के प्रति प्रतिबद्धता के दृष्टिकोण से बारीकी से मूल्यांकन करती है।

# चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर आईएसएस पर पहुंचा स्पेसएक्स, 15 घंटे में पूरा किया सफर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पेरिस

स्पेसएक्स कैप्सूल शनिवार को चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा। नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होने के बाद से लेकर स्टेशन तक पहुंचने में कैप्सूल ने 15 घंटे का समय लिया। अंतरिक्ष स्टेशन पर गए चार अमेरिकी, रूसी और जापानी अंतरिक्ष यात्री स्टेशन पर छह महीने बिताएंगे और परिक्रमा करेंगे। इसके अलावा स्पेसएक्स आईएसएस में पहले से मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर बुधवार तक वापस आएगा। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर नासा के जेना कार्डमैन और माइक फिन्के, जापान के किमिया युई और रूस के ओलेग प्लाटोनोव गए हैं। जैसे ही कैप्सूल ने दक्षिण प्रशांत महासागर के ऊपर डॉक किया तो फिन्के ने रेडियो पर कहा कि हैलो, अंतरिक्ष स्टेशन। अब अंतरिक्ष स्टेशन पर यात्रियों की कुल संख्या अस्थायी रूप से 11 हो गई। उनका स्वागत करने वाले अंतरिक्ष यात्रियों ने उनके लिए ठंडे पेय और गर्म भोजन की व्यवस्था की थी। बता दें कि जेना कार्डमैन और एक अन्य अंतरिक्ष यात्री को पिछले साल स्पेसएक्स की एक उड़ान से नासा ने भेजा था। जब बोइंग स्टारलाइनर परीक्षण के लिए पायलट बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स को भेजा गया तो कार्डमैन को वापस बुला लिया गया था। वहीं माइक फिन्के और किमिया युई को पहले स्टारलाइनर मिशन के लिए प्रशिक्षण लेने जाना था।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के अवसर पर गाजियाबाद में भी हुआ भव्य आयोजन

■ हजारों किसानों ने लिया सीधा प्रसारण में भाग

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के किसानों को आर्थिक सहायता देने हेतु प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त शनिवार को जारी किया। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन मुरादनगर ब्लॉक कार्यालय, रजापुर ब्लॉक कार्यालय एवं गोविंदपुरम मंडी स्थल पर भव्य आयोजन कर प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक संबोधन का सीधा प्रसारण कार्यक्रम प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना किसानों को न केवल आर्थिक मजबूती देती है, बल्कि उन्हें सम्मान भी प्रदान करती है। इस किश्त के अंतर्गत प्रत्येक पात्र किसान के खाते में 2,000 की राशि सीधे ट्रांसफर की गई, जिससे अब तक की कुल सहायता राशि 40,000 हो चुकी है। पूरे देश के किसानों के खाते में अब तक पौने चार लाख करोड़ रुपये की बड़ी राशि पहुंच चुकी है। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के हित में लिया गया यह निर्णय उनकी किसानों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गाजियाबाद महानगर भाजपा ने इस अवसर को जनभागीदारी के उत्सव में बदला है। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों की आर्थिक स्थिरता को नई दिशा दी है। यह योजना मोदी सरकार की किसान-समर्पित नीति की मिसाल है। ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी ने कहा कि गांव-गांव तक इस योजना का लाभ पहुंच रहा है। किसान आज आत्मविश्वास से भरे हैं और यह परिवर्तन प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों का परिणाम है। गाजियाबाद महानगर भाजपा ने इस ऐतिहासिक दिन को संकल्प दिवस के रूप में मनाया और प्रधानमंत्री की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निश्चय दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, भाजपा नेता राहुल चौधरी डैनी, अमरदत्त शर्मा, अरविंद भारतीय, बॉबी त्यागी, कामेश्वर त्यागी, प्रदीप चौधरी , अमित रंजन, वीरेंद्र सारस्वत सहित महानगर के 20 मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष पंकज भारद्वाज और बड़ी संख्या में किसान बंधुओं ने भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)